

सूर्योदय प्रातः 5:05 | सूर्यास्त संध्या 6:39 | ज्येष्ठ शु . पूर्णिमा, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 31° न्यूनतम 25°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, सोमवार, 29 जून 2026, वर्ष : 17, अंक : 135, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions



# 1,042 नव चयनित इंटर एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्यों का

# नियुक्ति-पत्र वितरण समारोह

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री राधाकृष्ण किशोर**

माननीय मंत्री, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्य कर विभाग एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड

**श्री संजय प्रसाद यादव**

माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, उद्योग विभाग, झारखण्ड

29 जून, 2026 | अपराह्न 1:00 बजे

टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव, रांची



PR- 383463 (School Education and Literacy) 26-27

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड

## एक झलक

### वार्ड संख्या 12 व 13 में युवाओं के बीच फुटबॉल का किया गया वितरण



**गोला (रामगढ़) :** रविवार को गोला पंचायत अन्तर्गत कालीनाथ चौक (वार्ड सं. 12 एवं 13) में युवाओं के बीच खेल को प्रोत्साहित करने हेतु फुटबॉल वितरण किया गया। इस अवसर पर युवा आजसू जिला प्रभारी विशु रजवार, आजसू पार्टी पंचायत अध्यक्ष आतेश पोद्दार, अंकित कुमार, बिक्की सोनकर सहित अन्य कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय युवा उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशु रजवार ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं के शारीरिक, मानसिक एवं व्यक्तित्व विकास का सशक्त साधन है। उन्होंने कहा कि खेल से अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का विकास होता है।

### राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत बच्चों को दी गयी खुराक



**दुलमी (रामगढ़) :** दुलमी प्रखंड के सिरु पोलियो बूथ में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर किया। इस अवसर पर सुधीर मंगलेश ने कहा कि पोलियो उन्मूलन के लिए यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक दिलाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है, ताकि आने वाली पीढ़ी इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रह सके एवं सम्पूर्ण भारत पोलियो मुक्त हो। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं और किसी भी बच्चे को इस अभियान से वंचित न रहने दें। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी रही।

### पड़हा स्वशासन व्यवस्था रांची जिला इकाई के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण



**बेड़ो :** महादानी मैदान स्थित रंगमंच पर रविवार को परंपरागत पड़हा स्वशासन व्यवस्था रांची जिला इकाई के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजन किया गया। समारोह में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। शपथ लेने वालों में जिला बेल (अध्यक्ष) सहिंद्र लकड़ा बेड़ो, जिला दीवान (सचिव) कांके, उप दीवान (उप सचिव) एतवा उरांव चान्हो, जिला कहवो (सामाजिक न्यायाधीश) चुमनु उरांव चान्हो, जिला रकम उर्वस (कोषाध्यक्ष) खददी उरांव मांडर, जिला मुख्य सलाहकार लखी राम बड़ाईक नगड़ी, जिला उप सलाहकार दिलीप भगत बेड़ो व जिला कोटवार राहुल मुंडा बुढ़मू शामिल रहे।

### बेड़ो में वज्रपात की चपेट में आने से युवा किसान की मौत



**बेड़ो :** प्रखंड के सेमरा गांव में रविवार की दोपहर वज्रपात की चपेट में आने से 25 वर्षीय युवा किसान रवि तिग्गा की मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है। पंचायत के मुखिया नीरज कुजूर व उपमुखिया विजय उरांव व चारो उरांव ने बताया कि सेमरा निवासी रवि तिग्गा, पिता देवेंद्र तिग्गा, रविवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे गांव के गुड़गुड़िया दोन के समीप खेत में बंधे मवेशी को लाने गया था। इसी दौरान तेज गरज-चमक के साथ अचानक वज्रपात हुआ। वज्रपात की चपेट में आने से रवि तिग्गा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मुखिया ने बेड़ो अंचलाधिकारी राज कुंवर सिंह व थाना प्रभारी कफील अहमद को सूचना दी। सूचना पर बेड़ो थाना के एएसआई अक्षय कुमार सिंह सशस्त्र बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी ली और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए थाना ले आए। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को सोमवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा जाएगा। वहीं युवा किसान की मौत से घर में कोहराम मच गया है। पत्नी सुमती उरांव सहित सभी स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घर के एकमात्र कमाने वाले की मौत से परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। मुखिया नीरज कुजूर ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए पीड़ित परिवार को प्राकृतिक आपदा मद से शीघ्र मुआवजा देने की मांग प्रशासन से की है, ताकि परिवार को कुछ राहत मिल सके।

## रामगढ़ जिले में पल्स पोलियो अभियान का हुआ शुभारम्भ

# 1,71,477 बच्चों को दी जायेगी 'दो बूंद जिंदगी की'

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिले में राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस के तहत रामगढ़ सदर अस्पताल में रविवार को पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान आरंभ हुआ। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक ममता देवी और विशिष्ट अतिथि उपायुक्त ऋतुराज ने संयुक्त रूप से किया। अवसर पर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनिल कुमार भी उपस्थित रहे। इस दौरान बताया गया कि तीन दिवसीय अभियान के क्रम में रामगढ़ जिले के 1,71,477 बच्चों (0 से 5 वर्ष तक) को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। इसके लिए पूरे जिले के सुदूरवर्ती गांवों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक व्यापक तैयारियां की गई हैं, ताकि कोई भी बच्चा इस सुरक्षा चक्र से वंचित न रहे। उद्घाटन के उपरांत विधायक ममता देवी, उपायुक्त ऋतुराज और सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से छोटे बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई। अतिथियों ने अपील करते हुए कहा कि बच्चों को पोलियों की बिमारी से बचाने के लिए सभी अपनी भागीदारी जरूर सुनिश्चित करें। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ममता देवी ने कहा कि भारत ने पोलियो पर विजय प्राप्त कर लिया है, लेकिन इस सुरक्षा चक्र को बनाए रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। जिले का एक भी बच्चा इस सुरक्षा कवच से छूटना नहीं चाहिए। वहीं उपायुक्त ऋतुराज ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि 1,71,477 बच्चों के इस शत-प्रतिशत लक्ष्य को हासिल करने के लिए सुदूरवर्ती क्षेत्रों और संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे अपने बच्चों को नजदीकी बूथ पर जरूर ले जाएं। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि पहले दिन बूथों पर दवा पिलाई जा रही है। इसके बाद स्वास्थ्य कर्मियों की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को कवर करेंगी। उद्घाटन समारोह में जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ. ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह, जिला कुष्ठ पदाधिकारी डॉ. तुलिका रानी, जिला टीबी पदाधिकारी डॉ. स्वराज, और सदर अस्पताल के जिला शल्य चिकित्सक डॉ. हरेन चंद्र महतो सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।




## सीसीएल ने रजरप्पा मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की मैट की व्यवस्था



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़) :** श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र द्वारा रजरप्पा स्थित माँ छिन्नमस्ता मंदिर प्रांगण में आने-जाने वाले मार्गों पर विशेष मैट बिछाए गए हैं। इस पहल का उद्देश्य भीषण गर्मी के दौरान लंबी कतारों में खड़े श्रद्धालुओं को तपती जमीन से राहत प्रदान करना तथा वर्षा ऋतु में फिसलन से सुरक्षा सुनिश्चित करना है। गर्मी के मौसम में इन मैटों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जाएगा, जिससे इनकी सतह ठंडी बनी रहे और श्रद्धालुओं को नंगे पैर चलने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं, वर्षा के दौरान यही मैट फिसलन को कम कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक राजीव सिंह ने कहा कि रामगढ़ के उपायुक्त के सुझाव पर श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सीसीएल द्वारा इस कार्य का निष्पादन कराया गया है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु एवं पर्यटक रजरप्पा मंदिर पहुंचते हैं और इस व्यवस्था से सभी को विशेष लाभ मिलेगा। मंदिर परिसर में मैट बिछाने का कार्य मंदिर न्यास समिति की देखरेख में संपन्न कराया गया, ताकि श्रद्धालुओं की आवाजाही वाले सभी प्रमुख स्थानों पर मैट का उचित एवं प्रभावी ढंग से उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। कार्य के दौरान सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के उप प्रबंधक (सामुदायिक विकास) आशीष झा भी उपस्थित थे। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए किए गए इस प्रयास की स्थानीय लोगों एवं मंदिर आने वाले भक्तों ने सराहना की है।

## भुरकुंडा में कांग्रेस पतरातू प्रखंड कमेटी ने की बैठक

# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर दिये गये निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** कांग्रेस पार्टी पतरातू प्रखंड कमेटी की बैठक रविवार को मतकमा चौक स्थित शगुन मैरिज हॉल में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष देवानन्द प्रसाद और संचालन असगर अली ने किया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बड़कागांव विधानसभा के प्रभारी नवीन कुमार और दिनेश मुंडा उपस्थित थे। बैठक के दौरान प्रत्येक बूथ पर बीएलए 2 बनाने और आगामी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर चर्चा की गई। मुख्य अतिथियों ने सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से कहा कि हर बूथ पर पार्टी के 2 बीएलए अवश्य बनाए जाएं।उन्होंने यह भी कहा कि 30 जून 2026 से मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू होने जा रहा है। इसलिए सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व बनता है कि इस प्रक्रिया में किसी भी योग्य मतदाता का नाम न छूटे और न ही कटे। यदि किसी का नाम किसी कारणवश छूट गया है या कट गया है तो दस्तावेज के आधार पर उसका नाम जुड़वाने का काम किया जाए। बैठक में चमनलाल, रंजीता करमाली, अमर यादव, प्रदीप साहू, असगर अली, बालदेव राम, नईम अंसारी, मदन दांगी, रामा ठाकुर, बंटी, दुर्गाचरण प्रसाद, शिवनारायण यादव, रामाकांत दुबे, आलम अंसारी, छोटेलाल बेदिया, मो. रियाज, लछिदर राम, उमेश मुंडा, मुख्तार अंसारी, बारिक अंसारी, जिलानी अंसारी, रामशरण गिरी, राजेश बेदिया, फिरदोस आलम, देवानन्द यादव, कार्तिक महतो, तौफिक अंसारी, ललित कुमार, संतोष प्रसाद, चंदन सहित अन्य उपस्थित थे।

## भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह का भुरकुंडा में हुआ स्वागत



**भुरकुंडा :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह रविवार को गृहक्षेत्र भुरकुंडा पहुंचे। उनके आगमन पर भुरकुंडा पंचायत भवन के निकट भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। अविनेश सिंह को भाजपा की नवगठित प्रदेश कमेटी में पुनः प्रवक्ता मनोनीत किए जाने पर भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष अजय पासवान ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और बधाई दी। इसके उपरांत अविनेश सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठ पीएम मोदी की मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुना। मौके पर जुगल नायक, सतीश मोहन मिश्रा, विजय सिंह, सतीश पाठक, राहुल कुमार झा, लक्ष्मी देवी, सुमन देवी, राजन प्रसाद, उत्तम कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# नशामुक्त समाज का निर्माण ही लक्ष्य : डालसा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** न्यायामूर्ति.सह.कार्यपालक अध्यक्ष झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा निर्देश पर, माननीय सदस्य सचिव झालसा कुमारी रंजना अस्थाना एवं माननीय न्यायायुक्त.सह.अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा.1 के मार्गदर्शन में डालसा सचिव राकेश रौशन की उपस्थिति में बुढ़मू प्रखण्ड में डॉन अभियान के तहत नशा मुक्ति पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीएलवी गणेश कुमार कुमार, बंधु उरांव, दीपक मुंडा, सादिक अली समेत अन्य लोग उपस्थित थे। गणेश कुमार ने एनडीपीएस एक्ट के बारे में वहां पर उपस्थित लोगों को जानकारी दी तथा इससे संबंधित कठोर कानून के बारे में विस्तार से बतलाया। उन्होंने कहा कि डालसा का रांची में रिनपास और सीआईपी में लिगल.ऐड.क्लिनिक है, जहां नशा से मुक्ती केंद्र में पीएलवी उपलब्ध रहते है और उनको सहायता प्रदान करते है। दीपक मुंडा ने कहा कि सीआईपी और रिनपास में जिला विधिक सेवा प्राधिकार का लिगल एड क्लिनिक है, जहां नशा करनेवाले व्यक्तियों को ईलाज किया जाता है। बंधु उरांव ने आगे नशा से संबंधित पदार्थों के बारे एवं सजा के प्रावधानों के बारे में भी जानकारी दी। सादिक अली ने कहा कि नशा हमारे देश को खोखला कर रहा है। नशा से बचने के लिए लोगों को जागरूक करना आवश्यक है। उन्होंने आगामी 12 सितम्बर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी भी दी। आगे डालसा के पीएलवी ने वृद्धा पेंषनए विधवा पेंषनए बाल श्रम एवं बाल विवाह की जानकारी दी।




## बेड़ो में पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ, नवजातों को पिलायी गयी खुराक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की गई। विधायक प्रतिनिधि नवल किशोर सिंह, मुखिया सुशांति भगत, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. सुनील जॉर्ज कंडुलना, डा निगार और डा अंजलि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद सभी अतिथियों ने नवजात शिशुओं को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान की शुरूआत की। इस दौरान सीएचसी में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी गई। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा कंडुलना ने अभिभावकों से अपील की कि दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरारर के नारे को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि एक भी बच्चा दवा पीने से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करें। पोलियो की दवा पूरी तरह सुरक्षित है, सभी अपने बच्चों को जरूर पिलाएं। कार्यक्रम में बीपीएम अमिता लाल, रंजीत साहू, पंकज शर्मा, सरिता मंजू, विवियाना, कांति देवी, राजेश ठाकुर, रविंद्र वर्मा, राजीव कुमार समेत स्वास्थ्य कर्मी और स्थानीय लोग मौजूद थे।

## सयाल उत्तरी पंचायत में 459 बच्चों को दी गयी पोलियो की दवा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**उरीमारी :** पंचायत सयाल उत्तरी के सभी पांच केंद्रों में पल्स पोलियो दिवस के विशेष अभियान के तहत 459 बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई गयी। अभियान की शुरूआत मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र यादव एवं पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि वीरेंद्र पासवान के द्वारा 0 से 05 वर्ष तक के बच्चो को पोलियो ड्रॉप पिलाकर किया गया। मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र यादव ने कहा की भारत पोलियो मुक्त है लेकिन पोलियो कुछ देशों में अभी भी है और फिर भारत में लौट सकता है इसलिए अपने बच्चों की सुरक्षा में कोई चूक न हो और पोलियो की खुराक हर बार दिलाएं और पोलियो पर देश की जीत बनाए रखने में योगदान दें। अभियान को सफल बनाने में ए एन एम सरिता कुमारी, सहिया रेनू देवी, रिजवाना प्रवीण, आंगनवाड़ी सेविका सुलेखा बनर्जी, अंजू कुमारी, सोनम देवी सबिता देवी सहिया अनुराधा देवी, चंचला देवी, पूनम देवी, सुनीता देवी और वार्ड सदस्य कांति कुमारी ने विशेष योगदान दिया।

## 19 जुलाई को गुरुजी सदानंद महाराज जी का कार्यक्रम व गुरु पूर्णिमा को लेकर ट्रस्ट की बैठक सम्पन्न



**रांची :** पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट की एक महत्वपूर्ण बैठक ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में ट्रस्ट द्वारा संचालित विभिन्न धार्मिक एवं सेवा गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक का प्रमुख विषय आगामी गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं संत शिरोमणि स्वामी सदानंद जी महाराज के रांची आगमन की तैयारियां रहीं। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 19 जुलाई को स्वामी सदानंद जी महाराज के रांची आगमन पर श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में भव्य स्वागत किया जाएगा। एवं गुरु जी का प्रवचन एवं श्री कृष्ण कथा का भव्य कार्यक्रम होगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गईं।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर परिसर में भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष पूजा-अर्चना, गुरु वंदना, भजन-कीर्तन, सामूहिक आरती तथा प्रसाद वितरण जैसे आध्यात्मिक आयोजन होंगे, इसके अतिरिक्त 2 अगस्त को स्वामी सदानंद जी महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष उत्सव का आयोजन करने का भी निर्णय लिया गया।

## जनता की आवाज बना जनता दरबार : राज किशन त्रिपाठी ने सुनी ग्रामीणों की पीड़ा, किसानों को बांटे नि:शुल्क धान बीज



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** सरगडीह पंचायत के दुधमटिया गांव में भारतीय किसान मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राज किशन त्रिपाठी ने रविवार को जनता दरबार लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान किसानों के बीच निःशुल्क धान बीज का वितरण किया गया। साथ ही परचाण्डू मंदिर परिसर में अपने निजी खर्च से स्ट्रीट लाइट लगाने की घोषणा कर उन्होंने सामाजिक सरोकार की एक नई मिसाल पेश की। जनता दरबार में ग्रामीणों ने पंचायत क्षेत्र में विकास योजनाओं की अनदेखी, ग्राम सभा का नियमित आयोजन नहीं होने तथा पंचायत फंड के समुचित उपयोग नहीं होने जैसी कई समस्याएं रखीं। त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि पंचायतों में योजनाओं को शुरू करने से पहले ग्राम सभा कराना अनिवार्य है, लेकिन कई स्थानों पर इस प्रक्रिया की अनदेखी कर योजनाओं का मनमाने ढंग से क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिससे वास्तविक जरूरतमंद लाभार्थी वंचित रह जाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वृद्धजनों को बार-बार पंचायत बुलाया जाता है, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होता। इस दौरान मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, वृद्धा पेंशन योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं को लेकर भी ग्रामीणों के बीच विस्तार से चर्चा की गई। लोगों को इन योजनाओं की जानकारी दी गई और उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान कराने का आश्वासन भी दिया गया। त्रिपाठी ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय, सुविधा और सम्मान पहुंचाना है।

## एकल विद्यालय आचार्यों की त्रैमासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

# पंचमुखी शिक्षा पर हुआ मंथन, गंगा धर महतो ने दिया प्रशिक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** एकल अभियान बेड़ो अंचल के अंतर्गत संचालित एकल विद्यालयों के आचार्यों की तीस घंटे की त्रैमासिक समीक्षा बैठक रविवार को महादानी बाबा मंदिर परिसर स्थित सत्संग भवन में संपन्न हुई। बैठक में अंचल के सभी आचार्य उपस्थित रहे। बैठक में आचार्य गंगा धर महतो ने सभी आचार्यों को प्रशिक्षण दिया। बेड़ो अंचल एकल अभियान के अध्यक्ष डा रमेश प्रसाद गुप्ता ने आचार्यों को पंचमुखी शिक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एकल अभियान बच्चों की शिक्षा को केवल किताबों तक सीमित न रखकर उनके सर्वांगीण विकास, संस्कार, समाज और संस्कृति निर्माण से जोड़ता है। वहीं जनजाति सुरक्षा मंच के जिला अध्यक्ष जगरनाथ भगत ने आचार्यों को एकल अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया। समिति के सचिव विकास बन्टी रौनियार, सदस्य रंजीत खत्री, मनोहर कुमार व मुकेश गोप भी बैठक में मौजूद रहे। बैठक में विमला टोपनो, रूपरानी देवी, मुन्नी उरांव, मिथिला देवी, सरिता उरांव, बुधमनी उरांव, यशोदा देवी, लक्ष्मी देवी, सुमित्रा बरला, संदीप उरांव, सुभाष यादव, शंकर गोप, अंचल प्रमुख करमी देवी, अनिषा कुमारी, संजना देवी, चिरंजीवी देवी समेत सभी आचार्य उपस्थित थे।

## डाड़ी प्रखंड में बच्चों को दी गयी पोलियो की खुराक



**गिद्दी :** हजारीबाग जिले के डाड़ी प्रखंड अन्तर्गत विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों पर पोलियो का खुराक बच्चों को पिलाया गया। बताया गया कि तीन दिवसीय पल्स पोलियों अभियान के तहत शून्य से पांच वर्ष के सभी बच्चों को पोलियों की खुराक देनी है। जिससे भारत पोलियो मुक्त रहे। अभियान के पहले दिन डाड़ी और चुरचू प्रखंड के तकरीबन 2400 बच्चों को पोलियों की दवा दी गई। मौके पर सिलम कुमारी, सुपरवाइजर रामेशवर कुमार महतो, एएनम विनीता कुमारी, रानी कुमारी, मोती कुमारी, परवेज आलम, हीरामनी, मंजू कुमारी, सुभांत, श्रीकान्त सहित स्वास्थ विभाग के अन्य लोग शामिल रहे।

## बुढ़मू से ठाकुरगांव तक पदयात्रा

# सद्गुरु कबीर साहेब संस्था ने जन-कल्याण व जीव-दया का संदेश फैलाया

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू :** रविवार को बुढ़मू के सोसइ से प्रारम्भ होकर बुढ़मू और ठाकुरगांव तक सद्गुरू कबीर साहेब पंथ की ओर से विशाल पदयात्रा निकाली गई, जिसमें जीवन के प्रति दया और आत्मा पूजा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया गया। पदयात्रा के दौरान आयोजकों ने नारे लगाकर तथा पर्चे बांटकर सामाजिक सद्भाव, परोपकार व आध्यात्मिक जागरूकता का आह्वान किया। एसकेडीवी मिशन झारखंड की प्रदेश टीम इस पदयात्रा में प्रमुख रूप से उपस्थित रही। राज्य स्तरीय प्रतिनिधि महंत प्रकाश दास के नेतृत्व में राज्य उप-प्रतिनिधि महंत शीत बसंत दास, राज्य सलाहकार दिनेश महतो, राज्य युवा प्रतिनिधि राहुल कुमार दास, राज्य परोपकारी कृष्णा मेहता, राज्य महिला प्रतिनिधि कीर्ति कुमारी, राज्य उप महिला प्रतिनिधि अजरमती देवी, राज्य उप युवा प्रतिनिधि विवेक दास सहित सभी जिला, प्रखण्ड व ग्रामीण प्रतिनिधि मंडल और टीम के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की। पदयात्रा के आयोजकों ने बताया कि यह अभियान जन-कल्याण सेवा के उद्देश्य से निकाला गया है ताकि स्थानीय समाज में जीव दया, नस्ल-पंथ से ऊपर उठकर भाईचारा और आत्मा पूजा की शुद्ध परंपरा को प्रोत्साहन मिल सके। प्रतिभागियों ने मार्ग में लोगों से मिलकर जागरूकता अभियान चलाया तथा आवश्यक सामाजिक संदेश दिए। आयोजक दल ने कहा कि यह पहल निरंतर चलती रहेगी और भविष्य में और अधिक गांवों व कस्बों तक पहुंचने का लक्ष्य है। स्थानीय लोगों ने भी पदयात्रा का स्वागत किया और कहा कि ऐसे अभियानों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। कार्यक्रम के अंत में आयोजित छोटे से सभा में महंत प्रकाश दास ने सर्वसमाज को मानवता, आत्मिक सद्भाव और परोपकार की राह पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने आगे कहा कि संगठन भविष्य में स्वास्थ्य शिविर, साक्षरता एवं सामाजिक कल्याण से जुड़े और कार्यक्रम भी आयोजित करेगा।



## एकल विद्यालय ग्रामीण बच्चों के बीच शिक्षा व संस्कार का जगा रहा अलख

# 20 गांवों में 600 बच्चे ले रहे नि:शुल्क शिक्षा, पंचमुखी शिक्षा से हो रहा सर्वांगीण विकास

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के ग्रामीण और सुदूरवर्ती क्षेत्रों में शिक्षा की ज्योति जलाने में एकल विद्यालय अहम भूमिका निभा रहे हैं। प्रखंड के 20 गांवों में संचालित एकल विद्यालयों में करीब 600 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इन विद्यालयों के जरिए उन सुदूरवर्ती गांवों में भी बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है जहां शिक्षा की कोई व्यवस्था नहीं थी। यहां शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, नैतिक मूल्य और राष्ट्रभक्ति का पाठ भी पढ़ाया जा रहा है।

**पंचमुखी शिक्षा है आधार**

संच प्रमुख डा रमेश प्रसाद गुप्ता ने बताया कि एकल विद्यालय फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे इन विद्यालयों में प्राथमिक शिक्षा के साथ योग, खेल, संगीत, कहानी और नैतिक शिक्षा यानी पंचमुखी शिक्षा दी जाती है। इससे बच्चों का शारीरिक, मानसिक और चारित्रिक विकास एक साथ हो रहा है। यहां पढ़ने वाले ज्यादातर बच्चे दिहाड़ी मजदूर, किसान और आदिवासी परिवारों से आते हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल में बच्चे सबसे पहले ओम का उच्चारण और गायत्री मंत्र का तीन बार पाठ करते हैं। उसके बाद सरस्वती वंदना, मातृ प्रणाम, विजय मंत्र और ध्येय वाक्य का पाठ होता है। तभी पढ़ाई शुरू होती है। डा. गुप्ता ने कहा कि अक्सर देखा गया है कि बच्चों को अच्छी पढ़ाई तो मिल जाती है, लेकिन संस्कार की कमी रह जाती है। शुरूआती दौर में ही ये ज्ञान देने से बच्चे इसे अच्छे से सीखते हैं।





**दोपहर 03 से 06 बजे तक चलती हैं कक्षाएं**

आचार्य मनोहर कुमार बताते हैं कि प्रार्थना से दिन की शुरूआत होती है। बच्चों को हिंदी, गणित, सामान्य ज्ञान के साथ-साथ स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और बड़ों का सम्मान करना सिखाया जाता है। त्योहारों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम से बच्चों की प्रतिभा निखारी जाती है। वहीं शिक्षिका मुन्नी उरांव, विमला टोपनो, रूप रानी देवी व मिथिला देवी ने बताया कि एकल विद्यालय दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक चलते हैं। यह समय इसलिए रखा गया है ताकि अन्य स्कूल जाने वाले बच्चे भी 3 बजे के बाद यहां शिक्षा और संस्कार का पाठ पढ़ सकें। यहां निःशुल्क शिक्षा के साथ योग भी सिखाया जाता है।

**गांवों में जगा शिक्षा का अलख**

एकल विद्यालयों के कारण कई गांवों में पहली बार बच्चे स्कूल पहुंचे हैं। अभिभावकों का कहना है कि पहले बच्चे दिनभर खेलते या काम में लगे रहते थे। अब वे खुद समय पर विद्यालय जाते हैं और घर आकर पढ़ाई करते हैं। गांव में शिक्षा का माहौल बना है।

**समाज के सहयोग से चल रहा अभियान**

ये विद्यालय समाज के सहयोग और दान से चलते हैं। स्थानीय युवा बतौर आचार्य सेवा दे रहे हैं। संचालकों का कहना है कि मकसद सिर्फ साक्षर बनाना नहीं, बल्कि बच्चों को संस्कारी और जिम्मेदार नागरिक बनाना है ताकि वे गांव और देश के विकास में योगदान दे सकें।

## सामाजिक संगठन रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति ने महात्मा गांधी को पहनाया नया चश्मा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़) :** रामगढ़ शहर के गांधी चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा का चश्मा विगत कई महीनों पूर्व असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी कर लिया गया था। इस गंभीर विषय पर लंबे समय तक किसी का ध्यान नहीं गया, जिससे राष्ट्रपिता के सम्मान को ठेस पहुंच रही थी। इसकी जानकारी मिलने पर सामाजिक संगठन रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति (आरबीएसएस) के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस के नेतृत्व में संगठन के सदस्यों द्वारा गांधी चौक पहुंचकर महात्मा गांधी की प्रतिमा को विधिवत साफ कर स्नान कराया, माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की तथा नया चश्मा पहनाकर उन्हें सम्मान देने का कार्य किया गया। इस अवसर पर धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि सत्य, अहिंसा और राष्ट्र निर्माण के प्रतीक हैं। उनकी प्रतिमा के साथ किसी भी प्रकार की उपेक्षा या असम्मान पूरे समाज के लिए चिंताजनक है। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि राष्ट्रीय महापुरुषों के सम्मान और स्मारकों की गरिमा बनाए रखे। कार्यक्रम में रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति (आरबीएसएस) के सक्रिय सदस्य सुरेंद्र राम, अजय कुमार, सुबोध करमाली, रघुवरन स्वामी सहित कई गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।



सूर्योदय प्रातः 5:05 | सूर्यास्त संध्या 6:39 | पखवाड़ा ज्येष्ठ शु. पूर्णिमा, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 31° न्यूनतम 25°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, सोमवार, 29 जून 2026, वर्ष : 17, अंक : 135, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions


### शेयर बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 77,100.47 | 109.25 (0.14%) |
| निफ्टी | 24,056.00 | 34.35 (0.14%) |

### सर्राफा बाजार (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 143,950.00 |
| चांदी | 2450.00 |

## मन की बात : प्रधानमंत्री ने गिनायीं आत्मनिर्भर भारत की उपलब्धियां

# जनभागीदारी देश की सबसे बड़ी ताकत : मोदी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि जून का महीना भारत के लिए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, विमानन क्षेत्र की नयी उपलब्धियों, योग की वैश्विक स्वीकार्यता, जनभागीदारी, सामाजिक सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण जैसे अनेक प्रेरणादायक प्रयासों का साक्षी रहा है। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में हो रहे सकारात्मक बदलाव विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नयी शक्ति प्रदान कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने रविवार को 'मन की बात' के 135वें एपिसोड में देशवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2026 का आधा समय पूरा होने जा रहा है और बीते छह महीनों के दौरान देश ने अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। जून का महीना विशेष रूप से ऐसी सफलताओं और जनआन्दोलनों का साक्षी रहा है, जिन्होंने भारत की सामरिक क्षमता, तकनीकी दक्षता, सामाजिक चेतना और वैश्विक प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम एशिया में उत्पन्न युद्ध जैसी परिस्थितियों के बीच देशवासियों ने जिस जिम्मेदारी और जागरूकता का परिचय दिया है, वह भारत की सामूहिक शक्ति को दशार्ता है। सोने की खरीदारी सीमित करने, विदेश यात्राएं टालने, कार पूलिंग अपनाने और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने संबंधी उनकी अपील को लोगों ने सकारात्मक रूप से स्वीकार किया है। राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर देश एकजुट होकर कार्य करने के लिए सदैव तैयार रहता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अनेक परिवारों ने विवाह जैसे आयोजनों में नया सोना खरीदने के बजाय पुराने आभूषणों को पुनर्चक्रित कर उपयोग करने का निर्णय लिया है। बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी विदेश यात्राएं स्थगित की हैं और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दी है। लोग कार पूलिंग को अपना रहे हैं, जिससे पेट्रोल और डीजल की बचत हो रही है। विभिन्न राज्यों से प्राकृतिक उर्वरकों के उपयोग में वृद्धि की रिपोर्ट भी प्राप्त हो रही है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में उन्हें कोलकाता में नौसेना से जुड़े एक महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल होने का




अवसर मिला। आईएनएस दूनागिरी, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रय को भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया है। इन युद्धपोतों की डिजाइनिंग से लेकर निर्माण तक का संपूर्ण कार्य भारत में हुआ है। यह उपलब्धि केवल रक्षा क्षेत्र की सफलता नहीं, बल्कि भारत की तकनीकी क्षमता, इंजीनियरिंग कौशल और आत्मनिर्भरता का भी प्रमाण है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जून में देश ने विमानन क्षेत्र में भी एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। 'मेड इन इंडिया' सी-295 परिवहन विमान ने अपनी पहली सफल उड़ान पूरी की है। ऐसे 40 विमान भारत में ही निर्मित किये जा रहे हैं। इससे देश के एमएसएमई क्षेत्र, एयरोस्पेस उद्योग और कौशल विकास को नयी गति मिल रही है। साथ ही, युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर भी सृजित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इसी महीने डीआरडीओ ने स्वदेशी लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। यह उपलब्धि डीआरडीओ और भारतीय उद्योग जगत के साझा प्रयासों का परिणाम है। इससे भारत की रक्षा क्षमता और अधिक मजबूत हुई है तथा देश समुद्र से लेकर आकाश तक अपनी सुरक्षा को और सशक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति दुनिया के दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंच रही है। डोमिनिकन रिपब्लिक में 'ब्रह्मकमल डोमिनिकाना' नामक समूह के सदस्य वैदिक साहित्य का अध्ययन कर रहे हैं और वैदिक मंत्रों का उच्चारण सीख रहे हैं। यह भारत की सांस्कृतिक शक्ति और वैश्विक प्रभाव का प्रमाण है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मेघालय के जीवित जड़ पुल भारत की अद्वितीय धरोहर हैं। दशकों की मेहनत से तैयार ये पुल प्रकृति और मानव के बीच संतुलन का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। भारत ने इन्हें यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने के लिए आवेदन किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्थानीय समुदाय 120 से अधिक जड़ पुलों के संरक्षण का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने पद्म सम्मान से सम्मानित हाली वार के योगदान का भी उल्लेख किया, जिन्होंने अपना जीवन इन पुलों के संरक्षण को समर्पित किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस इस बार भी पूरी दुनिया को भारत की सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने में सफल रहा। दुनिया भर में 2,500 से अधिक स्थानों पर योग ● शेष पृष्ठ 11 पर

## 'मन की बात' में गूंजी मप्र के ब्यावरा की पर्यावरण क्रांति

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें संस्करण का रविवार को रेडियो से प्रसारण हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने इस कार्यक्रम में माध्यम से मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के ब्यावरा की बहनों के पर्यावरण क्रांति के अनुकरणीय प्रयासों का उल्लेख किया।

दरअसल, मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले की ब्यावरा शहर की बहनों के अनूठे प्रयास का जब प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में 'प्लास्टिक मुक्त अभियान' का उल्लेख किया, तो इस पल ने यहां के वाशिदों के मन में गौरव और सम्मान भर दिया। प्रधानमंत्री ने ब्यावरा की बहनों एवं पर्यावरण प्रेमी संस्थाओं द्वारा सामाजिक सरोकार से जुड़े इस अनुकरणीय प्रयास के लिए मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने



■ प्रधानमंत्री ने बहनों के प्रयासों को सराहा

■ प्लास्टिक कचरे से सार्वजनिक स्थानों को बनाया सुन्दर

अभियान को 'जनभागीदारी से सामाजिक परिवर्तन' और 'वेस्ट टू वेल्थ' का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए इसे पूरे देश के लिए प्रेरणादायी बताया।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा कि उन्हें राजगढ़ जिले के ब्यावरा की कुछ बहनों के बारे में जानने का अवसर मिला, जिन्होंने अपने आसपास फैले प्लास्टिक कचरे को हटाने का संकल्प लिया। उन्होंने किसी और के साथ देने और किसी बदलाव का इंतजार नहीं किया, बल्कि स्वयं आगे बढ़ कर पूरे शहर से प्लास्टिक कचरा और खाली बोतलों को एकत्र करना शुरू किया। देखते ही देखते यह पहल एक जन-आन्दोलन बन गया।

एकत्रित प्लास्टिक्स का पुनर्चक्रण (रि-सायकिल) कर उसका उपयोग शहर के सार्वजनिक स्थानों को और भी सुन्दर बनाने में किया जा रहा है। बीते कुछ महीनों के दौरान यहां सैकड़ों किलो प्लास्टिक का पुनर्चक्रण कर उसका बेहतर उपयोग किया गया है, जो प्लास्टिक कभी शहर में प्रदूषण फैलाता था, वही आज इन बहनों के प्रयासों से शहर की सुन्दरता बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहा है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## वीबी-जी राम जी योजना पर राज्यों की आपत्तियों का दावा, कांग्रेस ने केन्द्र सरकार को घेरा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) गारंटी योजना (वीबी-जी राम जी) को लेकर कई राज्यों द्वारा नयी योजना पर गम्भीर आपत्तियां जतायी जाने का दावा किया है। पार्टी के अनुसार, मध्य प्रदेश, बिहार और उत्तराखंड जैसे भाजपा शासित राज्यों ने राज्यों पर पड़नेवाले अतिरिक्त वित्तीय बोझ पर सवाल उठाये हैं। इसके अलावा कम से कम पांच राज्यों ने ग्रामीण श्रमिकों की मजदूरी बढ़ाने की मांग की है।



कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर कहा कि ग्रामीण विकास मंत्री के गृह राज्य की ओर से भी इस नयी योजना को लेकर चिन्ता व्यक्त की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार ने ग्रामीण विकास सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति, राज्य सरकारों और अन्य हितधारकों से पर्याप्त परामर्श किये बिना ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को समाप्त करने सम्बन्धी विधेयक संसद से पारित करा दिया। जयराम रमेश ने कहा कि मध्य प्रदेश, बिहार और उत्तराखंड ● शेष पृष्ठ 11 पर

## पाकिस्तान के आरोपों को भारत ने बताया निराधार

**नयी दिल्ली :** भारत ने कराची में हुई घटना को लेकर पाकिस्तान की ओर से लगाये गये आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए उन्हें निराधार बताया है। भारत ने कहा कि दूसरों पर उंगली उठाने के बजाय पाकिस्तान को अपने यहां मौजूद आतंकवादी ढांचे के खिलाफ विश्वसनीय कार्रवाई करनी चाहिए। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने रविवार को मीडिया के प्रश्नों के उत्तर में कहा कि भारत ने कराची की हालिया घटना को लेकर पाकिस्तान की रिपोर्टें देखी हैं, जिनमें भारत पर बेबुनियाद आरोप लगाये गये हैं।

## पीएम मोदी को सेशेल्स का 'गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन' सम्मान

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक खास समारोह में रविवार को सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी ने प्रतिष्ठित सम्मान 'गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन' से सम्मानित किया।

यह सम्मान प्रधानमंत्री को उनकी ग्रीन लीडरशिप (पर्यावरण-अनुकूल नेतृत्व), विकासशील देशों के हितों को आगे बढ़ाने की कोशिशों और 'ब्लू इकोनॉमी' (समुद्री अर्थव्यवस्था), जलवायु कार्रवाई, समुद्री संसाधनों के टिकाऊ प्रबंधन और छोटे द्वीपीय विकासशील देशों की विकास संबंधी आकांक्षाओं को बढ़ावा देने की उनकी लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता के लिए दिया गया है। यह पहली बार है जब यह खास सम्मान दिया गया है।

विदेश मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री ने यह सम्मान उन सभी देशों को समर्पित किया, जो पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह सम्मान, ऐसे समय में जब दोनों देश अपने राजनयिक सम्बन्धों के 50 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, उनकी खास दोस्ती को और मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभायेगा।

मंत्रालय के अनुसार यह सम्मान एक हरित ग्रह के प्रति प्रधानमंत्री की लम्बे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता को मान्यता देता है। इसमें इंटरनेशनल सोलर अलायंस, मिशन लाइफ ● शेष पृष्ठ 11 पर




### भारत-सेशेल्स सम्पर्क बढ़ाने पर होगा काम, यूपीआई करायेगा लागू



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को सेशेल्स स्टेट हाउस में राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के साथ आधिकारिक बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने हिंद महासागर क्षेत्र में शांति, समृद्धि और टिकाऊ विकास के लिए साझा प्रतिबद्धता को फिर दोहराया। इस दौरान सेशेल्स में यूपीआई लाने, सम्पर्क बढ़ाने और सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने से जुड़े समझौते हुए। विदेश मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति हर्मिनी ने भारत और सेशेल्स की ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### चम्बा में दर्दनाक सड़क हादसे में चार की मौत

**चंबा :** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में रविवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गयी। चुराह उपमंडल के नकरोड़-हिमगिरि डैम साइड मार्ग पर एक कार अनियंत्रित होकर लगभग 300 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसा इतना गंभीर था कि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार चारों लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार चुराह क्षेत्र से होकर गुजर रही थी। इसी दौरान किसी कारणवश चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और कार सड़क से नीचे गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस और प्रशासन को दी।

### तिनसुकिया में आतंकी साजिश नाकाम, चार गिरफ्तार

**तिनसुकिया :** असम पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर चलाये गये अभियान में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम-इंडिपेंडेंट (उल्फा-आई) की एक बड़ी आतंकी साजिश को विफल कर दिया है। तिनसुकिया जिला पुलिस ने रविवार को बताया कि इस मामले में अब तक कुल चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। तिनसुकिया के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मयंक कुमार ने मीडिया को बताया कि 26 जून को केन्द्रीय एजेंसियों और सुरक्षा बलों के सहयोग से लेखापानी थाना क्षेत्र के जागुन में चलाये गये खुफिया-आधारित अभियान के दौरान उल्फा (आई) के दो सक्रिय कैडरों को गिरफ्तार किया गया था।

### प्रोपेलर से प्रशिक्षु पायलट के घायल होने की जांच शुरू

**नयी दिल्ली :** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कानपुर के चकेरी हवाई अड्डे पर प्रशिक्षण उड़ान के दौरान हुई दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। मामले में सम्बन्धित फ्लाइट इंस्ट्रक्टर को जांच पूरी होने तक उड़ान प्रशिक्षण दायित्वों से हटा दिया गया है, जबकि घटना में शामिल विमान के संचालन पर रोक लगा दी गयी है। डीजीसीए ने रविवार को बताया कि 26 जून को गर्ग एविएशन के फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन (एफटीओ) का ट्विन इंजन टेक्नम पी2006टी विमान (वीटी-एनबीवी) चकेरी हवाई अड्डे पर रात्रिकालीन प्रशिक्षण उड़ान में लगा हुआ था।

## दिल्ली के दवा खरीद घोटाले में पूर्व डीजीएचएस समेत 02 गिरफ्तार

**करोड़ों की गड़बड़ी के आरोप**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग में दवा, सर्जिकल सामग्री और मेडिकल उपकरणों की खरीद में कथित रूप से करोड़ों के घोटाले की जांच कर रही भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तत्कालीन महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं (डीजीएचएस) डॉ. वत्सला अग्रवाल और सेंट्रल प्रोक्योरमेंट एजेंसी (सीपीए) के तत्कालीन डिप्टी कंट्रोलर ऑफ अकाउंट्स नीरज चोपड़ा को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को शनिवार को राउज एवेन्यू स्थित विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां एसीबी ने पूछताछ के लिए एक दिन की पुलिस रिमांड मांगी। एसीबी के अनुसार, मामले की शुरूआत निदेशालय सतर्कता (विजिलेंस) से मिली शिकायत के बाद हुई। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि सेंट्रल प्रोक्योरमेंट एजेंसी के जरिये दवाओं, सर्जिकल कंज्यूमेबल्स, मेडिकल उपकरणों और अन्य चिकित्सा सामग्री की खरीद में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं की गयीं।

## जंतर-मंतर पर सोनम वांगचुक की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू



■ शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** देश के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने रविवार को जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी। नीट पेपर लीक, परीक्षा रद्द और री-एग्जाम के साथ ही सीबीएसई से जुड़ी कथित अनियमितताओं के विरोध में चल रहे आन्दोलन को इससे नया बल मिला है। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेतृत्व में चल रहे इस प्रदर्शन का रविवार को नौवां दिन रहा। यहां बताते चलें कि सीजेपी पिछले 20 जून से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रही है। रविवार को सोनम वांगचुक के भूख हड़ताल शुरू करते ही जंतर-मंतर पर बड़ी संख्या में छात्र, युवा और प्रदर्शनकारी जुटने लगे।

## अंदर के पन्नों पर


4 विधायक ने बच्चों को दो बूंद पोलियो खुराक पिला...

5 शातिर अपराधी खालिद बंगाली गिरफ्तार...

7 कोई भी बच्चा छूटे नहीं, सुरक्षा कवच टूटे नहीं...

9 पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ...

10 फीफा वर्ल्ड कप : अर्जेंटीना ने जॉर्डन को 3-1 से...


## कार्टून कोना




# एक ही दिन दो ब्रेन डेड महिलाओं के अंगदान से 08 मरीजों को मिली नयी जिन्दगी

**एजेंसी**

**मुम्बई :** मुम्बई में अंगदान कार्यक्रम में एक दुर्लभ और प्रेरणादायक उपलब्धि दर्ज की गयी है। मुम्बई शहर के एच. एन. रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल, गिरगांव में एक ही दिन दो ब्रेन डेड महिलाओं के परिजनों ने अंगदान के लिए सहमति देकर आठ गंभीर मरीजों को नयी जिन्दगी देने का फैसला किया। डॉक्टरों के अनुसार, एक ही अस्पताल में एक ही दिन दो अलग-अलग परिवारों द्वारा अंगदान की सहमति मिलना बेहद दुर्लभ घटना है। पहली दाता 39 वर्षीय महिला थीं, जिन्हें सड़क दुर्घटना में गम्भीर सिर की चोट लगने के बाद ब्रेन डेड घोषित किया गया। उनके परिवार ने उनके फेफड़े, हृदय, लीवर और दोनों किडनी दान करने का निर्णय लिया। इसी दिन 59 वर्षीय एक महिला, जिन्हें स्ट्रोक आने के बाद ब्रेन डेड घोषित किया गया था, उनके परिवार ने भी लीवर और दोनों किडनी दान करने की सहमति दी। इन दोनों महिलाओं के अंगदान से आठ ऐसे मरीजों को नया जीवन मिला, जो लम्बे समय से अंतिम चरण की अंग विफलता से जूझ रहे थे।

### मुम्बई में बना अनोखा रिकॉर्ड




### पांच प्रत्यारोपण एचएन अस्पताल में, दिल अहमदाबाद भेजा गया

**दोनों** महिलाओं के दान किये गये अंगों में से पांच प्रत्यारोपण एच. एन. रिलायंस अस्पताल में ही किये गये। वहीं, हृदय को अहमदाबाद स्थित यू. एन. मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी भेजा गया। दान की गयी चार किडनियों में से दो को जसलोक अस्पताल, मुम्बई और अपोलो अस्पताल, नेरुल में भर्ती मरीजों को प्रत्यारोपण के लिए भेजा गया। परिजनों ने केवल अंग ही नहीं, बल्कि कॉर्निया (नेत्र) और अन्य ऊतकों (टिश्यू) का भी दान किया, जिससे अन्य मरीजों को भी लाभ मिल सकेगा।

**ग्रीन कॉरिडोर ने समय पर पहुंचाये अंग**

**अस्पताल** की सीईओ डॉ. तरंग गियानचंदानी ने इस घटना को एक दुर्लभ उपलब्धि बताते हुए दोनों परिवारों के साहस और उदारता की सराहना की। उन्होंने जे. जे. अस्पताल के डीन डॉ. अजय भंडारवार, मुम्बई पुलिस आयुक्त देवन भारती तथा मुम्बई पुलिस का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा बनाये गये ग्रीन कॉरिडोर की मदद से अंगों को तय समय पर विभिन्न अस्पतालों तक सुरक्षित पहुंचाया गया, जिससे मरीजों के सफल प्रत्यारोपण की संभावना बढ़ गयी।

**अंगदान बना उम्मीद की नयी किरण**

**जानकारों** का मानना है कि यदि अधिक से अधिक लोग और उनके परिवार अंगदान के प्रति जागरूक हों, तो हजारों गम्भीर मरीजों की जान बचायी जा सकती है। मुम्बई की यह घटना न केवल चिकित्सा जगत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, बल्कि समाज में अंगदान के प्रति सकारात्मक संदेश भी देती है।

### समृद्धि हाइवे पर दो वाहनों की टक्कर में पांच की मौत

**मुंबई :** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले स्थित समृद्धि हाइवे पर रविवार को सुबह दो वाहनों की टक्कर में एक परिवार के पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। इस घटना की छानबीन हाइवे पुलिस कर रही है। घटना की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने आज बताया कि चंद्रपुर शहर के बाबूपेठ इलाके में डी.एड. कॉलेज के पास रहने वाला जीवने परिवार रविवार को एक वैगनआर कार में एक फेमिली फंक्शन के लिए अकोला के लिए निकला था। जैसे ही उनकी कार धामनगांव तहसील में समृद्धि हाइवे पर चैनल नंबर 106 के पास पहुंची, तो कार अनियंत्रित होकर सडक किनारे खड़े कंटेनर को टक्कर मार दी। इस घटना में कार में सवार सभी लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी।

## एक झलक

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मवेशी की मौत

**विष्णुगढ़** : प्रखंड अंतर्गत भेलवारा के बेलाटाड़ गांव में शनिवार शाम तेज गर्जना के साथ अचानक आकाशीय बिजली गिरी, जिससे विचरण कर रहे एक मवेशी (काड़ा) की तड़प-तड़प कर जान चली गई। बताया जाता है कि बेलाटाड़ निवासी चुनूं मुर्मू का मवेशी पेड़ के नीचे विचरण कर रहा था इसी बीच अचानक आई तेज चमक और भीषण गर्जना के आकाशीय बिजली के प्रभाव में आकर झुलस गया और उसकी मौत हो गई। इस हादसे से मवेशी मालिक को रो-रोकर बुरा हाल है। वही इस घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर महतो पीड़ित के घर पहुंचकर उनके परिवार को सांत्वना दिया। उन्होंने लोगों से अपील किया कि बरसात के मौसम में पेड़ों के नीचे शरण नहीं ले। खासकर बारिश में विशेष सतर्कता बरते, क्योंकि आकाशीय बिजली गिरने की आशंका काफी हद तक बढ़ जाती है, इस दौरान खुले स्थानों से दूर रहे तथा मौसम विभाग की चेतावनी का भी पालन करें। ताकि समय रहते ऐसी सावधानी बरतकर इस तरह के दुखद घटनाओं से काफी हद तक बचा जा सकता है। घटना को लेकर मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर महतो ने नुकसान हुए मवेशी के आश्रितों को सरकार की ओर से मुआवजा की मांग की है।

### वज्रपात से तीन मवेशियों की मौत, किसानों पर टूटा दुखों का पहाड़

**विष्णुगढ़** : प्रखंड अंतर्गत चानो पंचायत के झापाटांड गांव में रविवार की सुबह प्रकृति का कहर बरपा। सुबह सुबह हुई हल्की बारिश के बीच अचानक हुए वज्रपात की चपेट में आने से तीन मवेशियों की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से पीड़ित किसान परिवारों को भारी आर्थिक क्षति पहुंची है। जानकारी के मुताबिक रविवार सुबह वज्रपात की इस घटना में खुशीलाल महतो की एक गाय व बछड़ा तथा रितलाल महतो के बैल की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि खेती किसानी के दिनों में मवेशियों की मौत इन गरीब किसानों के लिए बहुत बड़ा झटका है। ये मवेशी इन परिवारों की आजीविका और खेती का मुख्य सहारा थे। इस आपदा ने किसानों की कमर तोड़ दी है। पीड़ित किसानों और ग्रामीणों ने सरकार से अपील की है कि आपदा की इस घड़ी में अन्नदाताओं के साथ खड़ी हो। प्रभावित परिवारों की दयनीय स्थिति को देखते हुए अविलंब सरकारी सहायता राशि प्रदान किये जाने की मांग की गयी है, ताकि इस भारी क्षति की कुछ भरपाई हो सके और किसान परिवार दोबारा उठ खड़े हो सकें।

### जेजेए कोडरमा जिला इकाई की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर



**कोडरमा** : झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन की कोडरमा जिला इकाई की बैठक स्थानीय फैमिली रेस्टोरेंट में जिला अध्यक्ष कुमार रमेशम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला महासचिव अनिल सिंह ने किया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, सदस्यों के बीच एकता बनाए रखने तथा प्रखंड स्तर तक संगठन के विस्तार पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि संगठन ही सर्वोपरि है और सभी सदस्यों को सकारात्मक सोच के साथ संगठन हित में कार्य करना चाहिए। जिला प्रभारी संदीप वर्णवाल ने स्वास्थ्य बीमा, पत्रकारों की दूरभाष निर्देशिका, सेवानिवृत्त पत्रकारों के लिए पेंशन योजना की तैयारी, आजीवन सदस्यता अभियान तथा संगठन विस्तार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रखंड स्तर पर संगठन के सशक्त होने से जिला इकाई और अधिक प्रभावी बनेगी। बैठक में सर्वसम्मति से जिले के सभी छह प्रखंडों में संगठन विस्तार के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की गई। इसके तहत सतगावां के लिए अनिल सिंह, मरकच्चो के लिए विनोद वर्णवाल, जयनगर के लिए कुमार रमेशम, चंदवारा के लिए राम कुमार सिंह, डोमचांच के लिए सुधीर पांडेय तथा कोडरमा प्रखंड के लिए रामकृष्ण मेहता को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष जावेद इस्लाम, प्रदेश महासचिव संजीव समीर तथा कानूनी सलाहकार सह राष्ट्रीय पार्षद जगदीश सलूजा ने कहा कि संगठन की मजबूती सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी और आपसी समन्वय पर निर्भर करती है।

# विधायक ने बच्चों को दो बूंद पोलियो खुराक पिला कर की अभियान की शुरुआत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही** : राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत पूरे झारखंड में रविवार (28 जून) से तीन दिवसीय विशेष पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत हो हुई। यह अभियान 28 से 30 जून तक राज्यव्यापी अभियान के तहत झारखंड के 0 से 5 वर्ष से कम आयु के लगभग 61.26 लाख बच्चों को पोलियो रोधी दवा (डढश) पिलाने का एक बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में रविवार को बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल में नन्हें बच्चों को दो बुंद पोलियो का ड्राप पीला कर अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने विधायक को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल के सभी कर्मी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इस मौके पर विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि बरही अनुमंडलीय अस्पताल अंतर्गत 99 बुथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। उन्होंने अभिभावकों से अपिल करते हुए कहा कि सभी 0 से लेकर 5 वर्ष के बच्चों को अपने नजदीकी बुथ पर जा कर बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं ताकि देश व राज्य पोलियो मुक्त हो सके। वहीं उपाधिक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि बरही प्रखण्ड अंतर्गत कुल 99 बूथ के लिए 198 वैक्सीनेटर और 20 सुपरवाइजर के द्वारा 24,502 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने नन्हे बच्चों के माता-पिता से अपील की कि वे सुबह ही अपने बच्चों को नजदीकी बूथ पर ले जाएं और पोलियो की खुराक पिलाएं। उन्होंने कहा कि अगर कोई बच्चा छुट जाता है तो उन्हें दूसरे व तीसरे दिन अर्थात 29 और 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें उनके घर-घर जाकर पोलियो की खुराक

## विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पल्स पोलियो कार्यक्रम अभियान का शुभारम्भ



**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित तीन दिवसीय पल्स पोलियो कार्यक्रम अभियान का शुभारंभ किया गया। इस पल्स पोलियो अभियान का उद्घाटन विष्णुगढ़ चिकित्सा प्रभारी डॉ. अरुण कुमार सिंह द्वारा बच्चों को दो खुराक पिलाकर किया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ. अरुण कुमार सिंह ने बताया कि 0 से 5 वर्ष तक के 36707 बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य है। जिसमें पल्स पोलियो अभियान के लिए 132 बूथ, वही 284 वैक्सिनेटर, 29 सुपरवाइजर और 08 मोबाइल टीम बनाया गया है। उन्होंने बताया कि टोटल 140 बूथ पर पहला दिन 33710 पल्स खुराक पिलाया गया है। यह अभियान के तहत पूरे झारखंड में 0 से लेकर 5 वर्ष के कम आयु के लगभग बच्चों को पल्स रोधी दवा पिलाने का एक बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह अभियान 30 जून तक चलेगा, इसके बाद दो दिनों तक स्वास्थ्यकर्मी, सहिया, एएनएम डोर टू डोर घर जाकर बच्चों को पोलियो खुराक पिलाएंगे। ताकि कोई भी बच्चा इस सुरक्षा से वंचित नहीं रह सके। उद्घाटन के मौके पर चिकित्सा प्रभारी विष्णुगढ़ डॉ० अरुण कुमार सिंह, डॉ० जफर हसन, डॉ० विनय कुमार, डॉ० योगेंद्र कुमार, डॉ० शिवानी यादव, मुखिया निर्मल कुमार, बीपीएम प्रमोद कुमार, समीर, पिंकी चौरसिया, शांति देवी, रंजू देवी, सरिता देवी सहित सभी सहिया और एएनएम एवं स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## स्वास्थ्य केंद्र सहित पूरे प्रखंड में पल्स पोलियो बच्चों को पिलायी दो बूंद जिंदगी की



**चरही** : आदर्श ग्राम जरबा दासोखाप मे स्वास्थ्य केंद्र चरही सहित पूरे प्रखंड में पल्स पोलियो जिला पार्षद वासुदेव करमाली प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक ने बच्चों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की खुराक रविवार को तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत हुई। अभियान का शुभारंभ चुरचू प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक ने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया। इस दौरान उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाने की अपील करते हुए कहा कि पोलियो मुक्त समाज के निर्माण में सभी की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि एक भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित नहीं रहना चाहिए। अभियान के शुभारंभ अवसर पर पर जिला पार्षद बासुदेव करमाली, प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो समाजसेवी रविंद्र उर्फ छोटन महतो डॉक्टर सत्यम रीना देवी पवन कुमार दास सुभाष कुमार पूजा कुमारी उषा देवी बिंदेश्वर महतो राजेंद्र कुमार संदीप कुमार, प्रमिला देवी सावित्री देवी, रनिया देवी, शाहबाज अंसारी सहित अस्पताल के चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### पदमा के गरवा में वन सरंक्षण को लेकर जागरूकता सह रक्षा बंधन कार्यक्रम का आयोजन

## पेड़ों की पूजा कर बांधा रक्षा सूत्र



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पदमा** : पदमा प्रखंड के ग्राम गरवा में रविवार को वन सरंक्षण को लेकर वन रक्षा बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए पश्चिमी वन प्रमंडल, के पदाधिकारी डीएफओ मोन प्रकाश, ग्रामीणों ने पेड़ों की पूजा कर रक्षा सूत्र बांधा और वनों की रक्षा का संकल्प लिया। उन्होंने पर्यावरण वन सरंक्षण को लेकर जागरूकता सह रक्षा बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया इस दौरान ग्रामीणों ने पेड़ों की पूजा-अर्चना कर रक्षा सूत्र बांधा। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि वनों की रक्षा हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। इसे बचाना हमारे भविष्य के लिए बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने हर वर्ष इसी प्रकार से रक्षाबंधन कार्यक्रम करने का लियासंकल्प उन्होंने यह भी कहा की हमलोग वन में पूजा कर पेड़ में रक्षा सूत्र बांधकर उसकी रक्षा करते हैं। साथ ही सभी लोगों को पेड़ नहीं काटने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम भी चलाते हैं। लोगों ने वनों को रक्षा सूत्र बांध कर उनकी सुरक्षा और संरक्षण करने का संकल्प लिया। पर्यावरण संरक्षण को लेकर महिलाओ एवं वहां उपस्थित अतिथियों ने झारखंडी गीत को भी प्रस्तुत किया कई गणमान्य लोग रहे उपस्थित जैसे मुखिया सविता देवी, पूर्व मुखिया कंचन मेहता, जीवलाल प्रजापति दिवाकर प्रजापति, खेमलाल महतो, दिनेश खंडेलवाल, अनीता देवी, सरिता देवी, सुरेंद्र सिंह, प्रशांत सिंह, निशांत सिंह, मुनेश्वर सिंह, दिनेश्वर सिंह, सुरेन्द्र नारायण सिंह, रामगोविन्द सिंह, किशोरी राणा, अशोक केसरी परमानंद राणा, शुभम सिंह, विकास सिंह, गिरधारी महतो, केदार प्रजापति, उमाकांत प्रजापति आशीष सिंह, अमरेंद्र सिंह, रिंकू देवी, प्यासा देवी, गंगाधर प्रजापति, युगलकिशोर सिंह, बुलाकी साव, रामलाल राणा,अभिषेक राणा, विवेक राणा, शम्भु प्रजापति, भैरव राणा, राजेश्वर सिंह, इत्यादि सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मासूम गणेश की असमय मौत से गांव में पसरा मातम

**विष्णुगढ़** : तालाब में डूबने से मासूम गणेश रविदास की दर्दनाक मृत्यु की सूचना मिलते ही लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष-सह-चतरा विधायक जनार्दन पासवान विष्णुगढ़ प्रखंड के ग्राम अलपीटो पहुंचे। उनके साथ कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल,भाजपा नेता राजू श्रीवास्तव भी शामिल थे। सभी ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा दिवंगत बालक के परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान विधायक श्री पासवान ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता राशि भी प्रदान की और कहा कि इस अपूरणीय क्षति की भरपाई कोई नहीं कर सकता, लेकिन दुःख की इस घड़ी में वे परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़े हैं और सरकारी सहायता राशि दिलवाने की बात कही।

### राजकीयकृत मध्य विद्यालय बाडम बाजार का महापौर ने किया निरीक्षण

## जर्जर भवन में पढ़ने को मजबूर छात्र, जल्द होगा कायाकल्प : महापौर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : नगर निगम क्षेत्र स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय, बाडम बाजार के जर्जर भवन और आधारभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लेने के लिए मेयर अरविंद राणा ने विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय भवन की बदहाल स्थिति सामने आई, जिसे देखकर महापौर ने चिंता जताई और जल्द सुधारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, विद्यालय का मुख्य भवन वर्ष 1983 में निर्मित हुआ था, जबकि वर्ष 2005 में सर्व शिक्षा अभियान के तहत दो अतिरिक्त कमरों का निर्माण कराया गया था। समय के साथ दोनों भवन जर्जर हो चुके हैं। कई कमरों की दीवारों से प्लास्टर झड़ रहा है और भवन के विभिन्न हिस्सों में क्षति दिखाई दे रही है, जिससे छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। निरीक्षण के दौरान महापौर अरविंद राणा ने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। विद्यालय भवन की वर्तमान स्थिति को देखते हुए इसके कायाकल्प के लिए आवश्यक पहल की जाएगी तथा संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर मरम्मत एवं विकास कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने का प्रयास किया जायेगा। महापौर अरविन्द कुमार राणा ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालयों का सर्वेक्षण कराया जा रहा है। जिन विद्यालयों की स्थिति खराब पाई जायेगी, वहां चरणबद्ध तरीके से मरम्मत, रंग-रोगन और अन्य आवश्यक कार्य कराए जाएंगे, ताकि विद्यालयों का स्वरूप बेहतर बनाया जा सके और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक माहौल मिल सके। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हीरा राम, प्रधानाध्यापिका रानी कुमारी सहित विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## कक्षा 10वीं एवं 12वीं के उत्तीर्ण विद्यार्थियों का भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण** : सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल, बहेरा में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए मोमेंटो, गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अभिभावकों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या रीना पांडे द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उनकी शानदार सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय के बच्चों की उपलब्धियां पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय हैं। उन्होंने कहा कि आज इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उन्हें अत्यंत खुशी और गर्व का अनुभव हो रहा है। कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा विद्यालय के शिक्षकों एवं प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में मेधावी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए प्राचार्या के कर-कमलों द्वारा सम्मानित किया गया। सभी विद्यार्थियों ने गर्व के साथ अपने सम्मान को स्वीकार किया।

## भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : रविवार को भारतीय जनता पार्टी, जिला-हजारीबाग का संगठनात्मक बैठक, पैराडाइस रिसॉर्ट में जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री जय नारायण प्रसाद व जिला उपाध्यक्ष कुणाल किशोर द्वारा संयुक्त रूप से की गयी एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष मंजू नंदिनी द्वारा की गई। इस कार्यक्रम के संयोजक जिला कोषाध्यक्ष मनोज गिरी थे। यह पार्टी का संगठनात्मक बैठक प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार, प्रदेश के पदाधिकारी का 24 घंटे (दो दिवसीय) प्रवास जिला में किया जाना है और इस निमित हजारीबाग जिला में, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका का प्रवास के क्रम में आगमन हुआ। पार्टी का संगठनात्मक बैठक रविवार को, 3 फलियां में हुई। पहली पाली 11:00 बजे प्रधानमंत्री के मन की बात का 135 वां एपिसोड सुना व देखा गया। 11:30 से 2:30 बजे, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंच-मोर्चा के जिला अध्यक्ष, सांसद, विधायक, जिला प्रभारी के बीच संगठन आत्मक बैठक हुई। दूसरी पाली की बैठक 3:00 बजे से 5:00 बजे तक नीवर्तमान मंडल अध्यक्ष, पूर्व जिला पदाधिकारी, हजारीबाग जिला में निवास करने वाले प्रदेश पदाधिकारी एवं प्रदेश कार्य समिति के सदस्यों के बीच संगठनात्मक बैठक हुई। संगठन की विभिन्न विषयों पर विस्तार से प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि दीपक बंका द्वारा विस्तार से सभी पहलुओं पर चर्चा करते हुए उपस्थित पदाधिकारी एवं अध्यक्षों को मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश देने का काम किया गया। बैठक में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी को सांसद मनीष जायसवाल, विधायक प्रदीप प्रसाद, विधायक रोशन लाल चौधरी, जिला प्रभारी पूर्व विधायक किशुन कुमार दास, जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह एवं प्रदेश मंत्री डॉ अमरदीप यादव का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। साथ ही संध्या 6:00 बजे से मटवारी के गांधी मैदान में प्रबुद्ध जनों से मिलकर, राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा परि चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरीश श्रीवास्तव, सुदेश चंद्रवंशी, अशोक यादव, भैया अभिमन्यु प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष रेणुका साहू, उपेंद्र सिंह, मंजू नंदिनी, जिला महामंत्री सर्वेश सिंह, मनोरमा राणा, इंद्र नारायण कुशवाहा, सुषमा कुमारी, अजीत बक्शी, निरंजन मेहता, राजकरण पांडे, अजीत चंद्रवंशी, महेंद्र बिहारी, रमेश हेंब्रम, तनवीर अहमद, सुनील मेहता, राजेश गुप्ता

## ग्रामीणों को मिला एक सौ केबीए का विद्युत ट्रांसफार्मर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : झामुमो प्रखंड सचिव संजय प्रजापति के सतत प्रयासों से गांधी स्मारक के ग्रामीणों को चौबीस घंटे के भीतर एक सौ केबीए का नया विद्युत ट्रांसफार्मर मिला। बीते एक दिन पूर्व विष्णुगढ़ पुराना पंचायत भवन के समीप एक सौ केबीए का लगे विद्युत ट्रांसफार्मर जलकर खराब हो गया था। इसकी जानकारी मिलते ही प्रखंड सचिव संजय प्रजापति ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से सीधे संपर्क किया और एक सौ केबीए का विद्युत ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। शनिवार को झामुमो प्रखंड सचिव संजय प्रजापति ने विद्युत ट्रांसफार्मर का फीताकाट कर उद्घाटन किया। नये विद्युत ट्रांसफार्मर का स्विच ऑन होते ही बिजली बहाल हुई और इस उमस भरी गर्मी से लोगो को बिजली की समस्याओं से राहत मिली। इस विद्युत ट्रांसफार्मर से ग्रामीणों को बिजली से संबंधित सभी जरूरी सुविधा अब पूर्ण होगी, जिसको लेकर ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। मौके पर उपस्थित स्थानीय ग्रामीणों ने झामुमो प्रखंड सचिव संजय प्रजापति को आभार व्यक्त कर उनके प्रति समर्पण का भाव दिखा। बता दे कि यह केवल एक विद्युत ट्रांसफार्मर ही नहीं बल्कि विष्णुगढ़ के जनसमस्याओं से जुड़े हर समाधान को लेकर निस्वार्थ भावना से संजय प्रजापति हमेशा तत्पर रहते हैं। उद्घाटन के मौके पर विष्णुगढ़ पूर्व मुखिया संजय प्रसाद कसेरा, डॉ0 अब्दुल ए जब्बार, अनिल स्वर्णकार, सहदेव विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता, सोनू खान के अलावे काफी संख्या में ग्रामीण लोग मौजूद थे।

## मेहता विकास मंच का प्रखंड स्तरीय चुनाव सम्पन्न

## ओमप्रकाश मेहता बने अध्यक्ष, उमेश सचिव



**इचाक** : प्रखण्ड के महावीर स्थान मंगुरा स्थित नव निर्मित दुर्गा मण्डा के सभागार में मेहता विकास मंच का प्रखंड स्तरीय चुनाव को लेकर वृहद बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता बटेश्वर प्रसाद मेहता, प्रयाग प्रसाद मेहता, कुशलचन्द मेहता ने संयुक्त रूप से जबकि संचालन ओम प्रकाश मेहता ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मंच के संरक्षक पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता, समाजसेवी बटेश्वर प्रसाद मेहता, सदर के पूर्व जीप सदस्य विनोद कुमार मेहता, मंच के अध्यक्ष नागेश्वर प्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष बालेश्वर प्रसाद मेहता, सचिव बिंदेश्वरी प्रसाद मेहता समेत कई उपस्थित अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संरक्षक बीपी मेहता ने कहा कि मेहता विकास मंच का वैध चुनाव आम सभा के द्वारा 18 जनवरी 26 को करीब दो हजार लोगों की उपस्थिति में हुई है। जिसमे मंच के सदस्यों में दो तिहाई से कहीं अधिक लोगो ने सहमति जताई। उन्होंने पूर्व की कमेटी को लेकर कहा कि वह मनमानी से जो बुझाया वह 4 या पांच व्यक्ति मिल कर कमिटी बनाया है जो किसी भी परिस्थिति में वैध नही हो सकता। बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि एक सूत्र में बंधकर समाज का विकास करें। तभी समाज का कल्याण सम्भव है। मंच के अध्यक्ष नागेश्वर प्रसाद मेहता ने लोगों को स्वजातीय के इस पुनीत कार्य मे शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया। और कमिटी को शसक्त बनाने का आग्रह किया। कहा कि मंच की कमिटी पंचायत और ग्राम स्तर पर हो, जिसमे नारी शक्ति का भी गठन करने की बात कही। सचिव बिंदेश्वरी प्रसाद मेहता ने मंच के उद्देश्यों और पूर्व में कुछ लोगो द्वारा मंच में मनमानी करने और बिना दो तिहाई की सहमति के जयनारायण मेहता को अपदस्त करने का आरोप लगाया। मंच के भविष्य में किये जाने वाले कार्यो और उद्देश्यों को बताया। कार्यक्रम को सदर प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष विनोद प्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष बालेश्वर प्रसाद मेहता, संयुक्त सचिव अजय मेहता, सविता देवी, प्रभु प्रसाद मेहता करुणा मेहता, बीरबल मेहता, मुखलाल प्रसाद मेहता, मुखिया उमेश प्रसाद मेहता, जय नंदन मेहता, राज किशोर मेहता, मंच के पूर्व अध्यक्ष जय नारायण प्रसाद मेहता, डेगनारायण प्रसाद मेहता, ब्रह्मदेव मेहता, श्रीकांत मेहता, इंद्रदेव प्रसाद मेहता, प्रदीप कुमार मेहता, सदन प्रसाद मेहता, नागेश्वर प्रसाद मेहता, बसंत नारायण मेहता, कुशल चंद मेहता समेत कई लोगों ने अपनी अपनी बातों को रखा।

### पोलियो अभियान के तहत बच्चों को पिलायी गयी पोलियो की खुराक

**चौपारण** : प्रखंड के दैहर, जवनपुर एवं बसरिया पंचायतों में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। बसरिया पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्रों सहित विभिन्न पोलियो बूथों पर स्वास्थ्यकर्मियों और आंगनबाड़ी सेविकाओं ने बच्चों को ग्दो बूंद जिंदगी कीग्र पिलाकर अभियान को सफल बनाया। इस दौरान अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं, ताकि उन्हें पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। स्वास्थ्य

### तीन दिवसीय इम्प्लांट कोर्स संपन्न, हजारीबाग व रांची के बीडीएस चिकित्सकों ने लिया प्रशिक्षण

## चिकित्सकों के लिए समय-समय पर कौशल उन्नयन अत्यंत आवश्यक है : डॉ. प्रवीण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल के प्रोस्थोडॉन्टिक्स एवं क्राउन एंड ब्रिज विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. दया शंकर के नेतृत्व में रांची के कांटाटोली चौक स्थित ऑन हाइट्स बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर स्थित स्थेटिक्स में तीन दिवसीय इम्प्लांट कोर्स का सफल आयोजन किया गया। यह इम्प्लांट कोर्स का छठा बैच था। इससे पूर्व आयोजित सभी पांच बैच हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल में संपन्न हुए थे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में हजारीबाग एवं रांची के कई बीडीएस चिकित्सकों ने भाग लेकर आधुनिक डेंटल इम्प्लांट तकनीकों का व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन समारोह में हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल के सचिव डॉ. प्रवीण श्रीनिवास एवं उप-प्राचार्य डॉ. अंकुर भार्गव ने सभी प्रतिभागी चिकित्सकों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ. प्रवीण श्रीनिवास ने कहा डेंटल चिकित्सा के क्षेत्र में नई तकनीकों का निरंतर विकास हो रहा है। चिकित्सकों के लिए समय-समय पर कौशल उन्नयन (स्किल अपग्रेडेशन) अत्यंत आवश्यक है। हमारा उद्देश्य डिग्री प्रदान करने के साथ- साथ दक्ष और आत्मविश्वासी डेंटल प्रोफेशनल तैयार करना है जो आधुनिक तकनीकों के माध्यम से मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध करा सकें। भविष्य में भी इस प्रकार के उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किये जाते रहेंगे। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. दया शंकर ने कहा इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को डेंटल इम्प्लांट से जुड़ी आधुनिक तकनीकों, उपचार योजना, सर्जिकल प्रोटोकॉल एवं प्रैक्टिकल प्रशिक्षण से अवगत कराया गया। चिकित्सकों का उत्साह और सहभागिता बेहद सराहनीय रही। प्रशिक्षण कार्यक्रम दंत चिकित्सा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# टाटा व सीसीएल प्रबंधन और विस्थापित ग्रामीणों संग सीधी वार्ता करा कर समस्या समाधान का लिया गया निर्णय



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : रविवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के स्थानीय हजारीबाग शहर के विशेश्वर दयाल जायसवाल पथ स्थित सांसद सेवा कार्यालय सभागार में मांडू विधानसभा क्षेत्र के करीब दर्जनभर विस्थापित आदिवासी गाँवों के प्रतिनिधियों का एक अहम जुटान हुआ। घाटो मंडल के सांसद प्रतिनिधि सह रामगढ़ जिला एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंकर करमाली के नेतृत्व में पहुँचे आदिवासी समाज के दर्जनभर गांवों के सैकड़ों प्रतिनिधियों ने सांसद मनीष जायसवाल का पुष्पगुच्छ भेंटकर, अंग-वस्त्र ओढ़ा कर और फूल माला पहना कर अपनी-अपनी बस्तियों की ओर से गर्मजोशी से स्वागत और सम्मान किया। इस बैठक में मुख्य रूप से मांडू विधानसभा क्षेत्र के घाटो मंडल के अंतर्गत आने वाली चिराटुंगरी, भैलगाड़ा, लालटुंगरी, मकुंदाबेड़ा, उलाहारा, तापिन, तापिन बस्ती और मांडू मंडल की जोड़ाकरम बस्ती से बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। सीधे संवाद के दौरान क्षेत्र के आदिवासी समाज के लोगों ने अपने-अपने इलाके की जरूरी समस्याओं को सांसद मनीष जायसवाल के समक्ष प्रमुखता से रखा। ग्रामीणों ने विस्थापित आदिवासी परिवारों के पुनर्वास और मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था के साथ-साथ प्रत्येक बस्ती में सरना स्थलों के विकास, सौंदरीकरण और संरक्षण की माँग की। इसके अलावा गाँवों में समुचित सड़क, पेयजल, बिजली, नाली और सामुदायिक भवनों के निर्माण, स्थानीय युवाओं को उद्योगों एवं सरकारी योजनाओं में प्राथमिकता के आधार पर स्थाई रोजगार उपलब्ध कराने तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और आंगनबाड़ी जैसी सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर गंभीर चर्चा हुई। ग्रामीणों ने अपनी संस्कृति, परंपरा और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियमित समीक्षा बैठक और समयबद्ध कार्ययोजना बनाने का भी आग्रह किया। आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने के बाद सांसद मनीष जायसवाल ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी हर जायज समस्या का निश्चित रूप से समाधान किया जायेगा। उन्होंने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि जल्द ही वे खुद टाटा और सीसीएल प्रबंधन का सीधे प्रभावित ग्रामीणों के बीच वार्ता कराएंगे, ताकि विस्थापन और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक एवं ठोस प्रयास किए जा सकें। इसके साथ ही उन्होंने वर्तमान झारखंड राज्य की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार आदिवासियों के उत्थान के लिए लगातार योजनाएं चला रही है, जबकि खुद को आदिवासी हितैषी बताने वाली झारखंड की झामुमो, कांग्रेस और राजद गठबंधन सरकार ने यहां के आदिवासियों को केवल धोखा दिया है, जिसका जवाब आने वाले समय में जनता एकजुट होकर देगी।

## सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के 70वें जत्थे के साथ भक्तिमय हुई चौपारण की धरा, 65 श्रद्धालु रवाना



**चौपारण** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बुजुर्ग श्रद्धालुओं के लिए चलाये जा रहे ऐतिहासिक 'सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान' का आने वाले 29 जून 2026 को एक साल पूरा होने जा रहा है। इस महाअभियान के तहत अब तक 69 जत्थे उत्तर प्रदेश के पवित्र चार प्रमुख तीर्थ स्थलों का दर्शन कर चुके हैं। इसी कड़ी में शनिवार को 70वां जत्था बरही विधानसभा के चौपारण पूर्वी मंडल अंतर्गत बेलाही पंचायत से पूरी आस्था और उत्साह के साथ रवाना हुआ। ज्ञात हो कि बीते 29 जून 2025 को हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत प्रसिद्ध नृसिंह स्थान परिसर से इस महत्ती धार्मिक एवं आध्यात्मिक योजना की शुरूआत हुई थी। इस 70वें जत्थे में कुल 65 बुजुर्ग श्रद्धालु शामिल हैं। बेलाही पंचायत के मध्य विद्यालय, बरवाडीह के प्रांगण में आयोजित एक भव्य समारोह में सभी तीर्थयात्रियों को पहचान पत्र और यात्रा थैला भेंट किया गया। विदाई के समय श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। सांकेतिक रूप से कई बुजुर्गों का सांसद मनीष जायसवाल और विधायक मनोज कुमार यादव द्वारा पाँव पखार कर उन्हें सम्मान दिया गया। इसके बाद मुख्य अतिथियों और स्थानीय लोगों ने श्रद्धालुओं के साथ बेलाही शिवालय तक पदयात्रा की, जहां से तीर्थयात्रियों को बस द्वारा गंतव्य के लिए रवाना किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने इस यात्रा के सफल संचालन की रूपरेखा साझा की। सांसद मनीष जायसवाल ने यात्रियों को यात्रा के दौरान सेहत और सुरक्षा से जुड़ी सावधानियाँ बरतने की सलाह दी और साथ ही जीवन में तीर्थाटन के आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डाला। सांसद मनीष जायसवाल ने यह भी बताया कि 500 साल के अथक संघर्षों के बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य और दिव्य मंदिर मोदी सरकार में बना है इस मंदिर को सामने से देखकर इसके अतीत के लिए किए कई सनातनियों के संघर्ष, बलिदान और त्याग को जरूर स्मरण करें।

## एक झलक

### बुंडू वन क्षेत्र में कार्यरत फॉरेस्ट गार्ड की वज्रपात से मौत



**रांची/बुंडू :** रविवार दोपहर तेज बारिश और वज्रपात के बीच एक दर्दनाक हादसे में खूंटी वन प्रमंडल के बुंडू वन प्रक्षेत्र में कार्यरत फॉरेस्ट गार्ड रोशन श्रीवास्तव (32) की ठनका (वज्रपात) की चपेट में आने से मौत हो गई, जबकि दो अन्य वनकर्मी घायल हो गए प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोनाहातू थाना क्षेत्र के काला महादेव के समीप हाथियों से बचाव के लिए बनाए जा रहे वॉच टावर का निरीक्षण करने रोशन श्रीवास्तव अपने दो अन्य साथियों के साथ पहुंचे थे इसी दौरान अचानक मौसम खराब हो गया और तेज बारिश के बीच जोरदार वज्रपात हुआ ठनका की चपेट में आने से रोशन श्रीवास्तव गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनके दो साथी भी झुलस गए बाद में रोशन की मौत हो गई।

### चालक संघ की जिला कार्यालय का उद्घाटन

**रांची/बुंडू :** रविवार को बस चालक संघ बुंडू की ओर से जिला कार्यालय का उद्घाटन बस चालक कल्याण संघ के सचिव राणा बजरंग सिंह, कार्यकारिणी सोनू और बस चालक अध्यक्ष ने संयुक्त रुप से रांची टाटा मार्ग स्थित डामरी मोड़ पर विधिवत नारियल फोड़कर किया। मौके पर नव चालक संघ के अध्यक्ष विष्णु चरण स्वांसी ने कहा कार्यालय में एंबुलेंस की सुविधा, महिलाओं क ड्राइविंग सिखायी जाएगी एवं राष्ट्रीय मार्ग पर दुर्घटना होने पर नव चालक के पदाधिकारी एवं सदस्य तत्काल मरीज को हॉस्पिटल सुविधा पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। साथ ही वाहन चालक को नशा नही करने दिशा निर्देश दिया गया। इस उद्घाटन के कार्यक्रम में स्थानीय प्रशासन का सहयोग रहा। इस मौके पर दिनेश साहू, श्यामा चरण बैनर्जी, शिवाजी गोस्वामी,मोहम्मद मंसूरी, बुद्धदेव सिंह मुंडा वीरेंद्र सिंह मुंडा अभिमन्यु महतो सनातन सिंह मनोज, देवकिशोर यादव, आलम अंसारी, अख्तर अंसारी बुधराम टूटी, अनुरोध गोंझु, मंजूर आलम, गोराचंद, राजू, दिलीप, शिबू, भोलु कोइरी, मनोज रविदास, देवकी वर्षा सभी पदाधिकारी गण तथा सम्मानित सदस्य गण उपस्थित थे। मंच का संचालन धनु नाग ने किया।

### रांची समेत झारखंड के अधिकांश हिस्सों में मॉनसून फिर सक्रिय

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में रविवार दोपहर बाद मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया। दोपहर के बाद आसमान में घने बादल छा गए और रिमझिम बारिश शुरू हो गई। बारिश के चलते मौसम सुहावना हो गया तथा लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची केंद्र ने रविवार को राज्य के उत्तर-पश्चिमी जिलों को छोड़कर शेष अधिकांश जिलों में गर्जन के साथ बारिश, आकाशीय बिजली गिरने तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना जताई है। इसे देखते हुए विभाग ने संबंधित जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने यह भी पूर्वानुमान जताया है कि चार जुलाई तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में गर्जन, वज्रपात और हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रह सकता है। इसको लेकर येलो अलर्ट जारी करते हुए लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने, खुले स्थानों और पेड़ों के नीचे शरण नहीं लेने तथा आकाशीय बिजली के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सर्वाधिक 54 मिलीमीटर वर्षा देवघर जिले के सिकटिया में दर्ज की गई। वहीं, राज्य का सर्वाधिक तापमान डाल्टनगंज में 40.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम तापमान रांची के नामकुम में 21.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

# शातिर अपराधी खालिद बंगाली गिरफ्तार

■ देसी कट्टा और कारतूस बरामद




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची के नामकुम थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शातिर अपराधी मोहम्मद खालिद उर्फ खालिद बंगाली उर्फ चूजा को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक लोडेड देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपित 10 जून को अंजुमन इस्लामिया नूरिया महापंचायत के अध्यक्ष हाजी सऊद आलम के पुत्र मोहम्मद शमशेर आलम पर हुई फायरिंग की घटना में भी शामिल था। रविवार को पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) अमर पांडेय ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नामकुम थाना क्षेत्र के कुटियातु स्थित 89 आर्मी ग्राउंड के पास कुछ अपराधी एकत्र होकर किसी बड़ी आपराधिक घटना की योजना बना रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने तत्काल छापेमारी की। पुलिस टीम के मौके पर पहुंचते ही वहां मौजूद दो संदिग्ध व्यक्ति अलग-अलग दिशाओं में भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़ लिया, जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पकड़े गए व्यक्ति ने पूछताछ में अपनी पहचान मोहम्मद खालिद उर्फ खालिद बंगाली उर्फ चूजा के रूप में बताई। तलाशी के दौरान उसकी कमर से एक लोडेड देसी कट्टा और पैंट की जेब से एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया। मौके पर ही हथियार और कारतूस को विधिवत जब्त कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। डीएसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान खालिद ने स्वीकार किया कि वह आर्म्स एक्ट और चोरी सहित कई आपराधिक मामलों में पहले से संलिप्त रहा है। उसने यह भी कबूल किया कि 10 जून की शाम नामकुम थाना क्षेत्र के सामलौंग स्थित अराफात अपार्टमेंट के पास आपसी रंजिश के चलते उसने मोहम्मद शमशेर आलम पर गोली चलाई थी, जिसमें वह घायल हो गया था। घटना के बाद से वह गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार फरार चल रहा था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि मोहम्मद खालिद का शमशेर आलम और उसके पिता हाजी सऊद आलम के साथ लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के कारण उसने अपने साथियों के साथ मिलकर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया। इस मामले में नामकुम थाना में पहले ही प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। पुलिस के अनुसार, खालिद के खिलाफ पहले से तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं 10 जून की गोलीबारी की घटना में शामिल उसके दो सहयोगियों सद्दाम उर्फ टीपू और मोहम्मद ईरशाद आलम को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। पुलिस फरार अन्य आरोपितों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है।

## रांची की महापौर ने सदर अस्पताल से किया राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को रांची के सदर अस्पताल से महापौर रोशनी खलखो ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया। इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा, सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार, राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ. विजय किशोर रजक, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. विमलेश कुमार सिंह सहित कई चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी एवं अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद महापौर रोशनी खलखो, विधायक सीपी सिंह और अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान की औपचारिक शुरुआत की। सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत में पिछले 14 वर्षों से पोलियो का एक भी मामला सामने नहीं आया है। उन्होंने इसका श्रेय स्वास्थ्यकर्मियों की निरंतर मेहनत, प्रभावी टीकाकरण अभियान और जनसहभागिता को दिया। सिविल सर्जन ने कहा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे पड़ोसी देशों में अभी भी पोलियो के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में सतर्कता बनाए रखना और प्रत्येक बच्चे का समय पर टीकाकरण सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।

## रिम्स की जमीन के अतिक्रमण मामले में बिल्डर शुभम साबू गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर अपार्टमेंट निर्माण और बिक्री से जुड़े मामले में रविवार को बिल्डर शुभम साबू को गिरफ्तार कर लिया। शुभम साबू की कंपनी लकी ग्रुप पर रिम्स की सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण कर फ्लैटों की बिक्री करने का आरोप है। मामले में अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए एसीबी की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। जांच एजेंसी के अनुसार, लकी ग्रुप ने अरगोड़ा-कटहल मोड़ रोड क्षेत्र में कई बहुमंजिला अपार्टमेंट का निर्माण किया है, जबकि कुछ परियोजनाओं पर निर्माण कार्य जारी है। एसीबी अब कंपनी की भूमिका के साथ-साथ इस मामले में अन्य संबंधित व्यक्तियों और अधिकारियों की संलिप्तता की भी जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि रिम्स की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बहुमंजिला अपार्टमेंट और मकानों का निर्माण किए जाने के मामले को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की गई थी। न्यायालय के निर्देश पर जिला प्रशासन ने सरकारी भूमि पर निर्मित अवैध निमार्णों को ध्वस्त कराया था। सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने टिप्पणी की थी कि इतने बड़े पैमाने पर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत के बिना संभव नहीं प्रतीत होता। इसके बाद न्यायालय ने पूरे मामले की जांच भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को सौंपने का निर्देश दिया था। जांच के क्रम में एसीबी ने अंचल कार्यालय के तत्कालीन अधिकारियों, बिल्डरों और कथित बिचौलियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की थी। जांच में यह भी सामने आया कि अवैध निर्माण कार्यों पर लगभग 14 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। आरोप है कि सरकारी जमीन की खरीद-बिक्री के लिए फर्जी दस्तावेज और जाली वंशावली का उपयोग किया गया। एसीबी के अनुसार, मामले के एक अन्य आरोपित प्रमोद महतो की तलाश जारी है। उसके विरुद्ध अदालत से गिरफ्तारी वारंट भी जारी हो चुका है। जांच एजेंसी का कहना है कि पूरे मामले में शामिल सभी व्यक्तियों की भूमिका की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## झारखंड क्षत्रिय महासंघ की नयी कार्यकारिणी गठित, जितेंद्र सिंह बने प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष

**रांची :** झारखंड क्षत्रिय महासंघ की ओर से रविवार को नेवरी विकास स्थित परिसर में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के विस्तार और समाज को सशक्त बनाने पर विस्तृत चर्चा के बाद सर्वसम्मति से महासंघ की नई कार्यकारी समिति का गठन किया गया। इस दौरान जितेंद्र सिंह को झारखंड क्षत्रिय महासंघ का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। नई कार्यकारिणी में राधाचरण सिंह को उपाध्यक्ष, हरिशंकर सिंह को सचिव, मनोज सिंह को प्रदेश मीडिया प्रभारी तथा कुलेश्वर राय को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं अभिनय सिंह, शिव नारायण सिंह उर्फ शिबू सिंह, रामेश्वर दयाल सिंह, रामप्रवेश सिंह और मुरारी सिंह को संगठन का संरक्षक बनाया गया।

## श्रद्धा व उत्साह के साथ मना हिन्दू साम्राज्य दिवस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, रांची महानगर द्वारा आज अरगोड़ा मैदान में हिन्दू साम्राज्य दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। यह दिवस छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा हिंदवी स्वराज की स्थापना के ऐतिहासिक अवसर की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम में 400 से अधिक स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभाग बौद्धिक प्रमुख आशुतोष द्विवेदी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि 17वीं शताब्दी में जब भारत मुगल शासन के अधीन था और समाज अनेक प्रकार की चुनौतियों से जूझ रहा था, तब 19 फरवरी 1630 को शिवनेरी दुर्ग में माता जीजाबाई की कोख से छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म हुआ। माता जीजाबाई और दादाजी कोंडदेव के संस्कारों ने उनके व्यक्तित्व में राष्ट्रभक्ति, धर्मनिष्ठा, साहस और स्वाभिमान का संचार किया। उन्होंने कहा कि मात्र 16 वर्ष की आयु में शिवाजी महाराज ने अपने साथियों के साथ तोरणा दुर्ग पर विजय प्राप्त कर हिंदवी स्वराज के अभियान का शुभारंभ किया। अपने सैन्य जीवन में उन्होंने लगभग 80 छोटे-बड़े युद्ध एवं सैन्य अभियान संचालित किए और अधिकांश में मुगलों तथा बीजापुर सल्तनत जैसी शक्तिशाली सेनाओं को पराजित किया। प्रतापगढ़ के युद्ध (1659) में अफजल खान का पराभव, पावन खिंड (1660) में बाजी प्रभु देशपांडे का अद्वितीय बलिदान, सूरत पर 1664 एवं 1670 के सफल अभियान, पुरंदर का युद्ध (1665), उंबरखिंड का युद्ध (1661), तथा सिंहगढ़ (कोंढाणा) विजय (1670) उनकी असाधारण सैन्य रणनीति और नेतृत्व क्षमता के प्रमाण हैं। श्री द्विवेदी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने गुरिल्ला (छापामार) युद्धकला को प्रभावी रूप से विकसित कर विशाल साम्राज्यों को चुनौती दी। उनकी युद्धनीति, प्रशासनिक दक्षता, सुदृढ़ नौसेना की स्थापना तथा जनकल्याणकारी शासन व्यवस्था आज भी विश्वभर में अध्ययन और प्रेरणा का विषय है।

## नामकुम कुटियातू में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच व उपचार शिविर का सफल आयोजन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** नामकुम के कुटियातू क्षेत्र में डॉ. स्मृति पांडे (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ) तथा डॉ. कुमार राजीव (ऑन्कोलॉजिस्ट) के सौजन्य से एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं उपचार शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में आसपास के क्षेत्रों से आए लगभग 80 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक उपचार किया गया। मरीजों को उनकी आवश्यकता के अनुसार दवाइयां भी निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। इस जनकल्याणकारी पहल में Hexine Pharma एवं Rexpill Pharma का विशेष सहयोग रहा। दोनों संस्थानों द्वारा मरीजों के बीच निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया, जिससे जरूरतमंद लोगों को काफी राहत मिली। शिविर के सफल संचालन में नरेंद्र, आकाश, सौरभ पांडे, पंकज शाहदेव, सिस्टर रम्भा देवी, सरिता देवी, कृष्णा ठाकुर तथा राजेश कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी ने मिलकर शिविर को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने में सराहनीय भूमिका निभाई। स्थानीय लोगों ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविरों के नियमित आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की।

## ओलंपिक सप्ताह के तहत जिम्नास्टिक प्रदर्शन, ड्रॉइंग व म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** ओलंपिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार, खेल संस्कृति को बढ़ावा देने तथा बच्चों एवं युवाओं में खेलों के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से झारखंड जिम्नास्टिक एसोसिएशन द्वारा ओलंपिक सप्ताह के अंतर्गत रविवार को निगम पार्क, हरमू में जिम्नास्टिक प्रदर्शन मैच, ड्रॉइंग प्रतियोगिता एवं म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिम्नास्टिक खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट संतुलन, लचीलापन एवं कौशल का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन के माध्यम से ओलंपिक की मूल भावना उत्कृष्टता, मित्रता,एवं सम्मान का संदेश दिया। ड्रॉइंग प्रतियोगिता में बच्चों ने ओलंपिक खेलों, फिट इंडिया, खेल भावना एवं स्वस्थ जीवनशैली से जुड़े विषयों पर आकर्षक चित्र बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। वहीं म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित बच्चों, अभिभावकों एवं दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया और विजेताओं का तालियों से उत्साहवर्धन किया।

## बरनवाल सेवा ट्रस्ट ने हर्षोल्लास के साथ मनाया वार्षिक स्थापना दिवस, प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची के हरमू स्थित अहिबरन भवन, रुक्मिणी नगर में रविवार को बरनवाल सेवा ट्रस्ट, रांची का वार्षिक स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में समाज के लगभग 150 लोगों की उपस्थिति रही। समारोह के मुख्य अतिथि साईनाथ यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर डॉ. एस. पी. अग्रवाल थे, जिन्होंने समाज की एकजुटता और सामाजिक सेवा की भावना की सराहना करते हुए ट्रस्ट के कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष टी. पी. बरनवाल ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने ट्रस्ट द्वारा विगत वर्ष के दौरान शिक्षा, सामाजिक सेवा एवं जनकल्याण के क्षेत्र में किए गए विभिन्न कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया, जिससे संस्था की भावी गतिविधियों को नई दिशा और गति मिलेगी। समारोह के दौरान समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही ट्रस्ट की वार्षिक पत्रिका 'स्पंदन-8' का विमोचन भी किया गया। पत्रिका का संपादन मनोज कुमार एवं दिलीप कुमार ने किया है। इसके अतिरिक्त सुप्रसिद्ध लेखिका खुशबू बरनवाल 'सीपी' को उनके उत्कृष्ट आलेख के लिए 'प्रतिभा सम्मान' से सम्मानित किया गया।

## बुजुर्ग सदस्यों व मेधावी बच्चों के सम्मान के साथ महेश नवमी महोत्सव का हुआ समापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** 21 जून से 28 जून तक चले महेश नवमी महोत्सव 2026 का समापन समाज के वरिष्ठ सदस्यों एवं मेधावी बच्चों को सम्मान देकर हुआ। सभा सचिव श्री नरेंद्र लखोटिया के अनुभवी एवं कुशल मार्गदर्शन में महोत्सव के मुख्य संयोजक अंकुर डागा एवं सुरेश सारडा तथा सह सयोंजिका सुमन बाहेती ने महोत्सव को सफल बनाने में विगत 15 दिनों से योजना एवं उसके क्रियान्वयन पर कार्य किया। प्रचार प्रसार एंव मीडिया का कार्य अशोक साबू एवं रश्मि मालपानी ने संभाला। महोत्सव के लिए अर्थ संग्रह की जिम्मेदारी विशेष रूप से प्रभात साबू एवं हेमंत साबू ने ली। राजेश सोमानी एवं श्याम सुंदर बिहानी ने पूरे महोत्सव के दौरान भोजन की काफी अच्छी व्यवस्था की।

समापन के दिन 28 जून 2026 को माहेश्वरी भवन मे सुडोकू चैलेंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया सयोजक हार्दिक बिहानी एवं सोविक बोड़ा ने बतलाया कि यह अपने को एकाग्रचित्त रखने की एक अच्छी विधि है। इसमें 1. प्रथम- वंदना मारू 2. द्वितीय - सिद्धार्थ साबू 3. तृतीय-आकांक्षा साबू श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर हॉल मे आयोजित एक मिनट प्रतियोगिता के संयोजक आशीष भाला, नितेश सारडा, गौरव काबरा, उज्वल सोमानी ने मनोरंजन के साथ ही कार्य क्षमता की पहचान देते हुए खेल खिलाया। ग्रुप अ
1. प्रथम - हार्दिक सोमानी 2. द्वितीय - निकुंज सोमानी
3. तृतीय - काव्या साबू ग्रुप इ 1. प्रथम - नयन बोरा
2. द्वितीय - रिया बोरा 3. तृतीय - अनिकेत सोमानी
सांय 4:00 बजे से मारवाड़ी भवन में आयोजित समारोह में समाज के वरिष्ठ पुरुष एवं महिला सदस्यों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन मनोज कल्याणी ने किया।

## बच्चों का दो दिवसीय मुफ्त कराटे प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न



**रांची :** बच्चों और युवाओं को सशक्त, अनुशासित और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से बारियातू में आयोजित दो दिवसीय मुफ्त कराटे प्रशिक्षण शिविर का रविवार को भव्य समापन हो गया। यह विशेष शिविर डांस वांस एकेडमी, बारियातू और उत्कल कराटे स्कूल (झारखंड शाखा) के संयुक्त तत्वावधान में फर्स्ट फ्लोर, जुलका कॉम्प्लेक्स, मेडिकल चौक, बरियातू, रांची में आयोजित किया गया था। दो दिनों तक चले इस ऊर्जावान शिविर में लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया और आत्मरक्षा (सेल्फ-डिफेंस) के बेहतरीन गुर सीखे। शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं 'रिलेशंस' के निदेशक आशुतोष द्विवेदी ने सभी सफल प्रतिभागी बच्चों के बीच प्रमाण पत्र वितरित किए।

## लोगों का जीवन बदल रहा रांची रोड रनर्स क्लब, मनाया प्रथम स्थापना दिवस




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** शुरुआती दौर में केवल 10 उत्साही धावकों के साथ स्थापित रांची रोड रनर्स क्लब आज 153 सदस्यों का मजबूत परिवार बन चुका है। क्लब के सदस्यों ने रविवार को प्रथम स्थापना दिवस मनाते हुए इस प्रेरणादायक सफर को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। क्लब अपने मूल मंत्र 'पैशन से प्रेरित' के साथ नियमित दौड़, सहनशक्ति प्रशिक्षण एवं सामुदायिक गतिविधियों के माध्यम से सैकड़ों लोगों को सक्रिय और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। पिछले एक वर्ष में क्लब के सदस्यों ने देश के कई प्रतिष्ठित रनिंग इवेंट्स में भाग लेकर रांची का नाम गौरवान्वित किया है। इनमें टाटा मुंबई मैराथन, वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन, टाटा स्टील वर्ल्ड 25ड सहित कई अल्ट्रा एंड्योरेंस इवेंट प्रमुख हैं। स्थापना दिवस समारोह के दौरान क्लब की भावी योजनाओं पर भी चर्चा हुई। बताया गया कि वर्तमान में क्लब के 31 सदस्य हैदराबाद मैराथन की तैयारी कर रहे हैं। साथ ही झारखंड में धावकों द्वारा धावकों के लिए विश्वस्तरीय रनिंग इवेंट आयोजित करने का लक्ष्य भी रखा गया है। वक्ताओं ने कहा कि वक्ताओं ने कहा कि रांची रोड रनर्स ने बहुत कम समय में फिटनेस के क्षेत्र में एक नई पहचान बनाई है। रांची रोड रनर्स केवल एक रनिंग क्लब नहीं, बल्कि एक ऐसा आंदोलन बन चुका है, जो हर कदम के साथ लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। क्लब ने युवाओं के साथ-साथ हर आयु वर्ग के लोगों को फिटनेस से जोड़ने का सराहनीय कार्य किया है।

## सरला बिरला विश्वविद्यालय ने चलाया नशा मुक्ति अभियान




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** सरला बिरला विश्वविद्यालय (एसबीयू), रांची की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाइयों द्वारा तीन दिवसीय नशा मुक्ति अभियान का सफल आयोजन किया गया। यह अभियान विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों एवं शैक्षणिक संस्थानों में संचालित किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों, ग्रामीणों, अभिभावकों एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। अभियान का शुभारंभ एनएसएस समन्वयक डॉ. संजीव कुमार सिन्हा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में डीएसडब्ल्यू बी. सामंता, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. साग्निका प्रधान एवं प्रो. श्वेता कुमारी, आईक्यूएसी निदेशक डॉ. नित्या गर्ग, डॉ. पूजा मिश्रा, डॉ. संदीप चौधरी, प्रो. करण प्रताप सहित विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।अपने संबोधन में डॉ. साग्निका प्रधान ने महुआ बीजों के उपयोग से रोजगार सृजन की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। डॉ. बी. सामंता ने नशे की प्रक्रिया एवं प्रतिबंधित पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी। वहीं डॉ. संजीव कुमार सिन्हा ने नशे के मानव स्वास्थ्य, पारिवारिक संबंधों एवं सामाजिक जीवन पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों पर चर्चा की। डॉ. संदीप चौधरी ने नशे की लत से मुक्ति पाने के व्यावहारिक उपायों एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन प्रो. श्वेता कुमारी व धन्यवाद ज्ञापन डॉ विकास कुमार ने किया। अभियान के दूसरे दिन मॉडल हाई स्कूल, बराम में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए नशीले पदार्थों एवं शराब के सेवन से होने वाले सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों की जानकारी दी। वक्ताओं ने युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, कौशल विकास एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। अभियान के अंतिम दिन मध्य विद्यालय, आरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. संदीप कुमार एवं डॉ. अतुल कर्ण ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नशामुक्त रहने तथा अपने-अपने समुदायों में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने की शपथ ली।

## अनन्तानन्त कोटि ब्रह्मांड के अधिनायक भगवान श्रीश्रीनिवास का आकाशतनया पद्मावती संग हुआ पाणिग्रहण संस्कार



**रांची :** लक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी मंदिर में आयोजित त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव के तीसरे और अंतिम दिन रविवार को भक्ति -श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।

जगत नियंता एवं सृष्टि के रचयिता भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर के कल्याणोत्सव का कल्याण मंडप स्वामी भगवान दास सत्संग हॉल में सज- धजकर तैयार था। अद्भुत सौंदर्य संपन्न दूल्हा सरकार और रूप लावण्य से युक्त दुल्हन श्रीमहालक्ष्मी जी मंच पर विराजमान होकर मानो मुस्कुराते हुये भक्तों को आशीष दे रहे हो। जूही, बेला और गुलाब के सुगंध से सारा वातावरण सुवासित हो रहा था। इस विहंगम दृश्य को देख ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे की सभी देवी-देवता भगवान के कल्याणोत्सव का गवाह बनने के लिए उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रातः 9:00 बजे से भगवान के विवाह का मुकलावा लेकर वधू पक्ष के यजमान श्री रमेश-शशि धरनीधरका, शशांक-सौम्या धरनीधरका अपने परिवार के साथ कल्याण मंडप पहुंचे।

## हरिदेव सेवा संघ ने जरूरतमन्दों के बीच कराया नि:शुल्क भोजन वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** 'नर सेवा ही नारायण सेवा, सेवा परम धर्म' के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए हरिदेव सेवा संघ ने आज नेजाम नगर, हिंदपीढ़ी में लगभग 125 जरूरतमंद बच्चों एवं लोगों के बीच निःशुल्क भोजन का वितरण किया। संस्था के सदस्यों ने स्वयं अपने हाथों से भोजन परोसकर मानव सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। भोजन में चावल, पकौड़ी वाली कढ़ी, सलाद और चिप्स शामिल थे। कई ऐसे परिवार भी इस सेवा से लाभान्वित हुए, जिन्हें दिन में भरपेट भोजन नसीब नहीं हो पाता और एक समय का भोजन ही उपलब्ध हो पाता है। संस्था के अध्यक्ष संजीत साहू ने बताया कि फातिमा खातून के आग्रह पर पहली बार मुस्लिम समाज के बीच इस प्रकार का सेवा कार्य आयोजित किया गया। भोजन वितरण से पूर्व इस पुनीत कार्य से जुड़े सभी लोगों के लिए विशेष प्रार्थना भी की गई। कार्यक्रम में संजीत साहू, अरुण चावला, फातिमा खातून, भोला प्रसाद, ऋषभ सिन्हा, आसिफ अंसारी, आयुष, अमर, नसीमा खातून, शमीमा खातून, रिजवाना खातून, दीपेश पाठक, प्रशांत गौरव, पवन वर्णवाल, चंदन सोनी सहित अनेक समाजसेवियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन व स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का जिला स्तरीय शुभारम्भ

# कोई भी बच्चा छूटे नहीं, सुरक्षा कवच टूटे नहीं : उप विकास आयुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ रविवार को सदर अस्पताल, गुमला में किया गया। अभियान के पहले दिन जिले के 0 से 5 वर्ष तक के 1,49,570 बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं 29 और 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाएगी। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त अनिमेष रंजन एवं एसआरएम नोडल पदाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. शम्भू नाथ चौधरी ने की। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, एएनएम, सीएचओ, सहिया एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। उप विकास आयुक्त अनिमेष रंजन ने कहा कि पोलियो उन्मूलन में जनसहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा, कोई भी बच्चा छूटे नहीं, सुरक्षा कवच टूटे नहीं। उन्होंने प्रत्येक पात्र बच्चे तक पोलियो की दवा पहुंचाने और अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने का आह्वान किया। सिविल सर्जन डॉ. शम्भू नाथ चौधरी ने कहा कि पोलियो से बचाव का एकमात्र प्रभावी उपाय समय पर पोलियो की खुराक देना है। उन्होंने कहा कि भारत को पोलियो मुक्त बनाए रखने के लिए प्रत्येक अभियान में सभी बच्चों को दवा पिलाना आवश्यक है। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. सुनील राम ने बताया कि जिले में अभियान के लिए 597 पोलियो बूथ, 1,198 टीमें तथा 119 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। बूथ दिवस के बाद स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया और सभी अभिभावकों से 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाने की अपील की।




## राजकीय मध्य विद्यालय, आजाद बस्ती में पल्स पोलियो जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**गुमला** : राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को राजकीय मध्य विद्यालय, आजाद बस्ती, गुमला में पल्स पोलियो जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों एवं आम नागरिकों को 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंद पिलाने के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान बताया गया कि झारखंड में 28 जून से विशेष पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पोलियो बूथों के साथ-साथ छूटे हुए बच्चों तक घर-घर पहुंचकर खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में सय्यदा खातून ने शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की कि वे 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं। उन्होंने पोलियो उन्मूलन, स्वच्छता एवं नियमित टीकाकरण के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित नहीं रहेगा। स्थानीय लोगों से अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील करते हुए दो बूंद जिंदगी की का संदेश दिया गया। विद्यालय के समीप स्थित पोलियो बूथ पर स्थानीय अभिभावकों ने बच्चों को लाकर उत्साहपूर्वक पोलियो की खुराक दिलायी।

## एक झलक

### सिमरिया में डीटीओ महेश्वरी यादव का एक्शन मोड, 25 वाहनों पर कार्रवाई

**चतरा** : सिमरिया में जिला परिवहन पदाधिकारी डीटीओ महेश्वरी यादव के नेतृत्व में व्यापक वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर ओवर स्पीड, ओवरलोडिंग, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन परमिट, रॉन्ग पार्किंग, टैक्स सहित मोटर वाहन अधिनियम 1988 के तहत आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच की गयी। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले दोपहिया और चारपहिया सहित कुल 25 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 1,00,500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। डीटीओ महेश्वरी यादव की इस सख्त और निष्पक्ष कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने सराहना की। लोगों का कहना है कि ऐसे नियमित अभियान से सड़क सुरक्षा मजबूत होगी, यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और लापरवाह वाहन चालकों पर प्रभावी अंकुश लगेगा। नागरिकों ने उम्मीद जतायी कि आगे भी इसी तरह लगातार अभियान चलाकर सुरक्षित और अनुशासित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

### खेत से लौट रहे किसान की वज्रपात से मौत

**घाघरा** : थाना क्षेत्र के कुगांव गांव में रविवार को वज्रपात की चपेट में आने से किसान देवराज उरांव (42) की मौके पर ही मौत हो गई। वह खेत में धान का बिचड़ा छिटकने के बाद घर लौटने की तैयारी कर रहे थे, तभी अचानक आकाशीय बिजली गिर गयी। घटना के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गयी। मृतक देवराज उरांव परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवार में पत्नी और तीन छोटे बच्चे हैं। सबसे बड़ा बेटा नौवीं कक्षा में पढ़ता है। उनकी असमय मौत से परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पीड़ित परिवार को आपदा राहत राशि, सरकारी मुआवजा एवं अन्य आवश्यक आर्थिक सहायता शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही बारिश और वज्रपात के दौरान लोगों से खुले खेतों में काम नहीं करने तथा सुरक्षित स्थान पर रहने की अपील की है।

### रेलवे ट्रैक पर मिला शिक्षक का क्षत-विक्षत शव

**लातेहार** : बरवाडीह-बरकाकाना रेलखंड के छिपादोहर रेलवे स्टेशन के समीप रविवार सुबह रेलवे ट्रैक से एक क्षत-विक्षत शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हुई थी। शव रेलवे ट्रैक पर पोल संख्या 248/16 के पास दो हिस्सों में बंटा हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही छिपादोहर थाना प्रभारी याकिन अंसारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। इसके बाद मामले की सूचना जीआरपी को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में घटना के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि शिक्षक की मौत किसी ट्रेन की चपेट में आने से हुए हादसे में हुई या फिर मामला आत्महत्या का है।

## 30 जून तक होल्डिंग टैक्स पर मिलेगी 15 प्रतिशत की छूट, बाद में लगेगा जुर्माना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

लातेहार ।नगर पंचायत क्षेत्र के होल्डिंग धारियों के लिए होल्डिंग टैक्स जमा करने का यह अंतिम मौका है। नगर पंचायत ने स्पष्ट किया है कि 30 जून तक होल्डिंग टैक्स का भुगतान करने वाले लोगों को 15 प्रतिशत तक की छूट का लाभ मिलेगा। इसके बाद यह छूट समाप्त हो जाएगी और टैक्स की पूरी राशि के साथ नियमानुसार जुमार्ना भी देना होगा।नगर पंचायत के नगर प्रबंधक राज कुमार वर्मा ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र के जिन होल्डिंग धारियों ने अब तक अपना होल्डिंग टैक्स जमा नहीं किया है, वे बिना देर किए 30 जून तक भुगतान कर दें। वहीं जिन लोगों की संपत्ति का अब तक असेसमेंट नहीं हुआ है, वे पहले अपना असेसमेंट कराकर निर्धारित अवधि के भीतर होल्डिंग टैक्स जमा करें, ताकि उन्हें भी 15 प्रतिशत तक की छूट का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि छूट का लाभ केवल 30 जून तक ही उपलब्ध रहेगा। इसके बाद किसी भी प्रकार की रियायत नहीं मिलेगी और संबंधित होल्डिंगधारियों से निर्धारित नियमों के अनुसार जुमार्ना भी वसूला जाएगा। इसलिए सभी नागरिक समय रहते अपनी प्रक्रिया पूरी कर लें, ताकि अतिरिक्त आर्थिक बोझ से बचा जा सके। नगर पंचायत ने क्षेत्र के सभी होल्डिंगधारियों से अपील की है कि अंतिम तिथि का इंतजार करने के बजाय जल्द से जल्द होल्डिंग टैक्स का भुगतान करें और सरकार द्वारा दी जा रही छूट का लाभ उठायें।

चतरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 912 किलो डोडा बरामद, तस्कर फरार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : चतरा जिले में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चतरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने लावालौंग थाना क्षेत्र के होसिर गांव में छापेमारी कर 912 किलोग्राम डोडा (पोस्ता भूसी) बरामद किया है। बरामद डोडा की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। हालांकि, पुलिस की भनक लगते ही तस्कर मौके से फरार होने में सफल रहा। इस संबंध में रविवार को समाहरणालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में सिमरिया एसडीपीओ नागरगोजे शुभम भाऊ साहेब ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर लावालौंग थाना क्षेत्र के होसिर गांव में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान गांव निवासी जंगाली गंझू के घर से भारी मात्रा में डोडा बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम के पहुंचने से पहले ही आरोपी जंगाली गंझू मौके से फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा। एसडीपीओ ने कहा कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। नशे के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि बरामद डोडा कहां से लाया गया था और इसकी आपूर्ति किन-किन क्षेत्रों में की जानी थी। इसके लिए तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है। इस छापेमारी अभियान में लावालौंग थाना के पुलिस अवर निरीक्षक विधायक प्रसाद यादव सहित जिला बल के जवान शामिल थे।



## स्पोर्ट्स अकादमी गुमला ने राज्य व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर स्पोर्ट्स अकादमी, गुमला की ओर से अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में हैंडबॉल एवं फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के पदाधिकारियों एवं स्पोर्ट्स अकादमी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। अकादमी के सचिन सैयद जुनु रेन ने कहा कि गुमला को खेल नगरी के रूप में पहचान मिली है। यहां के खिलाड़ियों ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि जिले के कई खिलाड़ी भारतीय वायु सेना, रेलवे, सेना, सीआईएसएफ तथा झारखंड पुलिस सहित विभिन्न संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी दीपक कुमार, पूनम कुमारी एवं असर आब्दीन तथा राज्य स्तर के खिलाड़ी सुहानी कुमारी, सोनाली कुमारी, प्रीति टोप्पो, सद्दाम अंसारी और रोशन साहू को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हाफिजुर रहमान, अमित साहू, विक्रम राज ठाकुर, अल्तमश अंसारी, अमन अंसारी, अकेबुल अंसारी, प्रीति रोशन, सोनाली टोप्पो, सुहानी कुमारी सहित अन्य खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।




## मुहर्रम सत्य के लिए अदम्य साहस के साथ शहादत देने का पर्व है : अविनाश देव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : मुहर्रम इंतजामिया कमिटी सतबरवा द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था जिसमें बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मोहर्रम इंतजामिया कमिटी के लोगों ने गंगा जमुनी संस्कृति के मिशाल पेश करते बड़ी अकीदत से पगड़ीपोशी कर स्वागत किए। प्रखंड भर से ताजिया जुलूस का गोल आया बेहतर प्रदर्शन काने वाले कमिटी को प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार से नवाजे। हजारों हुसैनी बंधुओं को संबोधित करते हमने कहा जुल्म के सामने झुकना नहीं,सच के लिए जान देना पर समझौता न करना ही ईमाम हुसैन की सच्ची श्रद्धांजलि होगी। यजीद के बेइंसाफी वाली हुकूमत को ईमाम हुसैन साहब ने चुनौती दी और अपने लश्कर में शामिल 72 लोगों के साथ कर्बला के मैदान में शहादत दिया। आप सभी उस खानदान के हुसैनी हैं जो सच के लिए जुल्म से टकराने की माद्दा रखते हैं। हमेशा ख्याल रखिए गलत करेंगे नहीं गलत सहेंगे नहीं। आप सभी को बहुत बहुत शुक्रिया! आफताब आलम साहब को विशेष शुक्रिया की आपके लिए इतना बेहतरीन इंतजाम सजाया और हमें भी बुलाया। मोहर्रम के दौरान इलाके में शांति प्रेम सौहार्द और खुशनुमा माहौल बनाए रखने के लिए प्रखंड प्रशासन की जो सराहनीय भूमिका रही उनमें सतबरवा थाना प्रभारी श्री प्रदीप कुमार,प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार जी को हम सादर आभार पेश करते हैं। मोहर्रम इंतजामिया कमिटी के सदर मोहम्मद जावेद उर्फ लड्डन साहब के नेतृत्व में कौमी एकता के साथ मोहर्रम का त्यौहार सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में जिनकी महती भूमिका रही वे हैं जनाब मोहम्मद शमी, मोहम्मद मुस्ताक खान, जैनुलाह, उर्फ चन्नू खजांची,करीम अंसारी, शब्बीर आलम, वारिस अंसारी, साजिद अंसारी,मोहम्मद अफजल, मोहम्मद शकील, मोहम्मद अकरम, मोहम्मद तालिद, मोहम्मद हदीस, मोहम्मद शम्मी। इनके साथ अन्य सदस्यों की भूमिका काबिल ए तारीफ रही। खुदा हाफिज।



## डीएमएफटी फंड की जांच के लिए भाजपा चलायेगी जनआन्दोलन : आदित्य प्रसाद साहू

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**




**लातेहार** : भारतीय जनता पार्टी के लातेहार जिला कार्यालय में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य आदित्य प्रसाद साहू का जिला अध्यक्ष बंसी यादव ने अंगवस्त्र और गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आदित्य प्रसाद साहू ने जिले में डीएमएफटी (जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट) फंड के उपयोग में कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इस मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए, ताकि फंड के उपयोग की वास्तविक स्थिति सामने आ सके। उन्होंने जिला अध्यक्ष बंसी यादव को इस मुद्दे पर व्यापक जनजागरण और जनआंदोलन चलाने का निर्देश देते हुए कहा कि यदि कहीं गड़बड़ी हुई है तो संबंधित अधिकारियों और जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय होनी चाहिए।साहू ने कहा कि डीएमएफटी फंड खनन प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए बनाया गया है। उनका आरोप है कि जिले में इस राशि का उपयोग जनहित के कार्यों के बजाय सरकारी भवनों, सर्किट हाउस और अधिकारियों के आवासों के निर्माण में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि यह सही पाया जाता है तो यह फंड के उद्देश्य के विपरीत है और इसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है।उन्होंने कहा कि टेंडर प्रक्रिया में यदि किसी प्रकार की अनियमितता या नियमों की अनदेखी हुई है तो इसकी भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने युवाओं और आम लोगों से ऐसे मामलों के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ लगातार संघर्ष करती रही है और आगे भी जनता के हितों की रक्षा के लिए आंदोलन जारी रखेगी। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, आगामी राजनीतिक गतिविधियों तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की गई। पार्टी नेताओं ने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याएं सुनने और उन्हें संगठन से जोड़ने का आह्वान किया।

## राइजिंग वाल्व में खराबी से दो दिनों तक शहर के कई इलाकों में जलापूर्ति रहेगी बाधित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : लातेहार शहरी जलापूर्ति योजना के तहत गिजिनियाटांड मोड़ के पास स्थापित राइजिंग वाल्व में तकनीकी खराबी आने के कारण शहर के कई इलाकों में अगले दो दिनों तक पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। नगर पंचायत के जेई अमित कुमार ने बताया कि खराबी को दूर करने का काम शुरू कर दिया गया है और मरम्मत पूरी होने के बाद ही जलापूर्ति सामान्य हो सकेगी।श्री के अनुसार इस दौरान धरमपुर, गिजिनियाटांड, बहेराटाड़, पहाड़पुरी, अमवाटीकर तथा मेन रोड क्षेत्र में रहने वाले लोगों को पानी की आपूर्ति नहीं मिल पाएगी। अचानक आई तकनीकी समस्या के कारण जलापूर्ति अस्थायी रूप से बंद करनी पड़ी है, ताकि राइजिंग वाल्व की सुरक्षित तरीके से मरम्मत की जा सके। अमित कुमार ने बताया कि मरम्मत कार्य लगातार कराया जा रहा है। प्रयास है कि निर्धारित समय के भीतर खराबी दूर कर जलापूर्ति जल्द से जल्द बहाल कर दी जाए। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के लोगों से अपील की है कि वे आवश्यकतानुसार पहले से पानी का संग्रह कर लें और मरम्मत कार्य पूरा होने तक सहयोग बनाए रखें। वहीं, नगर पंचायत ने भरोसा दिलाया है कि तकनीकी खराबी दूर होते ही जलापूर्ति पूर्ववत शुरू कर दी जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि मरम्मत के दौरान लोगों को अस्थायी असुविधा हो सकती है, लेकिन पेयजल व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए यह कार्य जरूरी है।

रोटरी क्लब कोडरमा का फैमिली मीट सम्पन्न, टैलेंट शो में बिखरे रंग, परिजनों ने बांधा समां

## परिवार से दूर होता है तनाव : संतोष सिन्हा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया** : रंगारंग कार्यक्रम टैलेंट शो के साथ रोटरी क्लब कोडरमा का फैमिली मीट जिमखाना क्लब में संपन्न हुआ अध्यक्ष संतोष सिन्हा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि परिवार के बिना जीवन अधूरा है परिवार के सदस्य जब एक जगह संयुक्त रूप से मिलते हैं तब और अधिक ऊर्जा का संचार होता है आपसी भाईचारा बढ़ता है मानसिक तनाव कम होता है , रोटरी परिवार के इस रंगारंग कार्यक्रम को आयोजित एवं सजाने का काम रोटरी यूथ विंग की महिला सदस्यों ने किया चेयर गेम, गायन, कविता, संगीत, नृत्य चुटकुला आदि टैलेंट शो के द्वारा सभी महिला पुरुष बच्चों ने अपनी प्रतिभा को लोगों के बीच रखा लोगों को आनंदित किया विजेताओं को रोटरी के पदाधिकारी के द्वारा पुरस्कृत किया गया रोटरी विंग के सदस्य शैलेश दारूका मनीष पेड़ीवाल गौरांग पुजारा मनीष जैन प्रतीक जैन ईशान जैन सन्नी कुमार मनीष अग्रवाल राहुल मोदी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण योगदान दिया पूर्व अध्यक्ष महेश दारूका सुरेश जैन कैलाश चौधरी कुमार पुजारा अजय अग्रवाल अमित कुमार सत्र 26 -27 के अध्यक्ष नवीन आर्य सुरेश सेठी कमल जैन अश्विनी राजगढ़िया डॉक्टर अलंकृता मंडल डॉक्टर रौनक महर्षि ने कार्यक्रम की सराहना की पब्लिक रिलेशन के डायरेक्टर सह मीडिया प्रभारी नवीन जैन ने कहा कि युवा जब किसी कार्यक्रम को अपने हाथों में लेते हैं तब वह कार्यक्रम निश्चित रूप से सफल होता है समाज सेवा के क्षेत्र में युवा ही रोटरी के छवि को और आगे बढ़ाने का काम करेंगे धन्यवाद ज्ञापन सचिव संदीप सिन्हा ने किया।



## ट्रेन में यात्रियों को धमका रहे यूपी के युवक को हथियार के साथ दबोचा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया/कोडरमा** : झारखंड के कोडरमा रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गाड़ी संख्या 12874 हटिया-आनंद बिहार एक्सप्रेस से एक युवक को अवैध हथियार और भारी मात्रा में कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दिवाकर सिंह (32 वर्ष), पिता- सूर्यभान सिंह, निवासी रायपुर (प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, 27 जून को धनबाद कंट्रोल को 'रेल मदद' के जरिए सूचना मिली कि हटिया-आनंद विहार एक्सप्रेस के कोच संख्या B/1 (बर्थ नंबर 48) पर एक व्यक्ति शराब के नशे में धुत होकर पिस्टल चमका रहा है और यात्रियों को डरा-धमका रहा है। सूचना मिलते ही कोडरमा रेल थाना प्रभारी के निर्देशन में GRP के एएसआई शैलेश कुमार और RPF के एएसआई ओम प्रकाश सिंह ने बल के साथ ट्रेन के कोडरमा पहुंचते ही मोर्चा संभाला।?सुरक्षा बलों ने जब कोच में प्रवेश किया, तो आरोपी कमर में पिस्तौल खोंसे नशे की हालत में घूम रहा था।



# निर्माणाधीन द्वारी रेलवे साइडिंग में वर्चस्व के लिए जंग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : जिले के गिद्धौर और पत्थलगडा प्रखंड की सीमा पर स्थित द्वारी रेलवे साइडिंग में वर्चस्व के लिए जंग जारी है। शनिवार दोपहर बाद द्वारी बाजार टांड उस समय रणक्षेत्र में तब्दील हो गया जब वर्चस्व की लड़ाई को लेकर दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गई। लाठी-डंडे, पत्थर और धारदार हथियारों से हुई इस मारपीट में 8 से 10 लोग घायल हो गए। तलवारबाजी में तीन लोगों की हालत गंभीर है। घायलों को बेहतर इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग रेफर किया गया है। घायलों में गिद्धौर प्रमुख अनीता यादव के पति उमेश यादव, समाजसेवी एवं राजनेता सुरेश यादव तथा प्रभु यादव सहित अन्य शामिल हैं।

**चतरा हजारीबाग मुख्य पथ जाम :** घटना के विरोध में प्रमुख अनीता यादव के नेतृत्व में आक्रोशित ग्रामीणों ने इंदिरा मोड़ के समीप चतरा-हजारीबाग मुख्य मार्ग जाम कर दिया और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। घटना की सूचना मिलते ही सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव, गिद्धौर थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गया। देर रात एसडीपीओ शुभम भाऊसाहेब के हमलावरों की 24 घंटे के अंदर गिरफ्तारी और साइडिंग में गिरे कोयला को हटाने के आश्वासन के बाद जाम हटाया गया।

**भाजपा और झामुमो नेताओं ने लिया जायजा :** घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता और झामुमो के केंद्रीय नेता एवं सिमरिया विधानसभा प्रभारी मनोज चंद्रा जाम स्थल पहुंचे। मनोज चंद्रा ने कहा कि हिंसा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है और इस मामले में जो भी दोषी हों उनके खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई होनी चाहिए।

**पुलिस पर लापरवाही का आरोप :** गिद्धौर प्रमुख अनीता यादव ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में पहले से तनाव की जानकारी गिद्धौर थाना को दी गयी थी लेकिन मोहर्रम ड्यूटी का हवाला देकर पुलिस ने समय रहते कार्रवाई नहीं की। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन की लापरवाही के कारण यह हिंसक घटना हुई ।वहीं सुरेश यादव ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने बाहरी तत्वों की मदद से ग्रामीणों की आपत्ति के बावजूद रेलवे साइडिंग शुरू कराने का प्रयास किया। जिससे माहौल बिगड़ गया।

**पुलिस का पक्ष :** गिद्धौर थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री ने कहा कि मोहर्रम ड्यूटी के दौरान मारपीट की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। उन्होंने बताया कि समाचार लिखे जाने तक किसी भी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत नहीं मिली थी। शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।




### क्या है पूरा मामला

**द्वारी** में शिवपुर-कठौतिया रेल लाइन पर सीसीएल के मगध-आम्रपाली परियोजना से कोयला ढुलाई के लिए रेलवे साइडिंग का निर्माण किया गया है। साइडिंग के संचालन और नियंत्रण को लेकर पिछले कई दिनों से दो गुटों के बीच तनाव बना हुआ था। स्थानीय विस्थापित एवं प्रभावित ग्रामीणों का कहना था कि जब तक उनकी मांगों पर वार्ता नहीं होती तब तक साइडिंग शुरू नहीं की जानी चाहिए। बताया जाता है कि शनिवार को कुछ हाइवा कोयला डंपिंग के लिए पहुंचे। जिसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। पहले कहासुनी हुई फिर विवाद हिंसक मारपीट में बदल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे, तलवार और अन्य हथियारों से लैस थे। करीब आधे घंटे तक चले संघर्ष में जमकर पत्थरबाजी भी हुई। जिससे राहगीरों को भी चोटें आईं। इसी दौरान कुछ हाइवा निर्माणाधीन साइडिंग में कोयला डंप कर वहां से निकल गए।

# मोदी ने कल्याणकारी योजनाओं से हर दरवाजे तक दी दस्तक : आदित्य साहू

- नरेन्द्र मोदी ने 12 वर्षों में विकास की नयी गाथा लिखी, दुनिया में लहरा रहा भारत का परचम
- नरेंद्र मोदी ने गरीबों के चेहरे पर बिखेरी मुस्कान, जबकि पूर्ववर्ती सरकारों ने उनका किया केवल इस्तेमाल
- झारखंड सरकार के पास 6 वर्षों में एक काम भी गिनाने लायक नहीं
- झारखंड अराजक दौर से गुजर रहा, राज्य के वरिष्ठ मंत्री को अवैध खनन के खिलाफ खुद छापामारी के उतरना पड़ रहा
- केन्द्र सरकार द्वारा भेजे जा रहे विकास के पैसे पर डाका डाल रही है झारखंड सरकार
- झारखंड में हर काम में वसूली, 15 डिसमिल जमीन के म्यूटेशन के लिए वसूले जा रहे 15 लाख



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने नरेंद्र मोदी के शासनकाल के 12 वर्षों को ऐतिहासिक और स्वर्णिम बतलाते हुए कहा कि मोदी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों तक केंद्र सरकार की योजनाओं को पहुंचाया एवं सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के नारे को धरातल पर उतारने का काम किया है। श्री साहू ने पलामू में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। प्रदेश अध्यक्ष साहू ने कहा कि 2014 में जब नरेंद्र मोदी ने शपथ लिया था तब उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर, शोषित, वंचित सभी वर्गों, सभी समाज के लिए समर्पित रहेगी। तब से१ लेकर आज तक 12 वर्षों में मोदी सरकार ने ऐतिहासिक और उल्लेखनीय कार्य किए हैं। श्री साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का ध्येय है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचे और हर व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान हो, इसी मूल मंत्र के साथ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय एवं अटल बिहारी वाजपेई के सपने को नरेंद्र मोदी पूरा कर रहे हैं। इन 12 वर्षों में विकास की नयी गाथा लिखी गयर है, पूरी दुनिया में भारत का परचम लहरा रहा है, भारत की ओर आज पूरा विश्व आशा भरी निगाहों से देख रहा है, यही तो बदलता भारत है। नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लिया है, वह देश के हर नागरिक का संकल्प है, इसे हम सभी मिलकर पूरा करेंगे। श्री साहू ने कहा कि 2014 से पहले और 2014 के बाद देश की स्थिति में आए बदलाव की तुलना करने पर सब कुछ स्पष्ट हो जाता है कि मोदी सरकार ने क्या-क्या क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। देश आजाद होने के बाद पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने गरीबों एवं वंचितों की सुधि ली है। कई प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से नरेंद्र मोदी ने देश के हर गांव के हर दरवाजे तक दस्तक देने का काम किया है। पहले भी कई सरकारें आई परंतु किसी ने गांव-गरीबों की चिंता नहीं की। केवल वोट बैंक के रूप में इनका इस्तेमाल किया गया। गरीबों का दर्द एक गरीब का बेटा ही समझ सकता है। जिस प्रकार का कार्य नरेंद्र मोदी की सरकार ने किया है, ऐसा ही कार्य पूर्ववर्ती सरकारें करती तो देश आज किस बुलंदी पर होता, यह समझा जा सकता है।श्री साहू ने कहा कि पूरे देश में 2014 से पहले अराजकता चरम पर थी। महिलाओं-बहनों के साथ खुलेआम अत्याचार होता था। कश्मीर में आतंकवादियों का दुस्साहस किसी से छुपा नहीं है। देश में सीरियल बम ब्लास्ट आम बात थी। मोदी सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति के कारण आतंकवाद हो या नक्सलवाद, आज इस पर काफी हद तक काबू पाया जा चुका है। आखिर 2014 के पहले किसके इशारे पर ऐसी घटनाएं होती थी ? आज देश तो वही है परंतु ऐसी घटनाएं क्यों नहीं हो रही है ? नेतृत्व और इच्छा शक्ति मजबूत हो तो कोई भी दुश्मन आंख नहीं दिखा सकता है। श्री साहू ने कहा कि नरेंद्र मोदी के लिए देश की 140 करोड़ की जनता उनके परिवार के सदस्य के समान हैं। नरेंद्र मोदी सबकी चिंता करते हैं तो जनता भी प्रधानमंत्री को इतना ही प्यार देती है। लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाकर जनता ने साबित कर दिया कि जनता भी मोदी की उतनी ही चिंता करती है। जनता का ही आशीर्वाद है कि नरेंद्र मोदी सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री बनने वाले पहले पीएम बन गए हैं। श्री साहू ने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद झारखंड में भी क्रांतिकारी बदलाव आए हैं।

## एक झलक

### हंटरगंज में डीजे वाहन पलटा, युवक की मौत

**चतरा :** चतरा जिले के हंटरगंज-पांडेयपुरा मुख्य मार्ग पर कारनी मोड़ के पास हुए एक भीषण सड़क हादसे में शादी की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं। यहां एक डीजे लदी सवारी गाड़ी पलटने से 20 वर्षीय युवक अभिषेक कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब 9 बजे प्रतापपुर के घोड़दौड़ गांव से चार युवक गाड़ी में पेट्रोल भरवाने पांडेयपुरा जा रहे थे। इसी दौरान कारनी मोड़ के पास चालक ने नियंत्रण खो दिया और गाड़ी पलट गई। मृतक अभिषेक के घर में चचेरे भाई की बारात जाने की तैयारी चल रही थी, लेकिन इस घटना से पूरे परिवार में चीख-पुकार मच गई। पांडेयपुरा पिकेट प्रभारी सुनील दुबे ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। एक घायल हेमंत कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे मगध मेडिकल कॉलेज, गया रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गयी है।

### देवर-भाभी के प्रेम प्रसंग में भाई ने ली भाई की जान, चार हिरासत में

**चतरा :** जिले के हंटरगंज प्रखंड स्थित सेलवार गांव से रिश्तों को शर्मसार करने वाली एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहाँ देवर-भाभी के प्रेम प्रसंग से नाराज एक बड़े भाई ने अपने ही सगे छोटे भाई की गला घोंटकर बेरहमी से हत्या कर दी। मृतक की पहचान 35 वर्षीय देवचरण यादव के रूप में हुई है। शुरुआत में पुलिस को यह मामला दो पक्षों के बीच दीवार निर्माण के विवाद का लग रहा था। लेकिन हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने तफ्तीश के बाद चौंकाने वाला खुलासा किया। पुलिस के मुताबिक, मृतक देवचरण का अपनी सगी भाभी के साथ अवैध प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसकी भनक जब बड़े भाई कामदेव यादव को लगी, तो उसने खौफनाक साजिश रचकर छोटे भाई की जान ले ली। हत्या की इस वारदात के बाद मृतक की पत्नी ने हंटरगंज थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी बड़े भाई, भाभी और उनके बेटे-बेटी समेत कुल चार लोगों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया है। मामले की वैज्ञानिक और पुख्ता जांच के लिए रांची से फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है, जो साक्ष्य जुटाने में लगी है।

## सोशल मीडिया पर प्रसारित विद्यालय सम्बन्धी शिकायत पर उपायुक्त ने लिया तत्काल संज्ञान

# निष्पक्ष जांच व आवश्यक कार्रवाई के दिये निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त रवि आनंद ने सोशल मीडिया पर प्रसारित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, आरा, मोकतमा से संबंधित शिकायतों का तत्काल संज्ञान लिया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित समाचार में विद्यालय के एक शिक्षक पर स्कूली बच्चों के साथ कथित मारपीट, बच्चों से विद्यालय में कार्य कराने, शिकायत करने पर नाम काटने की धमकी देने तथा बच्चों के साथ दुर्व्यवहार किए जाने के आरोप लगाए गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को तत्काल निष्पक्ष, पारदर्शी एवं तथ्यपरक जांच करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान सभी संबंधित पक्षों का पक्ष सुना जाए तथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं तथ्यों के आधार पर निर्धारित समय सीमा के भीतर जांच प्रतिवेदन समर्पित किया जाए। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि यदि जांच में सोशल मीडिया पर लगाए गए आरोपों की पुष्टि होती है, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध प्रचलित नियमों एवं विधि-सम्मत प्रावधानों के तहत कड़ी विभागीय एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय बच्चों के शिक्षा, सुरक्षा एवं सर्वांगीण विकास के केंद्र हैं। बच्चों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार, शारीरिक दंड अथवा उनके अधिकारों का उल्लंघन किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है। जिला प्रशासन बच्चों के हितों की रक्षा तथा गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधीक्षक एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जांच निष्पक्ष एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि तथ्यों के अनुरूप त्वरित कार्रवाई की जा सके।

## सोनवर्षा देवी मंडप के पास वर्षों से बंद पड़ी है जलमीनार, पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीण



मुखिया को कई बार दी गयी सूचना, मिस्त्री जांच कर ले गया स्टार्टर, आज तक नहीं हुई मरम्मत; श्रद्धालुओं को भी हो रही भारी परेशानी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** प्रतापपुर प्रखंड के बभने पंचायत अंतर्गत सोनवर्षा देवी मंडप के समीप स्थापित जलमीनार पिछले दो-तीन वर्षों से खराब पड़ा है। जलमीनार बंद रहने से आसपास के ग्रामीणों के साथ-साथ देवी मंडप में पूजा-अर्चना के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि जलमीनार खराब होने की सूचना कई बार पंचायत के मुखिया संगीता देवी को दी गई, लेकिन अब तक इसे दुरुस्त नहीं कराया गया। स्थानीय ग्रामीण दिनेश कुमार, गणेश भारती, अर्जुन दास, कमला देवी, रामबृक्ष एवं सुरेन्द्र प्रजापति ने बताया कि हालांकि एक बार मुखिया जी की ओर से मिस्त्री भेजा गया था। जो बोरिंग और अन्य मशीनों की जांच कर स्टार्टर खराब होने की बात कही और उसे रांची ले जाकर बनवाने की बात कहते हुए अपने साथ ले गया। इसके बाद स्टार्टर वापस लगाया गया परंतु पानी चालू नहीं हो पाया। ग्रामीणों का आरोप है कि जो स्टार्टर रांची से बन कर आया उसे कहीं अन्यत्र दूसरे जल मीनार में लगा दिया गया तथा कोई अन्य खराब स्टार्टर देवी मंडप के पास वाले जलमीनार में लगा कर मिस्त्री चलते बना। ग्रामीणों का कहना है कि जलमीनार बंद रहने से सबसे अधिक परेशानी देवी मंडप में आने वाले श्रद्धालुओं को होती है। मंदिर परिसर की साफ-सफाई, पूजा-पाठ और अन्य धार्मिक कार्यों के लिए पानी की आवश्यकता पड़ने पर लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रखंड एवं जिला प्रशासन से अविलंब पहल करते हुए खराब पड़े जलमीनार की मरम्मत कराने और क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। उनका कहना है कि बरसों से बंद पड़ी इस महत्वपूर्ण पेयजल व्यवस्था को जल्द शुरू कराया जाए, ताकि ग्रामीणों और श्रद्धालुओं को राहत मिल सके।

## चतरा में झामुमो का बूथ सम्मेलन, विनोद पांडेय ने संगठन मजबूत करने का दिया मंत्र

**चतरा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की ओर से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के उद्देश्य से रविवार को चतरा जिला मुख्यालय में जिला स्तरीय बूथ सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में उनके पहुंचने पर कार्यकताओं ने फूल-मालाओं और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। इसके बाद दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का उद्घाटन किया गया तथा पार्टी के संस्थापक नेताओं और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सम्मेलन को संबोधित करते हुए विनोद पांडेय ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी ताकत उसके बूथ स्तर के कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने सभी बूथों पर सक्रिय कमेटियों के गठन, नियमित बैठकों और जनता से निरंतर संपर्क बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकताओं से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने की अपील करते हुए कहा कि विपक्ष के प्रचार का जवाब जनता के बीच रहकर और विकास कार्यों के माध्यम से दिया जाना चाहिए। सम्मेलन में जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों और गांवों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में महिला कार्यकताओं की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्मेलन का समापन हुआ।

## स्वर्गीय नारायण मोदी की स्मृति में सार्वजनिक श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** अहिवरण वंशज मोदी वर्णवाल समाज कोडरमा के तत्वावधान में मोदी सेवा सदन रजगड़िया रोड में पूर्व उप विकास आयुक्त स्वर्गीय नारायण मोदी की पुण्य स्मृति में एक सार्वजनिक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोगों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लेकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।सभा को संबोधित करते हुए उनके सुपुत्र शशिकांत सिंकर ने अपने पिता के संघर्षपूर्ण जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वर्गीय नारायण मोदी जी ने बाल्यावस्था में शिक्षा प्राप्त करने के दौरान अनेक कठिनाइयों और उतार-चढ़ाव का सामना किया। सीमित संसाधनों और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी तथा दृढ़ संकल्प, कठिन परिश्रम और लगन के बल पर अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय नारायण मोदी जी ने पहली ही बार में सरकारी प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रशासनिक सेवा में स्थान प्राप्त किया और अपने कार्यकाल में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा की मिसाल कायम की। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय नारायण मोदी का जीवन संघर्ष, सादगी, ईमानदारी और समाज सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण है। उनके आदर्श और विचार आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

## एक दिवसीय लॉलीपॉप क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कुंडहित (जामताड़ा) :** हूल दिवस के अवसर पर रविवार को कुंडहित प्रखंड की पालाजोड़ी पंचायत अंतर्गत सालुका क्रिकेट मैदान में बजरंग क्लब के तत्वावधान में एक दिवसीय लॉलीपॉप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व जिला परिषद सदस्य भजहरी मंडल, स्थानीय मुखिया तथा पंचायत समिति प्रतिनिधि सजल दास ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। आयोजकों ने बताया कि बजरंग क्लब द्वारा हूल दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष इस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है, जिसमें आसपास के क्षेत्रों की टीमें भाग लेती हैं। उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए पूर्व जिला परिषद सदस्य भजहरी मंडल ने कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट भारत का सबसे लोकप्रिय खेल है और इस खेल के माध्यम से देश के कई खिलाड़ियों ने अपना भविष्य संवारने के साथ-साथ देश का नाम भी रोशन किया है। उन्होंने सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी, रोहित शर्मा, शुभमन गिल, राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली का उदाहरण देते हुए खिलाड़ियों से अनुशासन एवं नशामुक्त जीवन अपनाकर खेल में आगे बढ़ने का आह्वान किया। साथ ही इस आयोजन के लिए बजरंग क्लब के सदस्यों को धन्यवाद दिया। स्थानीय मुखिया गीता पहाड़िया ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पूरी लगन और मेहनत से खेलें तथा आगे बढ़कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें। पंचायत समिति प्रतिनिधि सजल दास ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कमी नहीं है। यदि उन्हें उचित मंच और अवसर मिले तो वे भी राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना सकते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से निरंतर अभ्यास करने एवं नशामुक्त रहकर खेल को आगे बढ़ाने की अपील की। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच बनकटी और महुला की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें रोमांचक मुकाबले के बाद महुला की टीम ने जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। इस अवसर पर बजरंग क्लब के सदस्य उदित साधु, दीपांकर बावरी, अभिजीत मंडल, राकेश वाद्यकर, प्रदीप बावरी, अनुराग माझी, तापस पाल सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी एवं सैकड़ों दर्शक उपस्थित थे।

## अवैध बालू ढुलाई में लगा ट्रैक्टर जब्त कार्रवाई के लिए सीओ को भेजी गयी रिपोर्ट



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर :** थाना क्षेत्र के असनाबांध गांव के समीप शनिवार की रात भवनाथपुर पुलिस ने अवैध रूप से बालू की ढुलाई कर रहे एक ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आई। पुलिस के अनुसार जब्त ट्रैक्टर असनाबांध निवासी हरिहर यादव का बताया जा रहा है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए थाना की ओर से ट्रैक्टर एवं उसके मालिक के विरुद्ध अंचलाधिकारी को पत्राचार किया गया है। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गश्ती के दौरान एक संदिग्ध ट्रैक्टर चालक पुलिस को देख भागने लगा पीछा करते हुए ट्रैक्टर को रोककर जांच की गई, जिसमें अवैध तरीके से बालू का उत्खनन कर परिवहन करते हुए पाया गया। इसके बाद ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया। गौरतलब है कि हरिहर यादव के विरुद्ध अवैध बालू उत्खनन, भंडारण एवं ढुलाई के आरोप में पूर्व में भी भवनाथपुर थाना कांड संख्या 104/24 दर्ज है। इस संबंध में थाना प्रभारी रजनी रंजन ने बताया कि अवैध खनन और बालू परिवहन के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। जब्त ट्रैक्टर के संबंध में नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई के लिए अंचलाधिकारी को प्रतिवेदन भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन और परिवहन में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जायेगा।

# दीप प्रज्वलित कर उपायुक्त ने राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारम्भ

## तीन दिवसीय अभियान में जिले के 1.55 लाख से अधिक बच्चों को पिलायी जायेगी पोलियो की खुराक, 998 बूथों पर की गयी व्यवस्था



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 2026 का शुभारंभ सदर अस्पताल परिसर से किया गया। उपायुक्त संदीप कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान की औपचारिक शुरूआत की और सभी से इसे सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की। जिले में यह अभियान 28 से 30 जून तक तीन दिनों तक चलेगा। पहले दिन यानी 28 जून को बूथ दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस दिन जिलेभर में बनाए गए पोलियो बूथों पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मी और आंगनबाड़ी सेविकाएं शून्य से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिला रही हैं। इसके बाद 29 और 30 जून को घर-घर जाकर उन बच्चों को दवा दी जाएगी, जो बूथ दिवस पर किसी कारण से छूट गए होंगे।स्वास्थ्य विभाग ने इस अभियान के तहत जिले के 1 लाख 55 हजार 359 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए कुल 998 बूथ बनाए गए हैं। इनमें शहरी क्षेत्र में 24 और ग्रामीण क्षेत्रों में 974 बूथ शामिल हैं। अभियान के सफल संचालन के लिए 1,995 कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग की टीमें 1 लाख 32 हजार 487 घरों तक पहुंचकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी।यात्रा के दौरान कोई भी बच्चा दवा से वंचित न रह जाए, इसके लिए बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, हाट-बाजार तथा अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष ट्रांजिट टीमों की तैनाती की गई है। ये टीमें आने-जाने वाले परिवारों के बच्चों को मौके पर ही पोलियो की खुराक पिलाएंगी।वहीं उपायुक्त संदीप कुमार ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को हर बार पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं, चाहे उन्हें पहले भी यह खुराक दी जा चुकी हो। उन्होंने कहा कि पोलियो उन्मूलन के लिए सभी की भागीदारी जरूरी है और दो बूंद जिंदगी कीझहर बार, हर बच्चा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है।

### पल्स पोलियो अभियान शुरू, उपायुक्त ने नवजात बच्चों को दवा पिला कर किया शुभारम्भ




0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बून्द अवश्य पिलायें : उपायुक्त

**कोडरमा :** जिले में 28 से 30 जून 2026 तक आयोजित होने वाले पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 1,56,732 (एक लाख छप्पन हजार सात सौ बत्तीस) बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाई जाएगी। अभियान को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।अभियान का विधिवत शुभारंभ रविवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने सदर अस्पताल, कोडरमा में नवजात बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, उपाधीक्षक डॉ. रंजीत कुमार तथा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की ने भी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई।उपायुक्त ने बताया कि 28 जून को जिले के 908 पोलियो बूथों पर अधिकतम बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वहीं 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर उन बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी, जो किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच सके, ताकि कोई भी बच्चा अभियान से वंचित न रहे। उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने में जिला प्रशासन का सहयोग करें तथा अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं। साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि पोलियो मुक्त और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए प्रत्येक बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, उपाधीक्षक डॉ. रंजीत कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती कनक कुमारी तिर्की, जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार शर्मा, जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक महेश कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारम्भ



**कुंडहित (जामताड़ा) :** रविवार को मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जिप सदस्या रीना मंडल,प्रभारी चिकित्सक डॉ० उजला मुर्मू एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य भजहरि मंडल के द्वारा संयुक्त रूप से पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया।मौके पर जिप सदस्या रीना मंडल,प्रभारी चिकित्सक डॉ उजाला मुर्मू एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य भजहरि मंडल द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थित नवजात शिशु को पल्स पोलियो पियाला गया। मौके पर प्रभारी चिकित्सक डॉ उजाला मुर्मू ने कहा कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 28 जून से 30 जुन तक चलाया जाएगा ।जिसमें निर्धारित 157 बुथों में 18030 बच्चों का पीलाने का लक्ष्य मिला है।उन्होंने कहा कि अभियान में 157 वैक्सीनेटर तथा 30 सुपरवाइजर कार्य कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि पल्स पोलियो अभियान 3 दिन तक चलाया जाएगा। जिसमें 28 जून को बुथ में बच्चों को पल्स पोलियो पिलाया जा रहा है और 29 एवं 30 जुन को डोर टू डोर छूटे हुए बच्चों को पल्स पोलियो पिलाया जाएगा।मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य भजहरि मंडल ने कहा कि पूरे भारतवर्ष में पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूंद पिलाया जा रहा है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण अभियान है।उन्होंने कहा कि भारत सरकार पल्स पोलियो को जड़ से मिटाने के लिए अभियान जो चलाया है वह सराहनीय है।उन्होंने कहा कि पल्स पोलियो हमारे देश में काफी मात्रा में फैला हुआ था जो सरकार के प्रयास से एवं सभी स्वास्थ्य कर्मी के प्रयास से यह महामारी बीमारी को जड़ से मिटाने में हम सब सफलता हासिल किए हैं।

### भवनाथपुर में तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान शुरू, 38,524 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य



**भवनाथपुर :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में रविवार को तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाकर किया। यह अभियान 28 से 30 जून तक चलेगा, जिसके तहत शून्य से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने भवनाथपुर, केतार एवं खरौंधी प्रखंडों में कुल 38,524 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए 178 पोलियो बूथ तथा दो ट्रांजिट बूथ बनाए गए हैं, जहां बच्चों को दवा पिलाई जा रही है। अभियान को सफल बनाने के लिए 208 सहियाओं एवं 148 अन्य स्वैच्छिक कार्यकताओं की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं, 37 सुपरवाइजर पूरे अभियान की निगरानी करेंगे। स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को भी पोलियो की खुराक पिलाएंगी। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं, ताकि कोई भी बच्चा इस अभियान से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि पोलियो मुक्त समाज के निर्माण में सभी की सहभागिता आवश्यक है। उद्घाटन कार्यक्रम में प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक, डॉ. प्रभात कुमार, डॉ. अभिनीत विश्वास, डब्ल्यूएचओ के प्रभात कुमार मिश्रा, अरुण लकड़ा, गुलाब खलखो, उपेंद्र कुमार सहित कई स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

### पल्स पोलियो अभियान शुरू, 30 जून तक पिलायी जायेगी 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा



**मेदिनीनगर :** सिविल सर्जन, पलामू डॉ. अनिल श्रीवास्तव एवं जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ. एस. के. रवि द्वारा मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज सह सदर अस्पताल, पलामू से जिला स्तरीय पल्स पोलियो अभियान-2026 का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पाँच वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलवाकर अभियान को सफल बनाएं।28 से 30 जून तक जिले में पोलियो अभियान संचालित होगा। इसके तहत 3.97 लाख बच्चों को पोलियो रोधक खुराक पिलाई जाएगी। इस विशेष अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के 3,97,521 बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाई जाएगी, जिसके लिए जिले में कुल 1,657 बूथ और 1,882 टीमें तैनात की गई हैं। वहीं मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अभियान के पहले दिन विभिन्न बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलायी जायेगी। इसके बाद अगले दो दिनों तक स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाने का कार्य करेंगे। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद जरूर पिलवाएं।

**'दो बूंद जिन्दगी की' से पोलियो मुक्त भविष्य का संकल्प**

स्वास्थ्य विभाग 'दो बूंद जिंदगी की' संदेश के साथ जिले को पोलियो मुक्त बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। वहीं, अधिकारियों ने कहा कि इस सामूहिक भागीदारी और अभिभावकों के सहयोग से ही इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है।इस कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रबंधक एवं सदर अस्पताल के हॉस्पिटल मैनेजर सहित अन्य स्वास्थ्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## एक झलक

### घायल लावारिस बछिया का उपचार कर गोशाला में दिलाया सुरक्षित आश्रय

**धनबाद/पुटकी :** श्री कृष्ण गो फाउंडेशन की टीम ने रविवार को मानवता और पशु सेवा का परिचय देते हुए फुसबंगला क्षेत्र से करीब तीन माह की घायल लावारिस बछिया का रेस्क्यू किया। सूचना मिलने पर संस्था के सदस्य मौके पर पहुंचे और बछिया को सुरक्षित बाहर निकालकर उपचार के लिए पुटकी ले गए। पशु चिकित्सक डॉ. आर.एन. मंडल ने बछिया का प्राथमिक उपचार किया तथा उसकी स्वास्थ्य जांच के बाद बेहतर देखभाल की आवश्यकता बताई। इसके बाद संस्था की पहल पर बछिया को कपूरिया स्थित जीव हित वेलफेयर फाउंडेशन की गौशाला में सुरक्षित आश्रय दिलाया गया, जहां उसकी नियमित देखभाल और उपचार किया जाएगा। संस्था के संस्थापक सूरज गिरी उर्फ विशाल ने बताया कि श्री कृष्ण गो फाउंडेशन लगातार घायल और लावारिस गोवंश के संरक्षण एवं उपचार का कार्य कर रही है। इस दौरान पशु चिकित्सक डॉ. आर.एन. मंडल, संस्था के संस्थापक सूरज गिरी उर्फ विशाल, ईशू कुमार, विकास गोस्वामी सहित संस्था के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### कोनाटांड़ पहुंचे विधायक, दिवंगत माले कार्यकर्ता मुक्तेश्वर महतो को दी श्रद्धांजलि

**धनबाद/बलियापुर :** भाकपा (माले) के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता मुक्तेश्वर महतो (63) के निधन पर सिंदरी विधायक चन्द्रदेव महतो रविवार को बलियापुर प्रखंड के कोनाटांड गांव स्थित उनके आवास पहुंचे। विधायक ने दिवंगत के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान विधायक ने कहा कि मुक्तेश्वर महतो एक कर्मठ, जुझारू और जनसरोकारों के प्रति समर्पित कार्यकर्ता थे। उनके निधन से क्षेत्र ने एक सक्रिय सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता को खो दिया है, जिसकी भरपाई आसान नहीं होगी। उन्होंने शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य रखने की बात कही और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। विधायक चन्द्रदेव महतो ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उनके आगमन पर स्थानीय ग्रामीणों और पार्टी कार्यकताओं ने भी मुक्तेश्वर महतो को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया। गांव में शोक का माहौल बना रहा और बड़ी संख्या में लोगों ने अंतिम दर्शन कर दिवंगत को नम आंखों से विदाई दी।

### दिव्यांग युवक के विवाह में दिव्यांश शक्ति फाउंडेशन ने बढ़ाया सहयोग का हाथ

**बाघमारा (धनबाद) :** सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय दिव्यांश शक्ति फाउंडेशन ट्रस्ट ने रविवार को कतरास स्थित प्रसिद्ध मां लिलोरी मंदिर परिसर में आयोजित एक दिव्यांग युवक के विवाह समारोह में आर्थिक सहयोग देकर मानवता की मिसाल पेश की। ट्रस्ट ने दिव्यांग युवक कुंदन कुमार पासवान के विवाह के अवसर पर आर्थिक सहायता प्रदान की तथा नवविवाहित जोड़े को उपहार भेंट कर उनके सुखद और सफल दांपत्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा कि दिव्यांश शक्ति फाउंडेशन का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक सहायता पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि संस्था भविष्य में भी दिव्यांग भाई-बहनों की शादी, शिक्षा, इलाज और अन्य आवश्यक जरूरतों में हरसंभव सहयोग करती रहेगी। कार्यक्रम में ट्रस्ट के सचिव गोवर्धन रजक, सक्रिय सदस्य रमेश महतो सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। स्थानीय ग्रामीणों और मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने संस्था की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्य दूसरों के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं। समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए और नवदंपति को शुभकामनाएं दीं।

### हरिना में जलजमाव से घरों में घुस रहा गंदा पानी, कार्रवाई नहीं होने पर आन्दोलन की चेतावनी

**बाघमारा :** हरिना के ऊपर टोला स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के समीप जलजमाव की समस्या से स्थानीय ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। हल्की बारिश के बाद भी सड़क पर जमा गंदा पानी आसपास के कई घरों में घुस जाता है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गंदे पानी के साथ कचरा, प्लास्टिक, मिट्टी और अन्य अपशिष्ट भी घरों तक पहुंच रहे हैं। मामले को लेकर हरिना बस्ती के सामाजिक कार्यकर्ता विकास रजवार ने ई-समाधान पोर्टल के माध्यम से पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता को शिकायत भेजी है। शिकायत में बताया गया है कि जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में स्थिति और गंभीर हो जाती है। इससे जल प्रदूषण के साथ मलेरिया, डेंगू और जीका जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है।

# पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** जिले में रविवार से तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत हो गई। धनबाद सदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सन्नी राज ने पांच वर्ष तक के बच्चों को ₹दो बूंद जिंदगी की₹ पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं, ताकि कोई भी बच्चा इस जानलेवा बीमारी से प्रभावित न हो। शुभारंभ के अवसर पर डीडीसी ने कहा कि पोलियो उन्मूलन की दिशा में यह अभियान बेहद महत्वपूर्ण है। बरसात के मौसम में संक्रमण की आशंका को देखते हुए सरकार हर बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि समाज की भागीदारी से ही पोलियो मुक्त भारत के लक्ष्य को स्थायी रूप से बनाए रखा जा सकता है। सिविल सर्जन डॉ. आलोक विश्वकर्मा ने बताया कि जिले में 28 से 30 जून तक चलने वाले अभियान के दौरान 4 लाख 24 हजार 729 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पहले दिन 1976 बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई जा रही है, जबकि 29 और 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक देंगी।



उन्होंने बताया कि अभियान के लिए 1873 स्थायी बूथ, 79 ट्रांजिट बूथ, 16 मोबाइल टीमें और एक विशेष आठ सदस्यीय टीम गठित की गई है। अभियान की निगरानी के लिए 392 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं, जबकि दवा की गुणवत्ता और समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 137 सब-डिपो बनाए गए हैं। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. आलोक विश्वकर्मा, जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ. रोहित गौतम, उपाधीक्षक डॉ. संजीव कुमार प्रसाद, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ. दीपक कुमार, डीपीएम प्रतिमा कुमारी, एमओआईसी डॉ. अनिता चौधरी सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## तिसरा में पल्स पोलियो अभियान शुरू, सैकड़ों बच्चों को पिलायी गयी दो बूंद जिंदगी की खुराक

**झरिया/धनबाद :** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को तिसरा एवं आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न बूथों पर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। अभियान के पहले दिन सैकड़ों बच्चों को ₹दो बूंद जिंदगी की₹ दवा देकर पोलियो से बचाव का संदेश दिया गया। यग धौरा गोलकडीह स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में वार्ड 46 की पार्षद रानी देवी ने फीता काटकर अभियान का शुभारंभ किया तथा बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य देश को पूरी तरह पोलियो मुक्त बनाए रखना है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि पहले दिन बूथों पर दवा पिलाई गई, जबकि अगले दो दिनों तक स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक देंगे। अभियान के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोलकडीह, गुप्ता मेडिकल, एमओसीपी नॉर्थ तिसरा, जयरामपुर जिनागोरा, सेठ कोठी, लक्ष्मी कोलियरी, पारबाद और बागडिगी सहित विभिन्न केंद्रों पर भी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। कार्यक्रम में एएनएम चंदन चटर्जी, सीएचओ निर्मला कुमारी, सहिया साथी रेखा भट्ट, बबीता देवी, सेविका गीता देवी, सहायिका राधा देवी सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं स्वास्थ्य विभाग के डॉ. राजेश गुप्ता ने विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर अभियान की प्रगति का जायजा लिया।

## भाकपा माले के जिला सम्मेलन में संगठन विस्तार और जनसंघर्ष तेज करने पर जोर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** भाकपा माले के 14वें जिला सम्मेलन में संगठन की मजबूती, जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों तथा आगामी राजनीतिक रणनीति पर व्यापक चर्चा की गई। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो शामिल हुए। जिलाभर से पहुंचे पार्टी पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों और कार्यकताओं की मौजूदगी में संगठन विस्तार तथा जन-अधिकारों की लड़ाई को और तेज करने का संकल्प लिया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों में आम जनता के अधिकारों की रक्षा सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही जनता की आवाज को प्रभावी ढंग से उठा सकता है। इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों की समस्याओं को समझना और उन्हें आंदोलन के माध्यम से उठाना होगा। उन्होंने बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मूलभूत मुद्दों पर संघर्ष को और धारदार बनाने का आह्वान किया। विधायक ने कहा कि भाकपा माले हमेशा से गरीबों, मजदूरों, किसानों और वंचित तबकों की आवाज रही है। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत कर जनविरोधी नीतियों के खिलाफ व्यापक जनआंदोलन खड़ा करने की जरूरत है। सम्मेलन में जिला कमेटी की ओर से संगठन की आगामी कार्ययोजना, सदस्यता अभियान और सांगठनिक विस्तार पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान उपस्थित कार्यकताओं ने संगठन को मजबूत बनाने और जनता के हितों की लड़ाई पूरी निष्ठा के साथ लड़ने का संकल्प लिया।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को लेकर वॉलिंटियर्स का प्रशिक्षण, बीएलओ को करेंगे सहयोग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** आगामी विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान को सफल और त्रुटिरहित बनाने की दिशा में प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में रविवार को न्यू टाउन हॉल में धनबाद विधानसभा क्षेत्र के वॉलिंटियर्स के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे ने प्रशिक्षण का नेतृत्व करते हुए वॉलिंटियर्स को अभियान के दौरान उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों से अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान वॉलिंटियर्स को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की पूरी प्रक्रिया समझाई गई। उन्हें विभिन्न प्रपत्रों को भरने, अनुपस्थित (एब्सेंट), स्थानांतरित (शिफ्टेड), मृत तथा डुप्लीकेट मतदाताओं की पहचान करने और गणना प्रपत्र तैयार करने संबंधी व्यावहारिक जानकारी दी गई।



अधिकारियों ने बताया कि वॉलिंटियर्स बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ समन्वय स्थापित कर घर-घर जाकर मतदाता संबंधी सूचनाओं के सत्यापन में सहयोग करेंगे। एसडीएम लोकेश बारंगे ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है। इसमें वॉलिंटियर्स की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं से पूरी निष्ठा, निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपील की, ताकि पात्र मतदाताओं का नाम सूची में शामिल हो और अपात्र नामों को हटाया जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, अंचल अधिकारी धनबाद राम प्रवेश तथा अंचल अधिकारी पुटकी विकास आनंद सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने वॉलिंटियर्स की शंकाओं का समाधान करते हुए अभियान को सफल बनाने के लिए प्रशासन के साथ सक्रिय सहयोग का आह्वान किया।

## एंटी क्राइम चेकिंग अभियान में 1096 वाहनों की जांच, संदिग्धों का हुआ सत्यापन

**धनबाद :** जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर शनिवार की देर शाम तक व्यापक एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने प्रमुख चौक-चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर सघन वाहन जांच अभियान संचालित किया। अभियान के दौरान कुल 1096 वाहनों की जांच की गई। पुलिस ने वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, बीमा समेत अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया। जिन वाहनों के कागजात अधूरे या नियमों के अनुरूप नहीं पाए गए, उनके खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई तथा संबंधित चालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गये। इसके अलावा पुलिस ने अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी लेकर उनकी पहचान का भी सत्यापन किया।

## राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की तैयारी तेज युवा चंद्रवंशी समाज ने बनायी रणनीति

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा, झारखंड प्रदेश युवा प्रकोष्ठ की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को धनबाद परिषदन में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश युवा अध्यक्ष आकाश रवानी ने तथा संचालन पवन कुमार चंद्रवंशी ने किया। बैठक में आगामी 18 और 19 जुलाई को रांची में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक को सफल बनाने के लिए संगठनात्मक रणनीति तैयार की गई। प्रदेश भर से अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

प्रदेश युवा अध्यक्ष आकाश रवानी ने कहा कि समाज के युवाओं को एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सूरज



सिंह को कथित रूप से झूठे मामले में फंसाया जाना निंदनीय है। इस मामले में संगठन का प्रतिनिधिमंडल 1 जुलाई को लातेहार जाकर संबंधित अधिकारियों से मुलाकात करेगा और न्याय दिलाने का हरसंभव प्रयास करेगा। उन्होंने झारखंड सरकार से अत्यंत पिछड़ा समाज के पूर्ण गठन की मांग भी उठाई। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष राहुल चंद्रवंशी ने कहा कि समाज अब संगठित हो रहा है और अपने राजनीतिक अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करेगा। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए गोलू रवानी, अभय चंद्रवंशी एवं वैभव चंद्रवंशी को प्रदेश उपाध्यक्ष, पवन कुमार चंद्रवंशी को प्रदेश महासचिव तथा सर्वण कुमार को प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया। इस अवसर पर दिनेश रवानी, अजय रवानी, अजीत चंद्रवंशी, रोहित रवानी, सौरभ चंद्रवंशी, श्यामसुंदर चंद्रवंशी, मिक्की रवानी, रवि कुमार सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मशीन लर्निंग व एआई पर पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** राजकीय पॉलिटेक्निक धनबाद में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईसीटी अकादमी के अंतर्गत सी-डैक, पटना द्वारा आयोजित पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन हो गया। 22 जून से शुरू हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में धनबाद, भागा और निरसा के राजकीय पॉलिटेक्निक, आईटीआई धनबाद, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज, गुरु नानक कॉलेज तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों की उपयोगिता, अनुप्रयोग और शैक्षणिक क्षेत्र में इनके प्रभाव पर विस्तार से जानकारी दी। समापन समारोह से पूर्व प्रतिभागियों के लिए क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसके बाद सभी को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में सी-डैक, पटना के साइंटिस्ट 'बी' रंजन कुमार, सीनियर प्रोजेक्ट इंजीनियर हृदय राम वर्मा तथा प्रोजेक्ट इंजीनियर आदित्य शर्मा ने विभिन्न तकनीकी विषयों पर प्रशिक्षण दिया। समापन अवसर पर जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी सुनीता तुलसियान और एनआईसी के सुनील कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## धरना-प्रदर्शन को लेकर एफसीआई प्रबंधन ने प्रशासन से मांगा सहयोग

**सिन्दरी (धनबाद) :** सिन्दरी में बेदखली अभियान के विरोध में सिंदरी बचाओ सामूहिक मोर्चा द्वारा 29 जून को एफसीआई मुख्य गेट पर प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन को लेकर प्रशासन और औद्योगिक प्रबंधन सतर्क हो गया है। कार्यक्रम के मद्देनजर एफसीआई प्रबंधन ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा औद्योगिक गतिविधियों के निर्बाध संचालन के लिए प्रशासन से सहयोग की मांग की है। एफसीआई के यूनिट प्रभारी विजय कुमार चौधरी ने सिंदरी के एसडीपीओ एवं थाना प्रभारी को आवेदन सौंपकर धरना के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने का अनुरोध किया है। आवेदन में कहा गया है कि प्रदर्शन के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो और कारखाने के संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, इसके लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाये। इधर, हर्ल के एचआर हेड विक्रांत कुमार ने भी प्रशासन को पत्र देकर आग्रह किया है कि 29 जून को कर्मचारियों के कारखाना परिसर में सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था की जाए तथा उत्पादन कार्य में किसी प्रकार का व्यवधान न आने दिया जाये।

## राज सिन्हा ने किया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का उद्घाटन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने रविवार को मनईटांड़ मंडल के बूथ संख्या 329 स्थित दुहाटांड़ हनुमान मंदिर परिसर में कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें संस्करण को सुना। कार्यक्रम के बाद उन्होंने मंडल अध्यक्ष इंद्रभूषण कुशवाहा एवं उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता की ओर से आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक राज सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में आत्मनिर्भर भारत की बढ़ती रक्षा क्षमता, स्वदेशी सैन्य उपकरणों, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, 'वोकल फॉर लोकल', प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन तथा विकसित भारत के निर्माण में जनभागीदारी और युवाओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रेरक विचार रखे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का प्रत्येक संदेश देशवासियों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करता है। नेत्र जांच शिविर के उद्घाटन के दौरान विधायक ने स्वयं भी आंखों की जांच कराई और लोगों से नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है तथा इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर लोगों में जागरूकता बढ़ाने के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व को भी मजबूत करते हैं। मौके पर महामंत्री रुपेश सिन्हा, रिंकू सिंह, दीपक झा, सतीश रजक, दिवेश सिंह, विकास गुप्ता, सपन कश्यप, अखिलेश गुप्ता, धीरज शर्मा, रंजीत सिंह, सनोज कुशवाहा, सुनीता साव, निशांत पंडित, पवन साव, अनमोला भारती, सुरेंद्र सिंह, गणेश महतो सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। विधायक ने शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## रक्तदान, स्वास्थ्य व नेत्र जांच शिविर में सैकड़ों लोगों ने लिया लाभ

**झरिया (धनबाद) :** मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा के 42वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को श्री अग्रवाल धर्मशाला, झरिया में सेवा और सामाजिक सरोकार का अनूठा संगम देखने को मिला। शाखा की ओर से आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर तथा नेत्र जांच शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर इसका लाभ उठाया। कार्यक्रम में कुल 48 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। वहीं 118 लोगों की स्वास्थ्य जांच तथा 66 लोगों की नेत्र जांच की गई। रक्तदान शिविर का सबसे प्रेरणादायक क्षण तब रहा, जब मंच के वरिष्ठ सदस्य संजय झुनझुनवाला ने 93वीं बार रक्तदान कर युवाओं को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे कई लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया, जबकि नेत्र रोग विशेषज्ञों ने आंखों की जांच कर जरूरतमंदों को उचित इलाज की सलाह दी। आयोजन के सफल संचालन में मंच के पदाधिकारियों व सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संजय झुनझुनवाला, विकास अग्रवाल, राकेश पोद्दार, अमित बंसल, राजेश अग्रवाल, मुकेश केजरीवाल, सुनील अग्रवाल, संदीप जालान, पंकज पोद्दार, सचिन अग्रवाल सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

## महिला सशक्तीकरण की दिशा में पहल, रोटरी क्लब धनबाद सेंट्रल ने शुरू किया 'आरसीडीसी सहेली सेंटर'

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रोटरी क्लब धनबाद सेंट्रल ने रविवार को बस्ताकोला में 'आरसीडीसी सहेली सेंटर' का शुभारंभ किया। केंद्र का उद्घाटन क्लब पदाधिकारियों एवं स्थानीय महिलाओं की उपस्थिति में किया गया। इस केंद्र में महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई, ब्यूटी केयर, हस्तशिल्प सहित विभिन्न रोजगारपरक प्रशिक्षण निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वे स्वरोजगार अपनाकर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। क्लब की ओर से प्रशिक्षण के लिए आवश्यक मशीनें एवं अन्य संसाधन भी उपलब्ध कराए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल सामाजिक आवश्यकता ही नहीं, बल्कि समाज के समग्र विकास की आधारशिला है। आत्मनिर्भर महिलाएं परिवार और समाज दोनों को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



रोटरी क्लब धनबाद सेंट्रल के पदाधिकारियों ने बताया कि भविष्य में इस केंद्र के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता, कौशल विकास, वित्तीय साक्षरता और स्वरोजगार से जुड़े अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे। स्थानीय महिलाओं ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे उन्हें अपने हुनर को निखारने और रोजगार के नए अवसर प्राप्त करने का मंच मिलेगा। क्लब ने समाज के विभिन्न वर्गों से इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग की अपील की।

## झरिया विधानसभा में बसपा की नयी कमेटी गठित



**झरिया/धनबाद :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की झरिया विधानसभा कमेटी का गठन रविवार को लक्ष्मी कोलियरी में आयोजित बैठक में किया गया। बैठक की अध्यक्षता धनबाद जिला अध्यक्ष अभय कुमार ने की, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष गणेश भारती ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश सचिव गौतम कुमार उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वसम्मति से महादेव भुईयां को झरिया विधानसभा अध्यक्ष, विनोद पासवान को विधानसभा प्रभारी, अजीत दास को उपाध्यक्ष, सूरजभान प्रसाद को महासचिव, नरेश राम को सचिव, प्रमोद कुमार को कोषाध्यक्ष, ब्रिजेश कुमार को बामसेफ संयोजक तथा मिराज आलम को बीवीएफ अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव गौतम कुमार ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, सदस्यता अभियान तेज करने और पार्टी की नीतियों को आम लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में रामेश्वर प्रसाद, सनोज कुमार, जावेद अंसारी, ओम भारती सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन सम्मानित

## 106 सार्थक सामाजिक परियोजनाओं के लिए सर्वश्रेष्ठ क्लब का पुरस्कार किया प्रदान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 325 के वार्षिक पुरस्कार समारोह में इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई महत्वपूर्ण सम्मान अपने नाम किए। रविवार को रांची स्थित बीएनआर चाणक्य होटल में आयोजित समारोह में डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन रश्मी गुप्ता ने क्लब की अध्यक्ष लीना झा को वर्ष 2025-26 की उत्कृष्ट प्रेसिडेंट के पुरस्कार से सम्मानित किया। वहीं रितु श्रीवास्तव को सर्वश्रेष्ठ सचिव, गीता चौबे को बेस्ट आईएसओ तथा क्लब को वर्षभर में संचालित 106 सार्थक सामाजिक परियोजनाओं के लिए सर्वश्रेष्ठ क्लब का पुरस्कार प्रदान किया गया। क्लब की उपाध्यक्ष रेनू कौशल ने बताया कि यह सम्मान वर्षभर किए गए सामाजिक सेवा, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यों के मूल्यांकन के आधार पर दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि क्लब को एक साथ कई पुरस्कार मिलना सभी सदस्यों की मेहनत, समर्पण और सेवा भावना का परिणाम है। इससे क्लब की सदस्याओं का उत्साह बढ़ा है और भविष्य में भी समाज के जरूरतमंद लोगों के लिए अधिक प्रभावी ढंग से कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। पुरस्कार समारोह में क्लब की अध्यक्ष लीना झा, उपाध्यक्ष रेनू कौशल, आईएसओ गीता चौबे, इंदिरा महापात्रा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थीं। सभी ने इस उपलब्धि को क्लब के सामूहिक प्रयास और समाज सेवा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया।




# मजदूर जदयू के जिला अध्यक्ष बने सुभाष चंद्र सिंह, अगस्त में कोल भवन के समक्ष महाधरने का एलान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** मजदूर जनता दल (यू) की ओर से रविवार को धनबाद परिसदन में एक दिवसीय बैठक सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन विस्तार के साथ श्रमिकों और विस्थापितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुभाष चंद्र सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, मजदूर जदयू के प्रभारी राजेंद्र राही, पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप यादव तथा प्रदेश महासचिव सुशील कुमार सिंह



मौजूद रहे। बैठक में जिला कार्यकारिणी की पहली सूची जारी करते हुए राम आसेर लाल, किशोर मिश्रा व दीपेश चौधरी को उपाध्यक्ष, पवन कुमार गुप्ता व वीरेंद्र कुमार को महासचिव, दीपक कुमार सिंह को सचिव, विद्या भूषण पासवान को संगठन सचिव तथा गौतम कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। पदाधिकारियों ने सुभाष चंद्र सिंह का अभिनंदन करते हुए उनके नेतृत्व में संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। बैठक में धनबाद की आउटसोर्सिंग कंपनियों के संचालन पर भी चिंता जताई गई। नेताओं ने आरोप लगाया कि कई कंपनियां नियमों की अनदेखी कर काम कर रही हैं और विस्थापितों व स्थानीय मजदूरों को अपेक्षित अधिकार एवं सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। इन मुद्दों को लेकर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अगस्त माह में कोल भवन के समक्ष एक दिवसीय महाधरना आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एफसीआई के बेदखली अभियान के विरोध में सिन्दरी में निकली बाइक रैली, अधिकारी ने लगाया अभद्रता का आरोप

**सिंदरी :** एफसीआई प्रबंधन के प्रस्तावित बेदखली अभियान के विरोध में रविवार को सिंदरी बचाओ सामूहिक मोर्चा के बैनर तले शहर में विशाल बाइक रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व मोर्चा के संयोजक एवं सेवानिवृत्त डीएसपी रविंद्र प्रसाद सिंह ने किया। यह रैली शहरपुरा, रंगामाटी, कुली कैंप, रोहड़ाबांध, केडी तथा डोमगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरी। रैली के दौरान मोर्चा के कार्यकताओं ने लोगों से 29 जून को एफसीआई के मुख्य प्रवेश द्वार पर आयोजित प्रस्तावित एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की। रविंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि एफसीआई के बेदखली अभियान के विरोध में चलाए जा रहे जनजागरण अभियान के तहत यह अंतिम कार्यक्रम था और धरना को सफल बनाने के लिए व्यापक जनसंपर्क किया गया। इधर, रैली के बाद सिंदरी खाद कारखाना के वित्तीय एवं प्रशासनिक सलाहकार देवदास अधिकारी ने सिंदरी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि रैली में शामिल कुछ लोगों ने रोहड़ाबांध स्थित उनके आवास के सामने रैली रोककर अभद्र भाषा का प्रयोग किया तथा अपशब्द कहे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारियों के आक्रामक व्यवहार से उनके परिवार की महिलाएं और बच्चे भयभीत हो गए। देवदास अधिकारी ने शिकायत में मोर्चा के संयोजक रविंद्र प्रसाद सिंह, मनोज मिश्रा, अरविंद खत्री, अरुण कुमार सिंह, मृत्युंजय सिंह, सतीश मिश्रा तथा 60-70 अज्ञात लोगों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत की प्रतिलिपि उन्होंने उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, धनबाद को भी ई-मेल के माध्यम से भेजी है।



### लगातार 07 वर्ल्डकप मैच में गोल करनेवाले फुटबॉलर बने मेसी

# फीफा वर्ल्ड कप : अर्जेंटीना ने जॉर्डन को 3-1 से हराया

**एजेंसी**

**अर्लिंगटन :** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी लगातार 7 वर्ल्ड कप मैच में गोल करने वाले दुनिया के पहले फुटबॉलर बने हैं। वे रविवार को ग्रुप जे के मुकाबले में जॉर्डन के खिलाफ सब्स्टीट्यूट के रूप में उतरे और 80वें मिनट में फ्री किक पर गोल दागा। मेसी को 20 साल बाद अर्जेंटीना की स्टार्टिंग-11 में जगह नहीं मिली है। इससे पहले 30 जून 2006 को होस्ट जर्मनी के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच में ऐसा हुआ था। मेसी के इस गोल की मदद से अर्जेंटीना ने डलास स्टेडियम में खेले गए मैच में जॉर्डन को 3-1 से हराया। इस जीत से अर्जेंटीना की टीम ग्रुप जे के टॉप पर रहकर नॉकआउट राउंड में पहुंची। टीम ने अपने लीग स्टेज में अपने तीनों मुकाबले जीते और 9 अंक हासिल किए। अल्जीरिया और ऑस्ट्रिया का मैच 3-3 की बराबरी पर रहा।




**फ्री-किक से भी बनाया खास रिकॉर्ड**

**यह** मेसी के करियर का 72वां और अर्जेंटीना के लिए 12वां फ्री किक गोल था। वर्ल्ड कप में यह उनका दूसरा फ्री-किक गोल रहा। इसके साथ ही वे पेले, रिवेलिनो, तेओफिलो कुबिलास, बर्नार्ड जेंघिनी और डेविड बेकहम के बाद वर्ल्ड कप में दो फ्री-किक गोल करने वाले प्लेयर्स के क्लब में शामिल हो गए। मेसी के अब इस वर्ल्ड कप में छह गोल हो चुके हैं। वे गोल्डन बूट की रेस में सबसे आगे हैं। किलियन एमबाप्पे, विनीसियस जूनियर और एरलिंग हालैंड से दो गोल आगे हैं। इतना ही नहीं, मेसी ने वर्ल्ड कप करियर में 19वां गोल दागा है। उन्होंने मेंस वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने के रिकॉर्ड को और बेहतर किया।

**सेल्सो और मार्टिनेज ने भी गोल दागे**

**मेसी** के अलावा जियोवानी लो सेल्सो ने 19वें मिनट में फ्री-किक पर गोल करके अर्जेंटीना को 1-0 की बढ़त दिलाई।

### कांगो पहली बार नॉकआउट में, उज्बेकिस्तान को 3-1 से हराया



**52 साल** बाद वर्ल्ड कप में लौटी कांगो डीआर ने उज्बेकिस्तान को 3-1 से हराकर पहली बार वर्ल्ड कप के नॉकआउट (राउंड ऑफ 32) में जगह बना ली। अटलांटा स्टेडियम में उज्बेकिस्तान के कप्तान एल्डोर शोमुरोदोव ने 10वें मिनट में गोलकीपर के ऊपर से लॉब शॉट खेलकर गोल किया और टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ के 68वें मिनट में अब्दुकोदिर खुसानोव ने योआने विसा को पेनल्टी बॉक्स में गिरा दिया, जिस पर रेफरी ने पेनल्टी दी। विसा ने खुद पेनल्टी लेकर गोल स्कोर 1-1 किया। 78वें मिनट में मेशाक एलिया के शॉट पर डिफ्लेक्शन मिलने के बाद फिस्टन मायेले ने कांगो को 2-1 की बढ़त दिला दी। इंजरी टाइम में योआने विसा ने अपना दूसरा और टीम का तीसरा गोल दागकर 3-1 की जीत पक्की कर दी। कोलंबिया की टीम ग्रुप के टॉप पर रहकर नॉकआउट में पहुंची। जबकि पुर्तगाल ने दूसरे और कांगो डीआर ने तीसरे स्थान पर रहते हुए नॉकआउट राउंड में जगह बनाई है। कोलंबिया एक जुलाई को इंग्लैंड से खेलेगी।

### पुर्तगाल का मैच ड्रॉ, रोनाल्डो गोल नहीं कर सके



**स्टार** फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम पुर्तगाल ने फुटबॉल वर्ल्ड कप के नॉकआउट में प्रवेश कर लिया। मियामी स्टेडियम में रविवार को पुर्तगाल ने कोलंबिया के साथ गोल रहित ड्रॉ खेला। ग्रुप-के मैच में कोलंबिया ने इंजरी टाइम पर डेविनसन सांचेज ने हेडर के जरिए गोल दागा, लेकिन उनके ऑफ साइड होने पर रेफरी ने इसे अमान्य कर दिया। टीम ने पहली बार वर्ल्ड कप में गोल रहित ड्रॉ खेला है। मैच के पहले ही मिनट में लुइस डियाज के डिफ्लेक्टेड शॉट पर जॉन कॉर्डोबा का हेडर गोल पोस्ट के ऊपर से निकल गया। फिर कॉर्डोबा ने ब्रूनो फर्नांडीस को पछाड़ते हुए एक और मौका बनाया, लेकिन पुर्तगाल के गोलकीपर डियोगो कोस्टा ने शानदार बचाव किया। पुर्तगाल के गोलकीपर डियोगो कोस्टा ने छह बेहतरीन सेव करते हुए टीम को गोल खाने से बचाया। दोनों टीमों ने मिलकर गोल पर 36 प्रयास किए, लेकिन कोई भी गोल में तब्दील नहीं हो सका। डियागो कोस्टा को सुपीरियर प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## एक झलक

### मांग में सिन्दूर लगाये हुए हार्दिक के साथ नजर आयी महिका

**मुम्बई :** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या के दूसरे शादी करने की चर्चाएं हैं। इसका अंदाजा सोशल मीडिया पर वायरल हो रही एक तस्वीर से लगाया जा सकता है। इसमें मॉडल माहिका शर्मा मांग में सिंदूर लगाए हुए नजर आयी जबकि हार्दिक के माथे पर तिलक लगा हुआ था। जिसके बाद से ही प्रशंसक उन्हें बधाई देने में लग गये हैं। हार्दिक की पहली शादी मॉडल नताशा स्टैंकोविक से हुई थी जिससे उनका तलाक हो गया है।
माहिका के साथ उनके रिलेशनशिप की की बातें काफी समय से आ रही थीं। वहीं अब सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक तस्वीर ने उनकी दूसरी शादी की अटकलों को पक्का कर दिया है। इस तस्वीर में माहिका बिल्कुल नई नवेली दुल्हन की तरह दिख रही हैं। उनके बालों में गहरा सिंदूर और माथे पर लाल बिंदी साफ देखी जा सकती है, जो उनके लुक को और भी पारंपरिक बना रहा है। वहीं पांड्या भी पारंपरिक लुक में नजर आ रहे हैं; भले ही उन्होंने स्पोर्ट्स वियर पहना है, उनके माथे पर लगा लंबा तिलक इस बात का संकेत दे रहा है कि दोनों ने कोई पूजा या विशेष रस्म निभाई है। तस्वीर में उनके साथ एक महिला भी दिखाई दे रही हैं, जिसे सोशल मीडिया पर माहिका की मां बताया जा रहा है। तीनों एक साथ कैमरे के लिए खुशी-खुशी पोज देते हुए नजर आ रहे हैं, जिसने प्रशंसकों के बीच यह धारणा मजबूत कर दी है कि हार्दिक और माहिका ने गुपचुप तरीके से शादी कर ली है हालांकि दोने में से किसी ने भी अपनी शादी की इन खबरों पर कोई बयान नहीं दिया है, जिससे इस पूरे मामले पर संशय बरकरार है।

### काशी के नये क्रिकेट स्टेडियम की कुर्सियां होंगी हाईटेक

**वाराणसी :** काशी के गंजारी क्षेत्र में निमार्णाधीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम अपनी अनोखी डिजाइन और आधुनिक सुविधाओं के कारण लगातार चर्चा में बना हुआ है। भगवान शिव की नगरी की सांस्कृतिक पहचान को ध्यान में रखकर तैयार किए जा रहे इस स्टेडियम में हर छोटी-बड़ी व्यवस्था को विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। त्रिशूल के आकार की फ्लडलाइट, डमरू से प्रेरित मीडिया गैलरी और अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ अब यहां लगाई गई हाईटेक कुर्सियां भी आकर्षण का केंद्र बन गई हैं। स्टेडियम में दर्शकों के लिए लगाई जा रही कुर्सियां सामान्य स्टेडियमों में इस्तेमाल होने वाली कुर्सियों से अलग हैं। इन्हें विशेष ऑर्डर पर पश्चिम बंगाल से मंगाया गया है। निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारियों के अनुसार इन कुर्सियों को इस तरह तैयार किया गया है कि तेज धूप, बारिश या मौसम के बदलाव का इन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इनका रंग लंबे समय तक फीका नहीं होगा और ये वर्षों तक टिकाऊ बनी रहेंगी। इंजीनियरिंग प्लास्टिक से बनी इन कुर्सियों में पराबैंगनी किरणों से सुरक्षा देने वाली तकनीक का उपयोग किया गया है।

## यूएस ओपन बैडमिंटन 2026 के फाइनल में किदांबी श्रीकांत, खिताब से एक कदम दूर




**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** भारत के स्टार शटलर और पूर्व विश्व नंबर एक किदांबी श्रीकांत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूएस ओपन बैडमिंटन 2026 के पुरुष एकल फाइनल में प्रवेश कर लिया है। सेमीफाइनल में 33 वर्षीय श्रीकांत ने जापान के चौथी वरीयता प्राप्त युदाई ओकिमोटो को 22-20, 15-21, 21-19 से हराया। पहले गेम में श्रीकांत ने जोरदार शुरूआत की लेकिन ओकिमोटो ने भी वापसी करते हुए गेम प्वाइंट हासिल किए। हालांकि भारतीय खिलाड़ी ने धैर्य नहीं खोया और पहला गेम 22-20 से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में ओकिमोटो ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 21-15 से जीत दर्ज की और मुकाबले को निर्णायक तीसरे गेम तक पहुंचा दिया। निर्णायक गेम में भी श्रीकांत ने शुरूआती बढ़त बनाई लेकिन ओकिमोटो ने लगातार चुनौती पेश की। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने लगातार छह प्वाइंट जीतकर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। आखिर में अनुभव का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए श्रीकांत ने 21-19 से गेम और मैच अपने नाम कर लिया।

### झारखंड फोटो जर्नलिस्टों के बीच मैत्री क्रिकेट मैच

## फॉक्स-11 ने दर्ज की रोमांचक जीत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के फोटो जर्नलिस्टों के बीच मैत्री क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन रविवार को बरियातू स्थित बुद्धा फाउंडेशन परिसर के मैदान में किया गया। टूर्नामेंट में लैंसमैन-11 और फॉक्स-11 के बीच 11-11 ओवर का रोमांचक मुकाबला खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लैंसमैन-11 ने निर्धारित 11 ओवर में 102 रन बनाए। टीम की ओर से कप्तान मनोरंजन कुमार सिंह ने सर्वाधिक 45 रन की शानदार पारी खेली, जबकि



अमित दास ने 17 रन का योगदान दिया। 102 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी फॉक्स-11 की टीम ने 10.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की ओर से रूपेश नारायण ने नाबाद 48 रन की शानदार पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। इस तरह फॉक्स-11 ने सात विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। रूपेश नारायण को उनके शानदार खेल के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। वहीं मनोरंजन कुमार सिंह को बेस्ट बल्लेबाज, राजकुमार को बेस्ट गेंदबाज तथा बॉबी को बेस्ट फील्डर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## स्टीव क्लार्क का स्कॉटलैंड पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच पद से इस्तीफा



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** स्कॉटलैंड की पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच स्टीव क्लार्क ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया । स्कॉटिश फुटबॉल एसोसिएशन ने यह जानकारी दी । एसोसिएशन ने बयान में कहा कि स्कॉटलैंड के फीफा विश्व कप 2026 से बाहर होने की पुष्टि के बाद देश के सबसे सफल राष्ट्रीय कोच ने अपने सात साल के कार्यकाल को समाप्त करने का फैसला किया है। स्टीव ने अपने कार्यकाल के दौरान स्कॉटलैंड को 28 वर्ष में पहली बार पुरुष फीफा विश्व कप में पहुंचाया। साथ ही लगातार दो बार यूईएफए यूरोपीय चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई कराया। स्कॉटलैंड ने फीफा विश्व कप 2026 में अपने अभियान की शुरूआत हैती के खिलाफ 1-0 की जीत के साथ की थी। इसके बाद मोरक्को और ब्राजील से हार के कारण स्कॉटलैंड अपने ग्रुप में तीसरे स्थान पर रहा और टूनार्मेंट से बाहर हो गया। स्टीव क्लार्क ने अपने कार्यकाल के दौरान टीम की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस विदाई का सबसे भावुक पहलू मेरे खिलाड़ियों के लिए है, जिनके बिना 2019 से अब तक हमने जो भी यादें संजोई हैं, वे नहीं होतीं।



लंदन में विंबलडन टेनिस के लिए अभ्यास करती हुई अमेरिका की अनुभवी खिलाड़ी सेरेना विलियम्स।

### राधिका पंचोले ने जीता स्वर्ण पदक

**नैनीताल :** कराते इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के सानिध्य में एवं उत्तराखंड स्पोर्ट्स कराते संघ के तत्वाधान में नैनीताल में दिनांक 27 एवं 28 जून को गोवर्धन हॉल नैना लेक के निकट आयोजित हुई व 25 वे वार्डो काई कराते स्पर्धा में एलेट स्पोर्ट्स एकेडमी ओर आर डी विक्टोरियस के 3 खिलाडी महू ब्लॉक एवं इंदौर जिला से इस स्पर्धा में भागीदारी करके मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया जिसमें राधिका पंचोले ने उत्तराखंड पंजाब ओर मेघालय की खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वही सोनाक्षी पटेल एवं हर्षिता अटवाल ने कांस्य पदक जीता है। इनके कोच अमय लश्करी है।

## ओलम्पिक सप्ताह के तहत जिम्नास्टिक प्रदर्शन ड्रॉइंग व म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** ओलम्पिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार, खेल संस्कृति को बढ़ावा देने तथा बच्चों एवं युवाओं में खेलों के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से झारखंड जिम्नास्टिक एसोसिएशन द्वारा ओलंपिक सप्ताह के अंतर्गत रविवार को निगम पार्क, हरमू में जिम्नास्टिक प्रदर्शन मैच, ड्रॉइंग प्रतियोगिता एवं म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिम्नास्टिक खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट संतुलन, लचीलापन एवं कौशल का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। खिलाड़ियों ने अपने



प्रदर्शन के माध्यम से ओलंपिक की मूल भावना उत्कृष्टता, मित्रता,एवं सम्मान का संदेश दिया। ड्रॉइंग प्रतियोगिता में बच्चों ने ओलंपिक खेलों, फिट इंडिया, खेल भावना एवं स्वस्थ जीवनशैली से जुड़े विषयों पर आकर्षक चित्र बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। वहीं, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित बच्चों, अभिभावकों एवं दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया और विजेताओं का तालियों से उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान झारखंड जिम्नास्टिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि ओलंपिक सप्ताह का उद्देश्य केवल खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करना नहीं, बल्कि समाज में खेलों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना तथा युवाओं को स्वस्थ, अनुशासित एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

## एशिया कप ब्रिज चैम्पियनशिप में भारत ने जीते चार पदक



**एजेंसी**

**पणजी :** मेजबान भारत ने पांचवीं एशिया कप ब्रिज चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन रजत और एक कांस्य पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया। विभिन्न वर्गों में भारतीय खिलाड़ियों के लगातार अच्छे प्रदर्शन ने देश की बढ़ती ताकत को एक बार फिर साबित किया। भारतीय दल की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धि सीनियर्स वर्ग में रही, जहां भारत-बी टीम ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। टीम ने लीग चरण में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद सेमीफाइनल में जापान को बेहद रोमांचक मुकाबले में एक अंक के अंतर से हराकर फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कड़ा संघर्ष करना पड़ा और उसे रजत पदक से संतोष करना पड़ा। सुकामल दास, हेमंत जालान, जितेंद्र सोलानी, अनिल पाध्ये, राजेश दलाल और राजू टोलानी से सुसज्जित भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। पुरुष टीम स्पर्धा में भारत-ए टीम ने कांस्य पदक जीतकर देश को एक और सफलता दिलाई।

### एनवाईएस इंटरनेशनल एकेडमी में सीसीए प्रतियोगिताओं की धूम

## खेल व रचनात्मक गतिविधियों में बच्चों ने दिखाया हुनर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण :** प्रखंड के बसरिया स्थित एनवाईएस इंटरनेशनल एकेडमी में शनिवार को सह-पाठ्यक्रम गतिविधि (CCA) के अंतर्गत विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता, खेल प्रतिभा एवं आत्मविश्वास का विकास करना था। कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के विद्यार्थियों के लिए 'प्रदूषण को कैसे कम करें' विषय पर रचनात्मक प्रतियोगिता आयोजित की गई। नन्हे विद्यार्थियों ने अपने विचारों और कलात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए



सभी का ध्यान प्रदूषण की समस्या की ओर आकर्षित किया। वहीं, कक्षा तीन एवं चार के विद्यार्थियों के बीच बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें कक्षा तीन के शुभम कुमार एवं कक्षा चार के अनुराग कुमार विजेता बने। कक्षा पांच से नौ तक की छात्राओं के बीच कबड्डी प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें सुभाष चंद्र बोस हाउस की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम में रिया कुमारी, अश्विनी कुमारी, साक्षी कुमारी, निशु शर्मा, ज्योति शर्मा, शिवानी कुमारी, सोनाली कुमारी एवं सोनम कुमारी शामिल रहीं। इसी प्रकार कक्षा पांच से नौ तक के छात्रों के बीच फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई।

## वैभव में नया सीखने की जबरदस्त चाहत लगातार सवाल पूछता है : अभिषेक शर्मा

**एजेंसी**

**बेलफास्ट :** भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 15 साल के उभरते बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह नई चीजें सीखने को लेकर उत्साहित रहता है। वैभव ने पिछले कुछ समय के अंदर ही आईपीएल, अंडर 19 और भारत ए की ओर से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन कर अपने को साबित किया है। आयरलैंड दौरे के लिए पहली बार भारतीय टीम में शामिल किये गये वैभव हो हालांकि पहले टी 20 में अवसर नहीं मिला पर कहा जा रहा है कि उन्हें दूसरे टी20 में अवसर मिलना तय है। वैभव को हालांकि पहले मैच में अंतिम ग्यारह में मौका नहीं मिला, लेकिन टीम की



करारी हार के बाद अब उन्हें दूसरे और अंतिम टी20 मैच में डेब्यू कराने की मांग बेहद तेज हो गई है. आयरलैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच के बाद अभिषेक ने वैभव को लेकर कई बातें कही हैं। अभिषेक ने कहा है कि उन्होंने ड्रेसिंग रूम में उन्होंने अपने व्यवहार से सबका दिल जीत लिया है! अभिषेक ने कहा, एक टीम के तौर पर, मुझे लगता है कि यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उसे सहज महसूस करायें।

# अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर 'ओलम्पिक फॉरेस्ट' थीम आधारित ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर रांची जिला ओलंपिक एसोसिएशन एवं झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 'ओलंपिक फॉरेस्ट' थीम पर आधारित ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के करीब 60 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों की आयु के अनुसार प्रतियोगिता को चार वर्गों में आयोजित किया गया। बच्चों ने अपनी चित्रकला के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण तथा खेल और प्रकृति के संबंध को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। विजेता प्रतिभागियों को गिफ्ट हैम्पर देकर सम्मानित किया गया, जबकि अन्य प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज थे। इस अवसर पर सुनील सूर्यांत, उदय साहू, एस.के. पांडे, विभूति भूषण अमर, प्रभाकर वर्मा, शिवेंद्र दुबे, शैलेन्द्र दुबे, दीपक गोप एवं अमरेंद्र दत्त द्विवेदी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का तकनीकी संचालन प्रसिद्ध चित्रकार मोहम्मद साबिर हुसैन ने किया, जबकि निर्णायक मंडल में आरती चौधरी एवं अलमा हुसैन शामिल थीं। अतिथियों ने बच्चों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि 'ओलंपिक फॉरेस्ट' की अवधारणा खेलों के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देती है और नई पीढ़ी को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करती है।

### ओलम्पिक सप्ताह पर रांची जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन ने कराया प्रदर्शनी मैच, खिलाड़ियों का किया सम्मान



**रांची :** ओलंपिक सप्ताह के अवसर पर रांची जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन की ओर से ऑक्सीजन पार्क में प्रदर्शनी वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ओलंपिक मूल्यों का प्रचार-प्रसार तथा खेल संस्कृति को बढ़ावा देना था। प्रदर्शनी मैच में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए ओलंपिक की मूल भावना–उत्कृष्टता, मित्रता और सम्मान–का संदेश दिया। खेलप्रेमियों ने भी मुकाबलों का उत्साहपूर्वक आनंद लिया। इस अवसर पर झारखंड वॉलीबॉल एसोसिएशन के वर्किंग प्रेसिडेंट सुनील सहाय, एक्जीक्यूटिव एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट विश्वनाथ सिंह, सेक्रेटरी जनरल उत्तम राज, सीईओ निशिकांत पाठक, वर्किंग सेक्रेटरी संजय कुमार, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी संजय ठाकुर, कोषाध्यक्ष विकास वर्मा, कोच जयश्री, शिवदयाल तथा अजय किस्पोट्टा सहित अन्य पदाधिकारी एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे। ओलंपिक दिवस के अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने खेलगांव पहुंचकर भारतीय स्कूली वॉलीबॉल बालक एवं बालिका टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित किया। खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर झारखंड और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि ओलंपिक सप्ताह केवल खेल प्रतियोगिताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं में अनुशासन, खेल भावना, टीमवर्क और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को खेलों से जोड़ने की प्रतिबद्धता जतायी।

**प्रतियोगिता के प्रमुख विजेता**

**समूह-ए (कक्षा 5 तक) :** प्रथम- एंजेल शर्मा, द्वितीय- नव्यन आयाब, तृतीय- फिजा नाज।

**समूह-बी (कक्षा 6 से 8) :** प्रथम- ऋतुराज बनर्जी, द्वितीय- शबाना दरवीन, तृतीय- डेजी रोज किस्कू।

**समूह-सी (कक्षा 8, 9 एवं 10) :** प्रथम- अंश टोप्पो, द्वितीय- अंकुर दास, तृतीय- अफीफा हुसैन।

**समूह-डी (कक्षा 11, 12 एवं स्नातक/स्नातकोत्तर) :** प्रथम- लकी कुमारी, द्वितीय- रक्षंदा नूर, तृतीय- प्रियंका कुमारी।

## एक झलक

### ऑपरेटिंग सिस्टम हाइपरओएस 4 शीघ्र होगा पेश

**नयी दिल्ली :** चाइनीकी कंपनी शाओमी ने अपने अपकमिंग ऑपरेटिंग सिस्टम, हाइपरओएस 4 के जल्द लॉन्च होने की पुष्टि कर दी है। हालांकि, शाओमी ने अभी तक उन डिवाइस की आधिकारिक सूची जारी नहीं की है जिन्हें यह अपडेट मिलेगा, लेकिन कई रिपोर्ट्स में शाओमी, रेडमी और पोको स्मार्टफोन व टैबलेट के नाम सामने आए हैं। एंड्रॉयड 17 पर आधारित यह नया ओएस बेहतर परफॉर्मेंस, नया इंटरफेस, एआई फीचर्स और मजबूत प्राइवेसी टूल्स के साथ आएगा, जिससे यूजर्स को एक बेहतरीन अनुभव मिलने की उम्मीद है। कंपनी के मुताबिक, हाइपरओएस 4 को सबसे पहले चीन में जुलाई से अगस्त 2026 के बीच पेश किया जाएगा, जिसके कुछ हफ्तों बाद इसके वैश्विक ऐलान की उम्मीद है। माना जा रहा है कि स्टेबल अपडेट से पहले शाओमी बीटा प्रोग्राम भी शुरू कर सकती है और शाओमी 17 सीरीज तथा रेडमी के90 सीरीज सबसे पहले बीटा अपडेट पाने वाले डिवाइस हो सकते हैं। यदि कंपनी अपने पुराने अपडेट शेड्यूल पर कायम रहती है, तो वैश्विक यूजर्स के लिए हाइपरओएस 4 की रोलआउट प्रक्रिया अक्टूबर 2026 के आसपास शुरू हो सकती है।

### ऐपल दूसरी पीढ़ी के आईफोन एयर 2 पर कर रही काम

**नयी दिल्ली :** दिग्गज टेक कंपनी ऐपल दूसरी पीढ़ी के आईफोन एयर 2 पर काम कर रही है, जिसे स्प्रिंग 2027 में स्टैंडर्ड आईफोन 18 के साथ लॉन्च किया जा सकता है। ऐपल इस बार उन दो बड़ी कमियों को दूर कर सकता है, जिनकी शिकायत पहले आईफोन एयर यूजर्स ने सबसे ज्यादा की थी झ कैमरा और बैटरी लाइफ।
मौजूदा आईफोन एयर में सिर्फ एक रियर कैमरा मिलता है, जिससे कई यूजर्स को मल्टीपल कैमरा ऑप्शन की कमी महसूस हुई थी। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऐपल नए आईफोन एयर 2 में अल्ट्रावाइड कैमरा जोड़ सकता है, यानी फोन में डुअल रियर कैमरा सेटअप देखने को मिल सकता है। इससे यूजर्स प्रो मॉडल खरीदे बिना भी आसानी से लैंडस्केप, ग्रुप फोटो और वाइड एंगल शॉट्स ले सकेंगे। रिपोर्ट्स का दावा है कि ऐपल पहले ही डुअल कैमरा वाले कुछ प्रोटोटाइप की टेस्टिंग कर चुका है, हालांकि फोन का ओवरऑल डिजाइन पहले जैसा ही रहने की उम्मीद है। ऐपल इस बार बैटरी पर भी खास ध्यान दे सकता है। अल्ट्रा-स्लिम डिजाइन की वजह से बड़े बैटरी पैक के लिए जगह कम होती है, जिससे पहले मॉडल की बैटरी को लेकर कुछ सवाल उठे थे। लीक्स के मुताबिक, आईफोन एयर 2 में या तो बड़ी बैटरी दी जा सकती है या फिर कंपनी बेहतर पावर एफिशिएंसी पर काम करेगी। इसके लिए फोन में नया ए20 चिपसेट मिलने की संभावना है, जिसे नए मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस पर बनाया जा सकता है, जिससे बैटरी बैकअप और पावर मैनेजमेंट पहले से बेहतर होने की उम्मीद है। अगर आपको मौजूदा आईफोन एयर का पतला और हल्का डिजाइन पसंद आया है, तो अच्छी खबर है क्योंकि रिपोर्ट्स बताती हैं कि ऐपल डिजाइन में कोई बड़ा बदलाव नहीं करेगा।

# 'मेड इन इंडिया' सिर्फ लेबल नहीं, क्वालिटी व राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक : गोयल

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि 'मेड इन इंडिया' केवल उत्पाद पर अंकित लेबल नहीं बल्कि गुणवत्ता के प्रति भारत की प्रतिष्ठा और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। गुणवत्ता केवल कंपनियों के प्रदर्शन का पैमाना नहीं बल्कि देश के प्रति राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने लंदन में 27 जून को आयोजित एक कारोबारी सत्र में तमिलनाडु के अंबूर स्थित फ्लोरेंस शू कंपनी के संस्थापक अकील अहमद पनारूना की सफलता का उल्लेख करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीय उद्यमी विश्वस्तरीय विनिर्माण के जरिये 'ब्रांड इंडिया' की छवि को वैश्विक स्तर पर मजबूत कर रहे हैं। गोयल




ने अपने संबोधन में कहा कि एक अंतरराष्ट्रीय ग्राहक ने काहिरा एयरपोर्ट पर लक्जरी ब्रांड ह्यूगो बॉस का एक जूता देखा। उसको जूते पर लगे लेबल की जांच करने पर उस पर 'मेड इन इंडिया' अंकित मिला। यह जूता अंबूर स्थित फ्लोरेंस शू कंपनी में तैयार किया गया था। उन्होंने कहा, 'जब किसी उत्पाद पर 'मेड इन इंडिया' लिखा होता है तो वह केवल एक कंपनी का नहीं बल्कि पूरे देश का प्रतिनिधित्व करता है। गोयल ने कहा कि अकील जैसे उद्यमियों के लिए गुणवत्ता कारोबारी मानक के साथ राष्ट्र के सम्मान और भरोसे से जुड़ी जिम्मेदारी है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने एक्स पोस्ट पर साझा संदेश में कहा कि पनारूना ने भारतीय कारीगरी को दुनिया के प्रतिष्ठित ब्रांड तक पहुंचाने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित किया है। उन्होंने विनिर्माण क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने और 'जीरो लिक्विड डिस्चार्ज' जैसी पर्यावरण-अनुकूल प्रौद्योगिकी को अपनाने में भी अग्रणी भूमिका निभाई है। गोयल ने आगे लिखा, ह्यलंदन में भारतीय समुदाय और बिजनेस कम्युनिटी के लोगों से मिलकर शाम बहुत अच्छी रही। मैंने भारत और यूके के बीच एक जीवंत पुल के तौर पर भारतीय समुदाय की अहम भूमिका के बारे में बात की, जो आर्थिक, सांस्कृतिक और लोगों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत बनाता है। मैंने 15 जुलाई, 2026 से लागू होने वाले इंडिया-यूके सीईटीए से मिलने वाले मौकों पर भी जोर दिया। इससे व्यापार, निवेश और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग और गहरा होगा, जिससे दोनों देशों की साझा समृद्धि में योगदान मिलेगा। उल्लेखनीय है कि पीयूष गोयल 25 से 27 जून तक ब्रिटेन की तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर थे, जहां उन्होंने भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) के क्रियान्वयन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। यह समझौता 15 जुलाई से प्रभावी होगा। इसके तहत चमड़ा और फुटवियर जैसे श्रम-प्रधान भारतीय उत्पादों को ब्रिटेन के बाजार में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी।

# 06 कम्पनियों के मार्केट कैप में 88 हजार करोड़ की बढ़ोतरी

**नयी दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में शामिल छह कंपनियों के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हो गई, जबकि चार कंपनियों के मार्केट कैप में गिरावट आ गई। शीर्ष स्थान पर मौजूद इन दस कंपनियों में से छह के मार्केट कैप में सोमवार से गुरुवार तक के कारोबार के बाद 88 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हुई। इनमें सबसे अधिक फायदा आईसीआईसीआई बैंक को हुआ, जबकि मार्केट कैप में बढ़ोतरी के मामले में दूसरा स्थान एचडीएफसी बैंक ने हासिल किया। दूसरी ओर, टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में शामिल चार कंपनियों के मार्केट कैप में 73 हजार करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आ गई। मार्केट कैप के मामले में सबसे अधिक नुकसान भारती एयरटेल को हुआ, जबकि नुकसान उठाने के मामले में दूसरे स्थान पर रहने वाली कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) रही। इस सप्ताह के कारोबार के बाद आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फाइनेंस, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) और लार्सन एंड टूब्रो के मार्केट कैप में 88,678.10 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। दूसरी ओर, भारती एयरटेल, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मार्केट कैप में 73,269.49 करोड़ रुपये की गिरावट आ गई।

# वैश्विक मंच पर भारत की बड़ी उपलब्धि, एसएस इनोवेशन इंटरनेशनल बनी 'आउटस्टैंडिंग कंपनी '

**रांची :** भारत के मेडिकल टेक्नोलॉजी (मेडटेक) क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए एसएस इनोवेशन इंटरनेशनल को सर्जिकल रोबोटिक्स टेक्नोलॉजी (एसआरटी) इंडस्ट्री अवार्ड्स 2026 में 'आउटस्टैंडिंग कंपनी' सम्मान से नवाजा गया है। यह पुरस्कार पाने वाली भारत की पहली कंपनी बन गई है। यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है क्योंकि कंपनी का चयन सर्जिकल रोबोटिक्स और मेडिकल टेक्नोलॉजी क्षेत्र की दुनिया की प्रतिष्ठित कंपनियों– इंट्यूइटिव, मेडट्रॉनिक, जॉनसन एंड जॉनसन मेडटेक, डिस्टलमोशन, मेरिल,




माइक्रोपोर्ट, थिंक सर्जिकल, फ्यूटेक और प्रिसिजन आईओ ग्रुप–के बीच से किया गया। इस सम्मान ने वैश्विक सर्जिकल रोबोटिक्स उद्योग में एसएस इनोवेशन इंटरनेशनल की मजबूत और अग्रणी उपस्थिति को और सुदृढ़ किया है। अपने चौथे संस्करण में प्रवेश कर चुके सर्जिकल रोबोटिक्स टेक्नोलॉजी (एसआरटी) इंडस्ट्री अवार्ड्स को सर्जिकल रोबोटिक्स क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित वैश्विक सम्मानों में गिना जाता है। इन पुरस्कारों का आयोजन सर्जिकल रोबोटिक्स टेक्नोलॉजी (एसआरटी), जो सर्जिकल रोबोटिक्स इकोसिस्टम पर केंद्रित दुनिया का प्रमुख समाचार एवं इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म है, द्वारा क्यूएनएक्स के सहयोग से किया जाता है। ये पुरस्कार उन संस्थानों, तकनीकों और उद्योग जगत के नेताओं को सम्मानित करते हैं जिन्होंने रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी के क्षेत्र में परिवर्तनकारी प्रगति की है। यह सम्मान नवाचार, क्लीनिकल प्रभाव, तकनीकी नेतृत्व और व्यावसायिक उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किया जाता है।

## आर्थिक आंकड़ों और मानसून पर रहेगी निवेशकों की नजर

**मुंबई :** पिछले सप्ताह की मामूली बढ़त के बाद, भारतीय शेयर बाजार आगामी सप्ताह में कई घरेलू और वैश्विक कारकों से अपनी दिशा तय करेगा। निवेशकों की पैनी नजर जहां औद्योगिक उत्पादन, क्रय प्रबंधक सूचकांक और वाहन बिक्री जैसे महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी, वहीं मानसून की प्रगति भी बाजार के रुख को प्रभावित करने में निर्णायक भूमिका निभाएगी। इसके अतिरिक्त, अमेरिका और ईरान के बीच संभावित शांति समझौता भी वैश्विक बाजारों के माध्यम से घरेलू धारणा पर असर डाल सकता है। आगामी सप्ताह कई अहम आर्थिक आंकड़े जारी होने वाले हैं। औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े, मैन्युफैक्चरिंग और सेवा क्षेत्र के लिए पीएमआई (परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स) के आंकड़े निवेशकों को देश की आर्थिक सेहत का संकेत देंगे। इसके अलावा, वाहन कंपनियों द्वारा जारी किए जाने वाले मासिक बिक्री आंकड़े भी बाजार के सेंटीमेंट पर सीधा असर डालेंगे। कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था होने के नाते, मानसून की प्रगति हमेशा से भारतीय बाजारों के लिए एक महत्वपूर्ण कारक रही है।

# अगले सप्ताह प्राइमरी मार्केट में 10 नये आईपीओ की लॉन्चिंग

**नयी दिल्ली :** सोमवार यानी 29 जून से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में अच्छी हलचल रहने वाली है। इस सप्ताह दस कंपनियां अपने आईपीओ लॉन्च कर रही हैं। इनमें दो कंपनियों के आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट के हैं, जबकि शेष आठ आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इसके अलावा पिछले सप्ताह सब्सक्रिप्शन के लिए खुले तीन आईपीओ में भी 29 और 30 जून तक बोली लगाई जा सकती है। जहां तक नई लिस्टिंग की बात है, तो इस सप्ताह दस कंपनियां स्टॉक मार्केट में एंट्री करने वाली हैं। इनमें चार कंपनियां मेनबोर्ड सेगमेंट की और शेष छह कंपनियां एसएमई सेगमेंट की हैं। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन 29




जून को आस्था स्पिनटेक्स का 170 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 01 जुलाई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 125 रुपये प्रति शेयर से लेकर 136 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 110 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 06 जुलाई को बीएसई और एनएसई पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। 29 जून को ही एग्रो कमोडिटीज का 44.03 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में भी एक जुलाई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 66 रुपये प्रति शेयर से लेकर 70 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 06 जुलाई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। इसी दिन ट्विंकल पेपर्स का 27.52 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में भी 01 जुलाई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 64 रुपये प्रति शेयर से लेकर 69 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 06 जुलाई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। इसके अगले दिन 30 जून को क्रैटिकल टेक का 39.69 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 02 जुलाई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 128 रुपये प्रति शेयर से लेकर 135 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,000 शेयर का है।

# छत्रपति शाहूजी महाराज की 152वीं जयंती, सामाजिक न्याय और संगठन विस्तार का लिया संकल्प

**भोपाल :** आरक्षण के जनक एवं महान समाज सुधारक राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज की 152वीं जयंती मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में अपना दल (एस) द्वारा उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सामाजिक न्याय, व्यवस्था परिवर्तन और संगठन विस्तार को लेकर कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया। कटनी, इंदौर, भोपाल, मऊगंज, सिंगरौली और सागर सहित कई जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समाज के प्रबुद्धजन शामिल हुए। प्रदेशस्तरीय आयोजन को लेकर अपना दल (एस) के राष्ट्रीय महासचिव एवं



मध्यप्रदेश प्रभारी आर.बी. सिंह पटेल ने कहा, ऱ्शाहूजी महाराज और डॉ. सोनेलाल पटेल के विचारों को आधार बनाकर अपना दल (एस) सामाजिक न्याय, समान भागीदारी और व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई को निरंतर आगे बढ़ा रहा है। राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम ने कहा, छत्रपति शाहूजी महाराज के विचार आज भी सामाजिक समरसता, समान अवसर और न्यायपूर्ण व्यवस्था की मजबूत आधारशिला हैं। उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाकर समाज को सकारात्मक दिशा देना हम सभी की जिम्मेदारी है। कटनी में आयोजित मुख्य समारोह में अपना दल (एस) के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष मान सिंह बिसेन मुख्य अतिथि रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुभाष पटेल ने की। वक्ताओं ने राजर्षि शाहूजी महाराज के सामाजिक न्याय आधारित विचारों जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी और जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागीदारी को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

## विदेशी बाजारों से घरेलू तेल-तिलहन में मामूली सुधार, किसानों को मिल रहा बेहतर दाम

**नयी दिल्ली :** बीते सप्ताह अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में खाद्य तेलों की मजबूती का असर भारतीय तेल-तिलहन बाजारों पर भी देखा गया, जहाँ कीमतों में मामूली सुधार दर्ज हुआ। सरसों, सोयाबीन, मूंगफली तेल-तिलहन, सीपीओ, पामोलीन और बिनौला तेल के दाम बढ़ गए। हालाँकि, घरेलू हाजिर कारोबार में कमजोर मांग के चलते यह तेजी सीमित रही। बाजार सूत्रों ने बताया कि ऊंचे दामों के कारण सरसों की मांग सुस्त है। वहीं सोयाबीन किसानों को पहली बार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से बेहतर दाम मिले हैं, जिससे वे ऊंची कीमतों पर ही उपज बेच रहे हैं, परिणामस्वरूप सोयाबीन तिलहन में मजबूती आई। मूंगफली तेल के थोक दाम सस्ते होने से इसकी मांग बढ़ी। बिनौला की आपूर्ति बेहद कम होने से इसके तेल में भी सुधार आया, जिसकी कमी पामोलीन पूरी कर रहा है। हालांकि, आयातक अभी भी आयात लागत से नीचे भाव पर तेल बेचकर नुकसान उठा रहे हैं। इस बीच, कई वर्षों बाद सोयाबीन और सरसों के बेहतर दाम मिलने से किसानों का उत्साह बढ़ा है।

# सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी के भाव में सांकेतिक गिरावट

**नयी दिल्ली :** घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी का रुख बना रहा। भाव में आये उछाल के कारण आज चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर दूसरे सरार्फा बाजार में सोना 1,040 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,140 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। वहीं, चेन्नई में सोने के भाव में 690 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 760 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। सोना के विपरीत चांदी के भाव में आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम तक की सांकेतिक कमजोरी दर्ज की गई है। सोने की कीमत में आई मजबूती के कारण आज देश के ज्यादातर सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,43,950 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,45,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार करता रहा। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,31,950 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,33,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिका। चांदी के भाव में मामूली गिरावट



होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सरार्फा बाजार में आज 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिकी। आज सोने के भाव में तेजी आने के बावजूद साप्ताहिक आधार पर देखा जाए, तो सोना और चांदी दोनों धातुओं के भाव में गिरावट आई है। पिछले सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोना 2,510 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। इसी तरह 22 कैरेट सोने के भाव में साप्ताहिक आधार पर 2,300 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई। चांदी के भाव में भी उतार-चढ़ाव के बावजूद पिछले सप्ताह के कारोबार में कमजोरी दर्ज की गई। इस गिरावट के कारण चांदी का भाव सप्ताहिक आधार पर 10 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक नीचे आ गया। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,44,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,32,100 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,43,950 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,44,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,32,000 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,45,860 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,33,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,43,950 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,44,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,32,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,44,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,32,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,44,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,32,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,44,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,32,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## पेज एक के शेष

**जनभागीदारी देश की सबसे बड़ी ताकत : मोदी...**
कार्यक्रम आयोजित किये गये। भारत में भी करोड़ों लोगों ने योग दिवस में भागीदारी की। उन्होंने कहा कि योग आज केवल भारत की परम्परा नहीं, बल्कि वैश्विक जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि अहमदाबाद में आयोजित विश्व योगासन चैम्पियनशिप में भारतीय खिलाड़ियों ने अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। भारत ने कुल 114 पदक जीते, जिनमें 102 स्वर्ण पदक शामिल हैं। यह उपलब्धि देश के लिए गौरव का विषय है और यह दशार्ती है कि योग केवल स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में भी दुनिया में अपनी पहचान बना रहा है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के बहादुरपुरा गांव के पेठकर परिवार ने सामाजिक सरोकार का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। विवाह समारोह के अवसर पर परिवार ने लगभग 3,500 ग्रामीणों के लिए दुर्घटना बीमा की व्यवस्था की और प्रत्येक व्यक्ति को एक लाख रुपये का बीमा कवर उपलब्ध कराया। यह पहल दशार्ती है कि व्यक्तिगत खुशियों को सामाजिक सुरक्षा और जनकल्याण से भी जोड़ा जा सकता है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार भी करोड़ों परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत केवल 20 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर दो लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा उपलब्ध कराया जाता है। अब तक 58 करोड़ से अधिक लोग इस योजना से जुड़ चुके हैं, जिनमें लगभग 28 करोड़ महिलाएं शामिल हैं। इस योजना के माध्यम से अब तक प्रभावित परिवारों को 3,700 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता प्रदान की जा चुकी है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना भी करोड़ों परिवारों के लिए महत्त्वपूर्ण सहारा है। केवल 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर दो लाख रुपये का जीवन बीमा कवर उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना से 27 करोड़ से अधिक लोग जुड़े हैं और लगभग 11 लाख परिवारों को 22,000 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि अंधविश्वास समाज को पीछे ले जाता है, जबकि विज्ञान और जागरूकता उसे आगे बढ़ाते हैं। उन्होंने असम के हरगिला पक्षी के संरक्षण अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि कभी इस पक्षी को अशुभ माना जाता था और इसके घोंसलों वाले पेड़ों तक को काट दिया जाता था।
उन्होंने कहा कि जीव वैज्ञानिक पूर्णिमा देवी बर्मन ने लोगों को वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर जागरूक किया और धीरे-धीरे हजारों महिलाएं इस अभियान से जुड़ गयीं। आज यही महिलाएं 'हरगिला आर्मी' के नाम से जानी जाती हैं और इस दुर्लभ पक्षी के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। यह अभियान दिखाता है कि सही जानकारी और सामाजिक भागीदारी के माध्यम से वर्षों पुरानी धारणाओं को भी बदला जा सकता है।
प्रधानमंत्री ने नागालैंड बेबी लीग का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पहल पांच से बारह वर्ष तक के बच्चों को फुटबॉल से जोड़ने का काम कर रही है। इससे बच्चों की प्रतिभा निखर रही है और खेलों के प्रति रुचि बढ़ रही है। नागालैंड महिला फुटसल लीग भी बेटियों को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान कर रही है। ऐसी पहलें खेलों के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं और युवाओं को नयी दिशा दे रही हैं।
उन्होंने ने कहा कि तकनीक के युग में परम्परा और आधुनिकता के बीच संतुलन बनाये रखना आवश्यक है। नालंदा विश्वविद्यालय ने प्राचीन शास्त्रार्थ परम्परा को नये स्वरूप में पुनर्जीवित किया है। उन्होंने कहा कि संवाद, तर्क और विचार-विमर्श की यह संस्कृति विद्यार्थियों को व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करती है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डाटा साइंस में बीटेक कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है। इससे भारतीय भाषाओं के लिए नयी तकनीक विकसित करने, प्राचीन ग्रंथों को डिजिटल स्वरूप में संरक्षित करने और पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक तकनीक से जोड़ने में मदद मिलेगी।
प्रधानमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के बियावरा की महिलाओं ने प्लास्टिक कचरे को ईको-ब्रिक्स में बदलकर पर्यावरण संरक्षण का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है। जो प्लास्टिक कभी प्रदूषण का कारण था, वही अब सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण में उपयोग हो रहा है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि आगामी गणेश उत्सव के अवसर पर लोगों को मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने लोगों से प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों से बचने और स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित प्रतिमाएं खरीदने का आग्रह किया। 'वोकल फॉर लोकल' केवल आर्थिक अभियान नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक और सामाजिक शक्ति को बढ़ाने का माध्यम भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण को जन आन्दोलन बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने 'कैच द रेन' अभियान को और मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि वर्षा जल की एक-एक बूंद बचाना देश के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने देशवासियों से जल संरक्षण को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील की।

**'मन की बात' में गूंजी मप्र के ब्यावरा की पर्यावरण क्रांति...**
प्रधानमंत्री मोदी ने ब्यावरा की सभी बहनों तथा इस अभियान से जुड़े सभी साथियों को उनके सामाजिक और प्रेरणादायक कार्य के लिए बधाई और शुभकामनाएं भी दीं। प्रधानमंत्री द्वारा 'मन की बात' जैसे राष्ट्रीय मंच पर ब्यावरा में चल रहे अभियान का उल्लेख पूरे राजगढ़ जिले और मध्य प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है। यह उपलब्धि बताती है कि जब समाज स्वयं परिवर्तन का संकल्प लेता है, तब एक छोटा-सा प्रयास भी राष्ट्रीय पहचान बन जाता है और पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता है।
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैतूल जिले के हिल स्टेशन ग्राम कुकरू में ग्रामीणों एवं जन प्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर जनजातीय मामलों के केंद्रीय राज्यमंत्री दुगार्दास उइके, वरिष्ठ विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल, भैंसदेही के विधायक महेन्द्र केशर सिंह चौहान, जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. मोहन नागर एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**वीबी-जी राम जी योजना पर राज्यों की आपत्तियों का दावा, कांग्रेस ने केन्द्र सरकार को घेरा...**
जैसे राज्यों ने नयी व्यवस्था के तहत राज्यों पर पड़नेवाले अतिरिक्त वित्तीय बोझ को लेकर चिन्ता जतायी है। कई राज्यों को आशंका है कि योजना के संचालन और वित्तपोषण में राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ने से उनके बजट पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा।
उन्होंने कहा कि चार अन्य राज्य सरकारों ने खेती के चरम मौसम के दौरान प्रस्तावित ब्लैकआउट अवधि का विरोध किया है। इस अवधि में रोजगार उपलब्ध न होने से ग्रामीण श्रमिकों और किसानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कम से कम पांच राज्यों ने ग्रामीण श्रमिकों की मजदूरी बढ़ाने की मांग की है ताकि बढ़ती महंगाई और जीवन-यापन की लागत के अनुरूप उन्हें पर्याप्त आय मिल सके।
उन्होंने कहा कि 01 जुलाई से मनरेगा के स्थान पर लागू की जा रही वीबी-जी राम जी योजना को लेकर राज्यों के बीच असंतोष बढ़ रहा है। मनरेगा ग्रामीण परिवारों को रोजगार की गारंटी प्रदान करती थी, जबकि नयी योजना से राज्यों पर वित्तीय दबाव बढ़ने और निर्णय प्रक्रिया के अधिक केंद्रीकृत होने की आशंका है।
जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार ने प्रतिशोध और राजनीतिक कारणों से प्रेरित होकर मनरेगा को समाप्त किया है। ग्रामीण रोजगार और आजीविका सुरक्षा से जुड़े किसी भी बड़े बदलाव से पहले व्यापक चर्चा, संसदीय समीक्षा और राज्यों के साथ सहमति बनाना आवश्यक था।

**पीएम मोदी को सेशेल्स का 'गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन' सम्मान...**
(पर्यावरण के लिए जीवन शैली), 'एक पेड़ माँ के नाम', इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस आदि शामिल हैं। यह सम्मान टिकाऊ विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री को मिले ऐसे सम्मानों की कड़ी में सबसे नया है। इससे पहले उन्हें एफएओ का एग्रीकोला मेडल, सियोल शांति पुरस्कार और यूएन का 'चैंपियन ऑफ द अर्थ' पुरस्कार मिल चुका है।
मंत्रालय का कहना है कि यह सम्मान इस बात को रेखांकित करता है कि सेशेल्स, क्षमता निर्माण, पर्यावरण संबंधी कार्रवाई, टिकाऊ विकास की पहलों और हिन्द महासागर क्षेत्र में साझा प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने में भारत की बढ़ती भूमिका को एक भरोसेमंद साझेदार के तौर पर कितना महत्त्व देता है।
उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी को अब तक 34 देश अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित कर चुके हैं।

**भारत-सेशेल्स सम्पर्क बढ़ाने पर होगा काम, यूपीआई लागू करायेगा...**
लम्बे समय से चली आ रही साझेदारी को फिर से दोहराया और विकास साझेदारी, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे, आर्थिक सहयोग, समुद्री सुरक्षा और लोगों के बीच आपसी सम्बन्धों के क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने इस साल की शुरूआत में राष्ट्रपति हर्मिनी की भारत यात्रा के दौरान तय हुई बातों को लागू करने में हुई प्रगति का स्वागत किया, जिसमें 17.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज के तहत चल रही परियोजनाएं भी शामिल हैं।
दोनों नेता स्वास्थ्य सेवा, कृषि, डिजिटल भुगतान, समुद्री सहयोग, विकास साझेदारी, अंतरिक्ष सहयोग, कानूनी सहयोग और क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने के लिए कई समझौता ज्ञापनों और समझौतों के आदान-प्रदान के साक्षी बने।
दोनों पक्षों ने भारत और सेशेल्स के बीच राजनयिक संबंधों के 50 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में एक यादगार लोगो भी लॉन्च किया। दोनों नेता सेशेल्स में प्रोफेशनल और टेक्निकल एजुकेशन सेंटर की आधारशिला रखे जाने के कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से शामिल हुए।
प्रधानमंत्री मोदी ने वार्ता के बाद साझा प्रेस वक्तव्य में कहा, 'सेशेल्स की यात्रा का संदेश स्पष्ट है। भारत ऐसे हिन्द महासागर की कल्पना करता है, जहां समुद्री सुरक्षा के साथ आर्थिक समृद्धि भी बढ़े, जहां हमारी साझेदारी आकार नहीं, आपसी सम्मान और विश्वास पर आधारित हो, जहां हम हर देश के पास-पास नहीं, साथ-साथ चलें।'
प्रधानमंत्री ने बताया कि आज जन औषधि पर किये गये करार से सेशेल्स के लोगों को गुणवत्तापूर्ण एवं किफायती दवाएं और उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। इसके अलावा यूपीआई को सेशेल्स में लागू करने के लिए समझौता किया जा रहा है। वहीं, भारत और सेशेल्स के बीच सम्पर्क बढ़ाने पर भी काम किया जायेगा। अपने वक्तव्य में प्रधानमंत्री ने गार्डियन ऑफ द ब्लू होराइजन से सम्मानित किये जाने पर सेशेल्स के राष्ट्रपति का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सम्मानित किया जाना उनके लिए और 140 करोड़ भारतवासियों के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है। वे इस सम्मान को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हुए उन सभी देशों को समर्पित करते हैं, जो जलवायु परिवर्तन की चुनौती से लड़ रहे हैं और पर्यावरण संरक्षण को भावी पीढ़ियों के प्रति अपना दायित्व मानते हैं।

## एक झलक

### '30 दिनों में खुलेगा होर्मुज', ईरान ने बाहरी दखल से बचने की दी चेतावनी

**तेहरान** : ईरान ने दावा किया है कि रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य अगले 30 दिनों के भीतर फिर से सामान्य रूप से खोल दिया जाएगा। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि यह ईरान और अमेरिका के बीच हुए समझौते का हिस्सा है। बगदाद में इराक के विदेश मंत्री फुआद हुसैन के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में अराघची ने कहा कि ईरान जलमार्ग में मौजूद सभी बाधाओं को हटाने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि होर्मुज के प्रबंधन की जिम्मेदारी पूरी तरह ईरान की होगी। ईरानी विदेश मंत्री ने किसी भी बाहरी देश या संस्था के हस्तक्षेप के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसी कोशिशें क्षेत्रीय तनाव बढ़ा सकती हैं और जलमार्ग को खोलने की प्रक्रिया में देरी कर सकती हैं।

### वेनेजुएला में फिर 5.6 तीव्रता का भूकंप

**अब तक 1430 लोगों की मौत**

**कराकस** : दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में रविवार को फिर 5.6 तीव्रता का भूकंप आया। यूरो-मेडिटेरेनियन सीस्मोलॉजिकल सेंटर के मुताबिक भूकंप का केंद्र अरागुआ तट के पास समुद्र में 30 किलोमीटर की गहराई में था। यह भूकंप 24 जून को आए 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो शक्तिशाली भूकंपों के बाद शनिवार को 4.9 तीव्रता का भूकंप आया था। वेनेजुएला में अब तक 1430 लोगों की मौत हो चुकी है। 3300 से ज्यादा लोग घायल हैं। अधिकारियों के मुताबिक भूकंप के 72 घंटे बाद करीब 68,900 लोग अब भी लापता हैं और मलबे में फंसे लोगों की तलाश की जा रही है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि भूकंप के बाद शुरू के 48 से 72 घंटे ही सबसे जरूरी होते हैं। इस समय लोगों को बचाने की उम्मीद ज्यादा रहती है। कई इलाकों में राहत टीमों की कमी के कारण लोग परिजन को ढूंढने के लिए खुद मलबा हटा रहे हैं। कई परिवार अपने परिजन की तलाश कर रहे हैं।

### द. कोरिया की हवाई सीमा में चीन-रूस के 10 सैन्य विमान घुसे

**सियोल** : आइडेंटिफिकेशन जोन में दाखिल हुए विमान दक्षिण कोरिया की वास्तविक संप्रभु हवाई सीमा में नहीं घुसे, लेकिन किसी भी संभावित खतरे को देखते हुए सोल ने तुरंत अपने लड़ाकू विमान तैनात कर दिए। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के मुताबिक चीनी और रूसी सैन्य विमान क्रमवार तरीके से देश के पूर्वी और दक्षिणी समुद्री क्षेत्रों के ऊपर स्थित एयर डिफेंस जोन में दाखिल हुए और कुछ समय बाद वहां से निकल गए।
सेना के मुताबिक इस अभियान में दोनों देशों के बमवर्षक और लड़ाकू विमान शामिल थे। दक्षिण कोरियाई सेना ने विमानों की गतिविधि पहले ही भांप ली थी और किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने के लिए वायुसेना के फाइटर जेट्स को अलर्ट भेजा। हालांकि अधिकारियों ने साफ किया कि किसी भी विमान ने दक्षिण कोरिया के वास्तविक हवाई क्षेत्र का उल्लंघन नहीं किया है। कोरिया एयर डिफेंस आइडेंटिफिकेशन जोन कोई संप्रभु हवाई क्षेत्र नहीं है।

### सऊदी अरब में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, 14 की मौत

**रियाद** : सऊदी अरब की प्रमुख तेल कंपनी अरामको का एक हेलीकॉप्टर रविवार सुबह रास तनुरा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में हेलिकॉप्टर में सवार सभी 14 लोगों की मौत हो गई। तुर्किए की सरकारी संवाद समिति अनाडोलू एजेंसी ने सऊदी अरब की सरकारी समाचार एजेंसी एसपीए और ऊर्जा मंत्रालय के एक अधिकारी के हवाले से बताया कि मृतकों में सभी सऊदी नागरिक थे। दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह करीब छह बजे हुई। हादसे के कारणों का अभी तक पता नहीं चला है। ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, दुर्घटना की वजह का पता लगाने के लिए संबंधित अधिकारियों ने विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

# राम मंदिर को लेकर अनर्गल आरोप माहौल खराब करने का प्रयास : विहिप

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : विश्व हिन्दू परिषद का कहना है कि राम मंदिर को लेकर लगाए जा रहे अनर्गल आरोप माहौल खराब करने की साजिश है। अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर को लेकर जारी राजनीतिक बयानबाजी के बीच विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला है।
कांग्रेस के संवाददाता सम्मेलन में लगाए गए 'हजारों करोड़ की चोरी' के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए उन्होंने इसे समाज में विद्वेष फैलाने की साजिश बताया। इसके साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के 'सियाराम धाम' बनाने वाले चुनावी वादे को भी आड़े हाथों लिया।
आलोक कुमार ने कांग्रेस द्वारा राम मंदिर से कीमती सामान और हजारों करोड़ गायब होने के आरोपों पर कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने कहा कि 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र' के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि मंदिर का सारा सोना, चांदी और अन्य कीमती सामान पूरी तरह सुरक्षित है।
विहिप अध्यक्ष ने सवाल उठाया कि जब सब कुछ सुरक्षित है, तो 'हजारों करोड़ गायब होने' का यह आंकड़ा कहां से आ गया? यह पूरी तरह से हवा-हवाई और समाज में असंतोष पैदा करने की कोशिश है।
आलोक कुमार ने इसे सिर्फ एक राजनीतिक बयान न मानकर एक गंभीर



दंडनीय अपराध बताया। उन्होंने जांच एजेंसियों और पुलिस से सख्त कदम उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज में अविश्वास, नाराजगी और आस्था को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से की जा रही इस 'रूमर मोंगरिंग' (अफवाहबाजी) के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 353 के तहत मुकदमा दर्ज होना चाहिए।
पुलिस को ऐसे गैर-जिम्मेदाराना बयान देने वालों को समन भेजकर पूछताछ करनी चाहिए। उनसे पूछा जाए कि 'हजारों करोड़ की चोरी' के दावे का आधार क्या है और वे इससे जुड़े दस्तावेज व जानकारियां उपलब्ध कराएं। यदि वे सबूत नहीं दे पाते और निश्चित रूप से उनके पास कोई सामग्री नहीं है तो उन्हें कानूनन दंडित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जितने आरोपों में कोई तथ्य है या हो सकता है, उनसे हमें कोई शिकायत नहीं है। लेकिन जो अतिवादी लोग इस बहती गंगा में हाथ धोने के लिए राजनीतिक विद्वेष के कारण ऊल-जलूल बोल रहे हैं, उन्हें अपने किए का दंड भुगतना ही चाहिए।
उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के उस बयान पर भी आलोक कुमार ने जमकर निशाना साधा, जिसमें उन्होंने कहा था कि सरकार आने पर वे अयोध्या को 'सियाराम धाम' बना देंगे। उन्होंने अखिलेश यादव के पिछले कार्यकाल की याद दिलाते हुए कहा कि चुनाव के समय नेता अक्सर ऐसे वादे करते हैं जैसे आसमान के तारे तोड़ लाएंगे या धरती पर स्वर्ग उतार देंगे। 'सियाराम धाम' का नारा भी बिल्कुल वैसा ही है।
आलोक कुमार ने कहा कि अखिलेश यादव पूरे 5 साल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। उस दौरान वे न तो खुद कभी अयोध्या दर्शन करने गए और न ही वहां के विकास के लिए कुछ किया। उनके समय में अयोध्या धूल, टूटी सड़कों और बदहाली से जूझता हुआ एक भूला-बिसरा गांव जैसा था। जनता इनका पिछला रिकॉर्ड नहीं भूलेगी। जब इनके पिता मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री थे, तब इसी अयोध्या में कारसेवकों पर गोलियां चलवाई गई थीं और वे मारे गए थे।
उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनावों में केवल राम जी के नाम पर वैतरणी पार करने के लिए ऐसे मनमोहक नारे देना अब काम नहीं आएगा। जनता पूरी असलियत जानती है और राम जन्मभूमि को बदनाम करने की इन चेष्टाओं का जवाब वह सही समय पर देगी।

# भारत-सेशेल्स सम्बन्ध 256 वर्ष पुराने : मोदी

एजेंसी

**विक्टोरिया** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को सेशेल्स की नेशनल असेंबली को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और सेशेल्स के संबंध केवल 50 वर्षों के नहीं बल्कि इनकी जड़ें अगस्त 1770 तक जाती हैं, जब ह्यथेलेमाकह्न नामक जहाज से पांच भारतीय पहली बार यहां पहुंचे थे। दुनिया भले ही सेशेल्स को हिंद महासागर स्थित छोटे-छोटे द्वीपों के समूह के रूप में देखती हो लेकिन भारत की नजर में सेशेल्स एक विशाल महासागरीय राष्ट्र है, जिसकी भूमिका हिंद महासागर क्षेत्र की सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि में अत्यंत महत्वपूर्ण है।
तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर सेशेल्स पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी सेशेल्स की नेशनल असेंबली को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह उनके लिए विशेष सम्मान का क्षण है। उन्होंने स्पीकर सिल्वेन लिबेआन, सरकारी कामकाज के नेता बर्नार्ड जॉर्जेस, विपक्ष के नेता, सांसदों और सेशेल्स की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि वह भारत के 1.4 अरब लोगों की शुभकामनाएं लेकर आए हैं। साल 2015 में प्रधानमंत्री बनने के बाद हिंद महासागर क्षेत्र में उनकी पहली यात्रा सेशेल्स की ही थी और एक दशक बाद यहां लौटने पर उनका यह विश्वास और मजबूत हुआ है कि हिन्द महासागर के लिए भारत के दृष्टिकोण में सेशेल्स की विशेष और केंद्रीय भूमिका है।



## भारत-सेशेल्स सम्बन्धों की गहराई का महत्वपूर्ण प्रतीक है यह वर्ष

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि समुद्री सुरक्षा, क्षमता निर्माण, हाइड्रोग्राफी और समुद्री क्षेत्र की निगरानी के क्षेत्र में भारत और सेशेल्स के बीच सहयोग लगातार मजबूत हुआ है। दोनों देशों का सहयोग सुरक्षित और स्थिर हिंद महासागर क्षेत्र के प्रति साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। एक समुद्री राष्ट्र की सुरक्षा दूसरे की सुरक्षा से जुड़ी है, एक की समृद्धि दूसरे की समृद्धि को मजबूत करती है और क्षेत्रीय स्थिरता सभी के हित में है। उन्होंने कहा कि यह वर्ष भारत-सेशेल्स संबंधों की गहराई का महत्वपूर्ण प्रतीक है। 50 वर्ष पहले जब सेशेल्स स्वतंत्र हुआ था, तब भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस नीलगिरि मित्रता और एकजुटता के प्रतीक के रूप में पोर्ट विक्टोरिया में मौजूद था। आज स्वतंत्रता की स्वर्ण जयंती के अवसर पर भारतीय नौसेना के आईएनएस इक्षक और आईएनएस तरकश पोर्ट विक्टोरिया में मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि पिछले पांच दशकों में बहुत कुछ बदला है, लेकिन दोनों देशों के बीच विश्वास और सहयोग की भावना नहीं बदली है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह सेशेल्स की स्वतंत्रता की स्वर्ण जयंती के अवसर पर यहां उपस्थित होकर प्रसन्न हैं। भारत और सेशेल्स का रिश्ता केवल कूटनीतिक संबंधों तक सीमित नहीं है बल्कि यह साझा इतिहास, विश्वास, समुद्री सहयोग और जन-जन के संबंधों पर आधारित है। भारत और सेशेल्स का भविष्य परस्पर जुड़ा हुआ है और दोनों देश हिंद महासागर क्षेत्र को सुरक्षित, स्थिर और समृद्ध बनाने के लिए साथ मिलकर काम करते रहेंगे।
प्रधानमंत्री ने भारत के 'म्यूचुअल एंड होलिस्टिक एडवांसमेंट फॉर सिक्योरिटी एंड ग्रोथ अक्रॉस रीजन' (महासागर) विजन जिक्र करते हुए कहा कि यह दृष्टिकोण इस विश्वास पर आधारित है कि क्षेत्रीय देशों की सुरक्षा और विकास एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। भारत और सेशेल्स हिंद महासागर क्षेत्र में शांति, स्थिरता और साझा समृद्धि के लिए मिलकर कार्य कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।
उन्होंने कहा कि लोग मानचित्र पर सेशेल्स को एक छोटे द्वीपीय देश के रूप में देखते हैं लेकिन वास्तविकता इससे कहीं बड़ी है। सेशेल्स का समुद्री क्षेत्र लगभग 14 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसलिए इसे छोटा द्वीपीय देश नहीं बल्कि एक बड़ा महासागरीय राष्ट्र कहा जाना चाहिए। ब्लू इकोनॉमी वैश्विक विमर्श का विषय बनने से बहुत पहले सेशेल्स समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण और ब्लू बॉन्ड जैसे नवाचारों के माध्यम से दुनिया का नेतृत्व कर रहा है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत सेशेल्स रक्षा बलों की पेशेवर क्षमता और समर्पण का सम्मान करता है। दशकों से दोनों देशों की सेनाएं, तटरक्षक बल और समुद्री एजेंसियां साथ प्रशिक्षण लेती रही हैं और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए मिलकर कार्य करती रही हैं।

# चिकित्सा उपकरणों के लाइसेंस की समयसीमा घटाने की तैयारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केंद्र सरकार ने चिकित्सा उपकरणों के विनिर्माण लाइसेंस की प्रक्रिया को तेज और सरल बनाने के लिए मेडिकल डिवाइसेज नियम, 2017 में संशोधन का मसौदा जारी किया है। प्रस्तावित बदलावों के तहत क्लास-बी चिकित्सा उपकरणों के लिए लाइसेंस जारी करने की समयसीमा 140 दिन से घटाकर 115 दिन तथा क्लास-सी और क्लास-डी उपकरणों के लिए 105 दिन से घटाकर 90 दिन करने का प्रस्ताव रखा गया है।
केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, प्रस्तावित संशोधनों का उद्देश्य कारोबार सुगमता को बढ़ावा देना, नियामकीय प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना तथा देश में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा उपकरणों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करना है। साथ ही गुणवत्ता, सुरक्षा और प्रदर्शन से जुड़े मौजूदा मानकों को यथावत बनाए रखा जाएगा।

■ क्लास-बी के लिए 140 से 115 दिन और क्लास-सी,डी के लिए 105 से 90 दिन का प्रस्ताव

वर्तमान नियमों के तहत चिकित्सा उपकरणों को जोखिम के आधार पर क्लास ए, क्लास बी, क्लास सी और क्लास डी श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। इनमें क्लास डी को सर्वाधिक जोखिम वाली श्रेणी माना जाता है। प्रत्येक श्रेणी के लिए विनिर्माण लाइसेंस आवेदन के निस्तारण की अलग-अलग समयसीमा निर्धारित है।
प्रस्तावित संशोधनों के तहत क्लास बी श्रेणी के चिकित्सा उपकरणों के लिए लाइसेंस जारी करने की समयसीमा 140 दिन से घटाकर 115 दिन करने का प्रस्ताव है। इस श्रेणी में ब्लड प्रेशर मॉनिटर, हाइपोडर्मिक नीडल और पल्स ऑक्सीमीटर जैसे कम से मध्यम जोखिम वाले उपकरण शामिल हैं। इसी प्रकार क्लास सी और क्लास डी श्रेणी के चिकित्सा उपकरणों के लिए लाइसेंस जारी करने की समयसीमा 105 दिन से घटाकर 90 दिन करने का प्रस्ताव रखा गया है। इन श्रेणियों में कार्डियक स्टेंट, हिप एवं घुटना प्रत्यारोपण तथा अन्य ऑर्थोपेडिक इम्प्लांट जैसे उच्च जोखिम वाले चिकित्सा उपकरण आते हैं।

### कैलाश मानसरोवर यात्रा पर संकट

**मुंबई** : कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गए महाराष्ट्र के करीब 200 श्रद्धालु इन दिनों नेपाल की राजधानी काठमांडू में फंसे हुए हैं। यात्रियों ने यात्रा के लिए जरूरी सभी दस्तावेज, परमिट और औपचारिकताएं समय पर पूरी कर ली थीं, लेकिन चीन की ओर से वीजा जारी नहीं होने के कारण वे आगे की यात्रा नहीं कर पा रहे हैं। इस स्थिति से श्रद्धालुओं और उनके परिजनों में चिंता का माहौल है तथा सरकार से जल्द समाधान की मांग की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुंबई, पुणे समेत महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों से श्रद्धालु कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए नेपाल पहुंचे थे।

## विकसित भारत-2047 के निर्माण में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : सिंधिया



**गुना** : केन्द्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्व क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि सपने केवल देखने के लिए नहीं होते, बल्कि उन्हें साकार भी किया जा सकता है। विकसित भारत-2047 के निर्माण में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। यदि किसी कार्य की जिम्मेदारी महिलाओं को दी जाए तो वे उसे और अधिक बेहतर ढंग से निभाती हैं। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया रविवार को मध्य प्रदेश के गुना जिले में जिज्जी की पंचायत रेस्टोरेंट में आयोजित लखपति दीदी सम्मान समारोह सह उन्मीकरण कार्यक्रम में ?संघर्ष से समृद्धि तक : लखपति दीदी की प्रेरक उड़ान? को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न लखपति दीदियों से संवाद कर उनके संघर्ष, सफलता, आजीविका गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

# श्री अकाल तख्त के आदेश का अक्षरशः पालन करेंगे : भगवंत मान

## आज सभी मंत्री-विधायक होंगे पेश

एजेंसी

**चंडीगढ़** : पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने रविवार को कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब सिख कौम की सर्वोच्च धार्मिक संस्था है और उसके प्रत्येक आदेश का पूरी श्रद्धा व निष्ठा के साथ पालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा तलब किए गए पंजाब विधानसभा के स्पीकर सहित सभी मंत्री और विधायक सोमवार को वहां उपस्थित होकर राज्य सरकार का पक्ष रखेंगे।श्री अमृतसर साहिब में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के साथ मीडिया से बातचीत में



■ मेरा मास्क पहनकर नकल करने वाले की फर्जी वीडियो भी पत्र के साथ अकाल तख्त साहिब को सौंपी जायेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार उनकी नकल करने वाले व्यक्ति की फर्जी वीडियो से संबंधित समस्त विवरण भी श्री अकाल तख्त साहिब को सौंपेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल इस मुद्दे को धार्मिक रंग देकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रहे हैं।

### एयरपोर्ट पर 10 करोड़ से ज्यादा की ड्रग्स बरामद

**अहमदाबाद** : गुजरात के अहमदाबाद स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कस्टम्स विभाग ने ड्रग्स तस्करों के खिलाफ डिजिटल और मैनुअल निगरानी के जरिए बड़ी सफलता हासिल की है। बैंकॉक से अहमदाबाद पहुंची फ्लाइट के यात्रियों की नियमित जांच के दौरान कस्टम्स के स्निफर डॉग ने एक ट्रॉली बैग के पास जाकर संदिग्ध संकेत दिया। इसके बाद अधिकारियों ने बैगेज टैग के आधार पर संबंधित यात्री को रोककर उसके सामान की गहन तलाशी ली। बैग खोलते ही कस्टम्स अधिकारियों के भी होश उड़ गए। ट्रॉली बैग के भीतर बेहद शातिर तरीके से छिपाकर रखे गए करोड़ों रुपये मूल्य के प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद हुए।

# अपनी फिल्म को मिले प्यार पर शरवरी ने जताया आभार

**मुंबई** : अभिनेत्री शरवरी वाघ ने हाल ही में अपनी नवीनतम फिल्म मैं वापस आऊंगा को दर्शकों से मिल रहे असाधारण प्यार और समर्थन के लिए अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने एक भावुक नोट में इस बात पर जोर दिया कि हर कलाकार का यह सपना होता है कि वह ऐसी कहानी का हिस्सा बने, जो केवल सिनेमाघरों तक सीमित न रहे बल्कि दर्शकों के दिल और दिमाग में लंबे समय तक अपनी छाप छोड़े। शरवरी का मानना है कि इस फिल्म ने उनके लिए इस सपने को साकार किया है। अभिनेत्री ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कई तस्वीरें और वीडियो क्लिप साझा किए, जिनमें फिल्म मैं वापस आऊंगा के प्रति दर्शकों की विभिन्न प्रतिक्रियाएं, भावुक समीक्षाएं, सिनेमाघरों के दृश्य और साथ ही फिल्म के लोकप्रिय गीत मसकारा की मेकिंग के दौरान के बिहाइंड-द-सीन्स (बीटीएस) पल शामिल थे। ये पोस्ट इस बात का प्रमाण थे कि फिल्म ने दर्शकों के साथ एक गहरा भावनात्मक जुड़ाव बना लिया है। अपने पोस्ट के कैप्शन में शरवरी ने लिखा, मुझे नहीं लगता कि इससे बड़ी कोई खुशी हो सकती है कि जिस चीज में आपने अपना दिल और आत्मा लगा दी हो, वह दूसरे लोगों के दिलों में भी जगह बना ले। संदेश, वीडियो, आंसू, बातचीत और प्यारङ्घ मैं यह सब देख और पढ़ रही हूं, और कई बार मेरी अपनी आंखों में भी आंसू आ जाते हैं। उनकी इन पंक्तियों से फिल्म के साथ उनके व्यक्तिगत जुड़ाव और दर्शकों की प्रतिक्रियाओं से मिल रही संतुष्टि का पता चलता है। उन्होंने आगे कहा, हर अभिनेता का सपना होता है कि वह ऐसी कहानी का हिस्सा बने, जो दर्शकों के थिएटर से बाहर निकलने के बाद भी लंबे समय तक उनके साथ बनी रहे। जिस तरह आप सभी ने 'मैं वापस आऊंगा' से जुड़ाव महसूस किया है, वह मेरे लिए बेहद विनम्र और भावुक करने वाला अनुभव रहा है।



# पत्नी संग सीएम हेमन्त पहुंचे जोन्हा फॉल, प्राकृतिक वादियों का लिया आनन्द

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को पत्नी कल्पना सोरेन और परिवार व करीबी मित्रों के साथ प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जोन्हा फॉल पहुंचें। उनके साथ सिल्ली की पूर्व विधायक सीमा महतो भी मौजूद थीं। करीब छह घंटे तक उन्होंने जोन्हा फॉल में समय बिताया और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी यात्रा की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि हरी-भरी वादियों के बीच कुछ सुकून भरे पल बिताने का अवसर मिला। इस दौरान उन्होंने स्थानीय फलों का स्वाद लिया और आसपास के लोगों



से आत्मीय बातचीत भी की। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि जोन्हा फॉल की निर्मल जलधारा, घने जंगलों की हरियाली और पहाड़ों का शांत सौंदर्य यह एहसास कराता है कि झारखंड प्रकृति का अनुपम उपहार है। उन्होंने कहा कि राज्य की यह प्राकृतिक धरोहर सभी की साझी विरासत है, जिसे संरक्षित और सुरक्षित रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।
हेमंत सोरेन ने लिखा कि झारखंड के किसी भी हिस्से में जाएं, प्रकृति अपने अलग-अलग रंगों में हर आगंतुक का स्वागत करती है। उन्होंने देशभर के पर्यटकों को झारखंड आने का आमंत्रण देते हुए कहा कि राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, संस्कृति और आतिथ्य का अनुभव हर सैलानी के लिए यादगार रहेगा।
जोन्हा फॉल के मनोरम दृश्य को निहारते हुए कल्पना सोरेन ने कहा कि यहां की प्राकृतिक सुंदरता उन्हें बार-बार अपनी ओर आकर्षित करती है। कहा कि यह स्थल पर्यटन की अपार संभावनाओं से भरपूर है, लेकिन समय के अनुरूप इसका अपेक्षित विकास नहीं हो सका है। जोन्हा फॉल को और बेहतर पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान कल्पना सोरेन ने झरने के मनमोहक दृश्य के बीच तस्वीरें और सेल्फी भी लीं तथा आसपास के प्राकृतिक वातावरण का आनंद उठाया।
उनके दौरे को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। सुरक्षा कारणों से कुछ समय के लिए जोन्हा फॉल जाने वाले दोनों मार्गों पर आम पर्यटकों की आवाजाही रोक दी गई। रविवार होने के कारण बड़ी संख्या में पर्यटक फॉल घूमने पहुंचे थे, लेकिन प्रवेश प्रतिबंधित होने से कई लोगों को लौटना पड़ा।